हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 05 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 46 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

हिमाचल-मानसून सीजन में 69 की मौत, 500 करोड़ का नुकसान... बैंक में जमा राशि का पूर्ण बीमा क्यों नहीं, बैंक उपभोक्ताओं... अंबानी 15 ब्रांड्स को मिलाकर नई कंपनी बनाएंगे...

## संक्षिप्त खबरें

### अब समय से पहले लोन चुकाने पर नहीं लगेगा चार्जः आरबीआई का नया नियम 1 जनवरी 2026 से लागू होगा

**नई दिल्लीः** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने लोन लेने वालों को राहत दी है। दरअसल, आरबीआई ने फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट वाले लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज खत्म करने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक का यह नया नियम 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। अगर कोई व्यक्ति समय से पहले अपने लोन को थोड़ा या पूरा चुकाता है, तो बैंक ये चार्ज वसूलता था। नया नियम सभी बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों समेत रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशंस के लिए अनिवार्य रहेगा। इससे करोड़ों लोन लेने वाले लोगों, खासकर होम लोन और एमएसई लोन लेने वालों को सीधा फायदा मिलेगा।



#### आरबीआई के फैसले से किसे फायदा मिलेगा?

इस फैसले से उन व्यक्तियों को फायदा मिलेगा , जिन्होंने नॉन कॉमर्शियल काम के लिए फ्लोटिंग रेट पर लोन लिया है। भले ही किसी व्यक्ति ने अकेले लोन लिया हो या को-ऑब्लिगेंट के साथ लोन लिया हो। ऐसे सभी लोन पर कोई भी बैंक या एनबीएफसी प्री-पेमेंट चार्ज नहीं वसूल सकेगा। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति ने बिजनेस के लिए लोन लिया है या किसी माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज ने लोन लिया है, तब भी कॉमर्शियल बैंक प्री-पेमेंट चार्ज नहीं लगाएंगे। हालांकि, यह छूट कुछ खास कैटेगरी के इंस्टीट्यूशंस पर लागू नहीं होगी। आरबीआई ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई कि कई रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशंस प्री-पेमेंट चार्ज को लेकर अलग-अलग पॉलिसी अपना रही थीं। इससे ग्राहकों में भ्रम और विवाद की स्थिति बन रही थी। इसके अलावा कुछ इंस्टीट्यूशंस लोन एग्रीमेंट में ऐसे रिस्ट्रिक्टिव क्लॉज शामिल कर रहे थे।

### ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर आएंगेः 5 जुलाई को यूके से टीम भारत पहुंच सकती है

**तिरुअनंतपुरमः** ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम 5 जुलाई को भारत पहुंच सकती है। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। एचएमएस के एक्सपर्ट ने बताया था कि जेट को ठीक करने में ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम की मदद लगेगी।



### एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले-उड़ने का डर, खुद को बांधकर सोता हूं:इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से छात्रों से बात की; कहा- रोज योग करता हूं

**लखनऊः** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश और केरल के छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष में जीवन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनके शुक्ला ने डिटेल में जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने जीरो ग्रैविटी में तैरते हुए गेंद से खेलकर दिखाया। छात्रों ने पूछा- अंतरिक्ष में कैसे सोते हैं? जवाब में शुक्ला ने बताया- अंतरिक्ष में फर्श या छत जैसी कोई चीज नहीं होती, इसलिए कोई दीवार पर सोता है तो कोई छत पर। सोते समय खुद को बांधना पड़ता है ताकि तैरते हुए कहीं और न चले जाएं। यूपी के 150 बच्चों और केरल के कोझिकोड जिले के छात्रों को बातचीत के लिए चुना गया था। उन्होंने कहा कि खुद को ठीक रखने के लिए मैं रोज योगा करता हूं।

## पलामू, गढ़वा और लातेहार में हो रही है जांच

# टॉप नक्सली कमांडर की संपत्ति की जांच करने बिहार जाएगी पुलिस !

**पलामूः** झारखंड पुलिस बिहार और अन्य राज्यों में जाकर टॉप नक्सल कमांडरों की संपत्ति की जांच करेगी. पलामू, गढ़वा और लातेहार पुलिस दो-दो नक्सल टॉप कमांडरों की संपत्ति की जांच कर रही है. टॉप कमांडरों में टीएसपीसी के नितेश यादव, संजय गोदराम, मनोहर गंझू, मृत्युंजय भुइयां, शशिकांत गंझू शामिल हैं, जिन पर 15 लाख रुपये का इनाम है. पुलिस टॉप कमांडरों के रिश्तेदारों और करीबियों की संपत्ति की भी जांच करेगी. रिश्तेदारों और करीबियों को नोटिस जारी कर उनकी संपत्ति का ब्योरा मांगा जाएगा. इस दौरान उनसे यह भी पूछा जाएगा कि उनकी आय का स्रोत क्या है. आय के स्रोत और संपत्ति में अंतर पाए जाने पर पुलिस न्यायिक तरीके से उनकी संपत्ति जब्त करेगी. पुलिस ने टॉप नक्सल कमांडरों से खुद अपनी संपत्ति का खुलासा करने को कहा है.

पलामू जोनल आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि नक्सल कमांडरों की संपत्ति की जांच की जा रही है. पलामू, गढ़वा और लातेहार में दो-दो नक्सल शीर्ष कमांडरों की संपत्ति की जांच की जा रही है. आईजी ने बताया कि पुलिस लगातार नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील कर रही है. नक्सलियों से सरकार की योजना नई दिशा का लाभ उठाने की अपील की गई है. पुलिस खुफिया सूचनाओं के आधार पर अभियान चला रही है, जिसमें कई सफलताएं भी मिली हैं.



### पलामू में पुलिस ने की है नक्सलियों की करोड़ों की संपत्ति जब्त

पलामू जोन में पुलिस ने पहले भी शीर्ष नक्सल कमांडरों की संपत्ति जब्त की है. करीब एक दर्जन शीर्ष कमांडरों की संपत्ति का आकलन किया गया. इस आकलन के दौरान पता चला कि आत्मसमर्पण करने वाले एक नक्सली के पास विदेश में पैसे और संपत्ति है. जबकि पलामू के हरिहरगंज मेदिनीनगर में माओवादी जोनल कमांडर अभिजीत यादव की करीब ढाई करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी. बाद में इस संपत्ति को ईडी ने अटैच कर लिया था. इसी तरह पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के चक इलाके में जनरल कमांडर कुंदन यादव की जमीन के दो बड़े प्लॉट भी जब्त किए गए. मनातू थाने के बगल में जोनल कमांडर कंचन तुरी की संपत्ति भी जब्त की गई. अभिजीत यादव और कुंदन यादव को बिहार के गया में गिरफ्तार किया गया, जबकि कंचन तुरी की मौत हो गई.

### झारखंड में पीएलएफआई के खिलाफ बड़ी सफलता, खूंटी से हथियार के साथ 3 अरेस्ट

**खूंटी** : पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को खूंटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों में जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन, कामडरा थाना क्षेत्र के रामतोलया महुआ टोली निवासी असीम तोपनो और अजीत तोपनो शामिल हैं. पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल और 13 पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया है. यह जानकारी एसपी मनीष टोप्पो ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर दी.

**किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे उग्रवादी**

एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में पीएलएफआई के उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे. पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद इसका सत्यापन कर पुलिस की एक छापेमारी टीम ने छापेमारी की. इसमें तीन उग्रवादियों को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया. उनके खिलाफ जरियागढ़ थाने में कांड दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार उग्रवादी गेंद्र बारला उर्फ लादेन का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ कर्रा थाना में 2020 में एक मामला दर्ज है. बकसपुर-जरियागढ़ क्षेत्र में पीएलएफआई के कुछ कैडर सक्रिय होने की सूचना मिली है. पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है. उग्रवादियों की गिरफ्तारी में तोरपा एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अषोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि कुलदीप रौशन बारी, मनीश कुमार और सशस्त्र बल शामिल थे.

### पहली सोमवारी को बाबाधाम जाने के लिए भक्त तैयार

#### 11 जुलाई से चलेंगी मेला स्पेशल ट्रेनें



**रांचीः** श्रावणी मेले के लिए रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया है. इस दौरान 11 जुलाई से नौ अगस्त तक मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, ताकि श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निबटा जा सके. रांची रेल डिवीजन ने भी देवघर जाने वालों को दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा देने के लिए प्रस्ताव भेजा है. श्रावणी मेले में भीड़ को लेकर मेल/ एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा. इसमें ट्रेन संख्या 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11 जुलाई से 09 अगस्त तक 22 ट्रिप चलने वाली है. यह ट्रेन हर शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शाम 17:00 बजे आसनसोल से रवाना होगी. जबकि ट्रेन नंबर 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12 जुलाई से 10 अगस्त तक 22 ट्रिप चलेगी. यह प्रत्येक शनिवार, रविवार, मंगल, बुध और गुरुवार को 02:50 बजे पटना से रवाना होगी.

#### रांची से देवघर के लिए दो स्पेशल ट्रेनें

सावन में देवघर जाने वालों को दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा मिलेगी. इसके लिए रांची रेल डिवीजन ने प्रस्ताव बनाया है, जिसे दक्षिण-पूर्व रेल मुख्यालय गार्डेनरीच भेजा गया है. वहां से स्वीकृति और समय सारिणी मिलने के बाद घोषणा की जायेगी. रेलवे के अधिकारी ने बताया कि एक स्पेशल ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, तिलैया, किउल, सुल्तानगंज होते हुए जायेगी. वहीं, दूसरी ट्रेन रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, कतरासगढ़, चितरंजन, विद्यासागर, मधुपुर, जसीडीह होकर चलेगी.

## जीएसटी घोटाला मामले में ईडी ने 5.5 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में किंगपिन शिव कुमार देवड़ा की 5.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. जब्त की गयी सभी संपत्ति कोलकाता में है. ईडी ने जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान पाया कि देवड़ा ने गलत तरीके से लिये गये इनपुट टैक्स क्रेडिट की राशि की लॉन्ड्रिंग कर यह अचल संपत्ति खरीदी है. संपत्ति का बाजार मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है. जांच में 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग के अलावा जीएसटी सिंडिकेट को 70 करोड़ कमीशन देने की पुष्टि हुई है.

### फर्जी कंपनियां बना घोटाले को दिया अंजाम

उल्लेखनीय है कि ईडी ने जीएसटी घोटाला मामले में आठ मई को इससे जुड़े लोगों के कुल नौ ठिकानों पर छापा मारा था. इसमें जमशेदपुर के अमित अग्रवाल उर्फ भालोटिया, रांची में विवेक नरसरिया और कोलकाता में शिव कुमार देवड़ा व अमित गुप्ता शामिल हैं. छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज से इस बात की जानकारी मिली थी कि इस गिरोह ने 14.32 करोड़ रुपये के सहारे इस घोटाले को अंजाम दिया था. जीएसटी घोटाले को अंजाम देने के लिए इन लोगों ने फर्जी कंपनियां बना रखी थी. इन कंपनियों के फर्जी लोगों ने खुद को निदेशक नियुक्त कर रखा था. जांच में पाया गया कि घोटाले का मास्टर माइंड शिवकुमार देवड़ा ने घोटाले की रकम से जमीन, मकान आदि खरीदी है. अचल संपत्तियों की खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि के बाद ईडी ने उसे जब्त कर लिया है.

## नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के सहारे शराब की बिक्री होगी

**रांचीः** 566 दुकानों से फिलहाल शराब की खुदरा बिक्री बंद है. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक इन दुकानों से शराब की बिक्री झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन के माध्यम से की जायेगी. हालांकि इसमें मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों को शामिल नहीं किया जायेगा. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब की बिक्री से संबंधित दिशा निर्देश अगले सप्ताह जारी कर दिया जायेगा.

राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति लागू करने के उद्देश्य से एक जुलाई से मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानों को वापस लेना शुरू किया. दुकानों के हस्तांतरण की इस प्रक्रिया को पांच जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

तीन जुलाई तक 566 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है. इसमें से एक जुलाई को 270, दो जुलाई को 171 और तीन जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गयी. चार जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू की गयी है. जिन दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है, उन दुकानों से शराब की खुदरा बिक्री जारी है.

हस्तांतरित हो चुके दुकानों से फिलहाल शराब की बिक्री बंद है. नयी उत्पाद नीति लागू करने की प्रक्रिया पूरा करने में दो महीना समय लगने की संभावना है. इसलिए इस अवधि तक शराब की खुदरा बिक्री कॉरपोरेशन के माध्यम से ही करने की योजना बनायी जा रही है. अगले सप्ताह तक इससे संबंधित दिशा निर्देश जारी कर दिया जायेगा.

### बड़कागांव में ईडी का छापा

## पूर्व विधायक अंबा से जुड़े लोगों के ठिकानों से 15 लाख और कई दस्तावेज हुए बरामद

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कुल 15 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। छापेमारी के दौरान अंबा के भाई अंकित राज और पिता योगेंद्र साव के बालू के अवैध कारोबार में लिप्त होने से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। वहीं सीए बादल गोयल के ठिकानों से 15 लाख रुपये और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये जाने की सूचना है। इसके आधार पर ईडी अधिकारियों का एक दल सीए बादल गोयल से पूछताछ कर रहा है। ईडी ने छापेमारी के दौरान अंबा के परिवार के करीबी रहे मंटू सोनी के हजारीबाग स्थित घर पर भी छापा मारा।



अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, उनके निजी सहायक (पीए) और चार्टर्ड आकाउंटेट(सीए) सहित छह लोगों के कुल आठ ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दायरे में पेट्रोल पंप के मालिक और बालू के व्यापारियों को भी शामिल किया गया। पूर्व विधायक और उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की यह दूसरी घटना है। ईडी ने शुक्रवार की सुबह अंबा प्रसाद से जुड़े लोगों के रांची और हजारीबाग के कुल आठ ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने आंबा प्रसाद और उसके सीए बादल गोयल, पीए संजीत कुमार और पेट्रोल पंप के मालिक प्रेम सिंह के ठिकानों पर छापा मारा। इसके अलावा बालू कारोबारी मनोज दांगी और पंचम कुमार के ठिकानों पर छापा मारा। इससे पूर्व ईडी ने अंबा प्रसाद व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर पहली बार 18 मार्च 2024 को छापा मारा था।छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज और पूछताछ के बाद मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर ईडी ने दूसरी बार छापेमारी की है।

ईडी ने आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट ( इसीआइआर) में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ विभिन्न थानों दर्ज 12 से अधिक प्राथमिकी को शामिल किया है। थाने में दर्ज प्राथमिकी में रंगदारी,जमीन कब्जा, एनटीपीसी के काम को बाधित करने अलावा टाईगर ग्रुप नामक प्रतिबंधित संगठन बनाने का आरोप है।

### नप गए जिला भू-अर्जन पदाधिराकी सहित दो सीओ, चलेगी विभागीय कार्यवाही

रांची : राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गाज गिर गई है. राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला किया है. जिन अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलेगी उनमें सतीश चंद्र (तत्कालीन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग), विवेक कुमार मेहता (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बरही हजारीबाग) और संजय कुमार सिंह (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बरही हजारीबाग) शामिल हैं. इस अफसरों के खिलाफ अनियमितता और जमीन के हस्तांतरण में अनियमतता बरतने का आरोप है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

## डिप्टी आर्मी चीफ बोलेः ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़ेः चीन ने पाक को हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराए

**नई दिल्लीः** डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया, चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया।'

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने यह बात नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' इवेंट में बताई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए।





### लेफ्टिनेंट जनरल बोले- पिछले युद्धों की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे

लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की प्लानिंग और सिलेक्शन बहुत सारे डेटा पर बेस्ड था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गई, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गई। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया।

पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

### पहलगाम हमले का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

## अमरनाथ यात्रा- पहले दिन 12,348 श्रद्धालुओं ने दर्शन किएः 6400 यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

**पहलगामः** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई। पहले दिन शाम 7.15 बजे तक 12,348 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 9,181 पुरुष और 2,223 महिलाएं शामिल रहीं। 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी, 708 सुरक्षाबलों के जवान और 8 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच 5200 से ज्यादा तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था 3 जुलाई की शाम जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ, जो शुक्रवार दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। 6400 यात्रियों को लेकर तीसरा जत्था आज सुबह सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। वहीं, आज यूपी से आए यात्री की मौत हो गई। लखीमपुर खीरी के रहने वाले दिलीप श्रीवास्तव शेषनाग बेस कैंप में अचानक बेहोश हो गए थे। उन्हें तुरंत ही शषनाग बेस कैंप अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

**अमरनाथ यात्रा मार्ग पर क्या-क्या**

यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।

बालटाल से लेकर गुफा तक के मार्ग पर हर दो किलोमीटर पर मेडिकल कैंप लगाए हैं। बीच में कई जगहों पर गोदाम भी चालू कर दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद समेत पांच लोगों के घरों में ईडी का छापामारी



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिले के बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद समाधान आवास एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित साहू के सी ए बादल गोयल के हजारीबाग आवास, शिबाडीह निवासी मनोज दांगी, पंचम कुमार, एवं बड़कागांव में मंटू सोनी के आवास में ईडी का छापामारी अभियान सुबह 6:00 बजे से अब तक जारी है।सूत्रों के अनुसार के छापामारी का कारण बालू कारोबार कोयला की ट्रांसपोर्टिंग व जमीन संबंधित कागजात से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास के पास ईडी के कुछ अधिकारी सुबह 5:00 बजे सुबह से टहल रहे थे।अधिकारियों ने अंबा प्रसाद के आवास के 100 मी दूरी पीछे पीपल के पेड़ पास अपनी इनोवा कार खड़ी कर पैदल घूम फिर रहे थे।उसके बाद 20 से 22 की संख्या में ईडी के अधिकारी की टीम 6:00 बजे सुबह आई।मामला सुनकर पूर्व विधायक निर्मला देवी समाधान आवास 7:00 बजे पहुंची।लेकिन ईडी के अधिकारियों ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया।ग्रामीणों ने बताया कि छापामारी के दौरान ईडी के अधिकारी ग्रामीणों को छापामारी स्थल में रहने से मना कर दिया।बताया जाता कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद समाधान भवन बडकागांव में दो-तीन माह से नहीं आई है।अंबा प्रसाद पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी की पुत्री है।

### उपायुक्त का लगा जनता दरबार, एक दर्जन फरियादियों ने लगाया गुहार




हज़ारीबाग। हज़ारीबाग समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, अवैध भूमि कब्जा, भूमि विवाद, भमि अतिक्रमण, विद्यालय में बच्चों का नामांकन, गाली-गलौज, मारपीट जैसी शिकायतें शामिल रहीं।उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च, भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बड़कागांव थाना से शुरू होकर बड़कागांव मुख्य चौक, काली मंदिर होते हुए हरिजन मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, रेंज ऑफिस इत्यादि जगहों में निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों से आपसी भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नमेधारी रजक, एसआई आशीष भगत, एएसआई हादी खान, बादम के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास के अलावा दर्जनों सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गोरहर थाना पुलिस ने मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर निकला फ्लैग मार्च



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर थाना पुलिस ने मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शिलाडीह में फ्लैग मार्च निकाला।गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्वक मनाना है।पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है। पुलिस की असमाजिक तत्वों एवं शरारती तत्वों पर विशेष निगाह रखेगी।किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।मौके एसआई सिकन्दर तामसोए, एएसआई शिवदत्त त्रिपाठी, राजदेव प्रसाद, सुरेश राम समेत पुलिस के सभी जवान शामिल थे।

### आरसीआईटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) :विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र - छात्राओं को प्लास्टिक थैला का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। डिन फेकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ अविनाश कुमार की देखरेख में छात्र - छात्राओं के लिये मॉडल डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम कुमार सिंहा सहित कई विभागो के विभागाध्यक्ष व शिक्षक शिक्षिका सहित कई लोग मौजूद थे।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानः 65 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था रवाना, दिखा भक्ति और उत्साह का माहौल




हज़ारीबागः हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी "सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामु गांव से धूमधाम से रवाना हुआ। अचलजामु स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह खोखा सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मांडू विधानसभा क्षेत्र की मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, भाजपा नेता जुगनू सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल- तासे के साथ पुष्प-वर्षा कर यात्रियों को यात्रा के लिए शगुन करके रवाना किया। इससे पूर्व यहां पहुंचे सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग- वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल, पानी बोतल उपलब्ध कराया गया तथा सभी को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मान भी किया गया।दूसरे जत्थे में अचलजामु पंचायत के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल के दर्शन के लिए प्रस्थान किए हैं।ज्ञात हो कि इस महाअभियान का पहला जत्था हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावाँ और नवादा पंचायत के तीन गांवों से कुल 180 तीर्थयात्रियों को धार्मिक यात्रा पर ले गया था। यह पहल श्रद्धालुओं को पवित्र स्थलों के दर्शन का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है।विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के अचलजामु से यात्रा को विदाई देते हुए सांसद के सुपुत्र करण जायसवाल ने "जय श्री गणेश" कहकर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में तीर्थयात्रा का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है और सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रवासियों के हित में इसे संजोने का प्रयास किया है।लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि यह महाअभियान निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।अचलजामु से निकले तीर्थ यात्रियों ने बनासो के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल महामाया बागेश्वरी मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। बगोदर के हरिहर धाम यहां महादेव के संध्याकालीन आरती में सभी सम्मिलित हुए। इस दौरान बनासो, रमूआ, विष्णुगढ़ और बगोदर में स्थानीय लोगों ने तीर्थ यात्रियों का भाव अभिनंदन किया और सांसद मनीष जायसवाल के इस प्रयास को जमकर सराहना ।मौके पर विशेषरूप से विष्णुगढ़ भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, विष्णुगढ़ पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार वर्णवाल उर्फ़ दीपू, मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक, पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, भाजपा पूर्वी मंडल के महामंत्री गोविंद महतो, सुशील कुमार मंडल, प्रकाश साव, ओमप्रकाश महतो, सुदेश चौधरी, पप्पू मंडल, हीरालाल सोनी, जीवन सोनी, अजय सोनी, बैजनाथ प्रसाद, बाबूचंद, रमेश स्वर्णकार, तुलसी सिंह, लखन साव, सांसद सेवा कार्यालय के रूपम ओझा, प्रबीर मंडल, सुमित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## नब्बे एकड़ भू-दान का जमीन विभागीय लापरवाही की वहज से 70 वर्ष बाद भी नही हुआ सीमांकन, ग्रामीण अब न्यायलय का लेंगे सहारा



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम पंचायत अंतर्गत केवाल टोला में 81 दलित परिवारों का भू-दान किया हुआ जमीन विभागीय लापरवाही की वहज से 70 वर्ष बाद भी सीमांकन नही हुआ है। जिसे लेकर ग्रामीण आज इकट्ठा हुये। और अपनी-अपनी व्यथा सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि खाता संख्या - 67, प्लाट संख्या - 1213 वही खाता संख्या - 168 प्लॉट संख्या - 1220 में लोग जैसे - तैसे मनमानी रूप से जमीन पर कब्जा कर बैठे हैं। किसी के पास पांच एकड़ तो किसी के पास एक इंच जमीन भी नहीं है। वर्ष 1955-56 में नब्बे एकड़ जमीन भू-दान में केवाल टोला के 81 लोगो को मिला था। जिसमे 19 लोगों को एक एकड 40 डिसमील तथा 62 लोगों के बीच एक - एक एकड़ जमीन का बंटवारा होना था। लेकिन विभागीय लापरवाही की वजह से 70 वर्ष बाद भी उक्त जमीन का सीमांकन नहीं हो पाया है। ग्रामीण प्रमोद भुईयां,विश्वनाथ राम व शिकेन्द्र कुमार ने संयुक्त रुप से बताया की सीमांकन कराने को लेकर पलामू उपायुक्त व विश्रामपुर अंचलाधिकारी के पास कई बाद दौड़ लगाकर थक गया हूं। लेकिन अंचल कार्यालय द्वारा सर्टिफाइड नक्शा नहीं होने का हवाला देते हुये टाल दिया जाता है। जिससे न नापी हो रहा है और न ही सीमांकन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी मायूस है। ग्रामीणों ने बताया कि इसे लेकर अब न्यायलय का दरवाजा खटखटाएंगे। इकट्ठा हुये ग्रामीणों में अजय कुमार,गोपाल भुईयां,राजा कुमार,गोविंद भुईयां,राजेंद्र भुइयां,शंकर भुईयां,उदेश भुईयां सहित सैकड़ो ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## बरकट्ठा में अकीदतो एहतेराम के साथ मनाया जा रहा है मुहर्रम का पर्व, मुहर्रम सप्तमी का निकाला गया जुलूस





बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व अकीदतो एहतेराम के साथ मनाया जा रहा है। बरकट्ठा में गुरुवार तीन जुलाई कि रात मुहर्रम सप्तमी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बरकट्ठाडीह, कोनहराखुर्द मजार शरिफ, बरकट्ठा एवं बरवां गांव के लोग निशान, ताजिया एवं गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। बरकट्ठा चौक में ताज क्लब, गुलशन क्लब, आजाद क्लब समेत अन्य क्लबों के खिलाड़ियों ने अस्त्र शस्त्र के साथ अपने कला कौशल का जौहर दिखाया। मोहर्रम को लेकर बरकट्ठा में चारों ओर इस्लामिक झंडा,रंग बिरंगे लाइट और इमामबाड़े पर निशान खड़ा किया गया है।साथ ही ग्राम कोनहराखुर्द स्थित कर्बला की रंग रोगन साफ सफाई एवं लाइट की व्यवस्था की गई है। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सप्तमी को कर्बला पहुंच कर फातेहा कर मन्नतें मांगी।जुलूस में मौलवी मेराज खान, नसीम खान, जाहिद खां,सराज खान, गफ्फार खां, मो जसीम खां, मो आबिद, सन्नी खान, मो नाजा, अब्दुल शकूर अंसारी, खलील अंसारी, सुल्तान अंसारी, मिन्हाज अहमद, हाजी फहीम खां, जया अहमद, सहबाज़ खान, अयान अहमद, समीर अहमद, इकबाल अंसारी, अनवर अली, मो सत्तार रऊफ खां, इमरान खान,आजाद अंसारी, मो सद्दाम, गोलू खान समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के द्वारा अनुसूचित जाति को निःशुल्क फसल किट एंव धान का वितरण




बड़कागांव(हज़ारीबाग)।भारतीय कृष अनुसंधान संस्थान गौरियां करमा द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना की एससी के अंतर्गत खरीफ फसल वर्ष 2025 एससी जाति के लिए बड़कागांव प्रखंड के ग्राम पंचायत चोपदार बालिया में 175 किसानों के बीच धान, मक्का और सब्जी के उन्नत किस्म के बीज नि शुल्कवितरण किया गया। बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बालिय से जुड़े लगभग हर गांव से किसान एकत्रित हुए और उनको खेती के नए तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।जिसमे आईसीएआर गोरिया करमा से वैज्ञानिक डा आशा कुमारी, डा प्रभात कुमार गुरू, तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक ,के द्वारा प्रदान किया गया। और साथ ही एफपीसी के बीओडी यशोदा देवी भी वहा उपस्थित थी।उक्त सभी बीज महिला किसान बड़कागांव प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बड़कागांव के द्वारा वितरण किया गया।आईसीएआर के तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि जो भी बीज किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है ये सभी उन्नत किस्म के बीज हैं और उपज के बाद इसको अगले वर्ष के लिए भी बीज रख सकते हैं तैयार कर सकते हैं ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा उपज प्राप्त हो सके।वही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दिए गए। किसानों के बीच काफी काफी खुशी देखी गई।

## हाथी के हमले से व्यक्ति की हुई मौत , मुन्ना सिंह ने मुआवज़ा दिलाने में निभाई सक्रिय भूमिका



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग ज़िले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की असमय मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। शुक्रवार की सुबह जब रंजीत शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था तभी हाथी के अचानक हमले में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुँच कर मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखियां पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे।जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवज़ा राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवज़ा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को दी जाएगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक और पारिस्थितिकीय चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव को अब गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार से मैं आग्रह करता हूं कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित, मानवीय और संवेदनशील प्रतिक्रिया देनी होगी।

## मुहर्रम के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु निषेधाज्ञा जारी

हज़ारीबाग। उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा मुहर्रम-2025 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 4 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 की रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा।यह आदेश सदर, अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर मैट्रिक के टॉप छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत




संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर मैट्रिक के टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व प्राचार्य दीपक तिवारी,खुशबू पांडेय व आभा चौबे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल ने छात्रों को सही दिशा में निरंतर लगे रहने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सम्मान से और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगा। उन्होंने बच्चों को शिक्षा से जुड़ी कई टिप्स दिया। प्राचार्य दीपक तिवारी ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यालय के टॉप-टेन नीति पाल,इशिका तिवारी,मंटू गुप्ता,रवि पांडेय,अनीश विश्वकर्मा,वसीम अंसारी,रिशु साह,खुशी कुमारी,खुशनुमा प्रवीण व पलक नाज को स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व प्राचार्य दीपक तिवारी ने संयुक्त रूप से मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। मौके पर सुरेंद्र शर्मा,लतीफ अंसारी,आभा चौबे,वेद प्रकाश सिंह,खुशबू पांडेय, आकाश ठाकुर,राजेश चौबे,ओम प्रकाश भारती,प्रतिभा कुमारी,चंचल कुमारी,कविता सिंह,विनोद प्रसाद सिंह,सानू,श्रेया सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्र शामिल थे।

## जंगल मे एक युवक का पेड़ से लटकता हुआ मिला शव



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड के बेड़म पलमा गांव के मोटका पीरवा जंगल मे गुरुवार रात को नाला के पास पलमा के एक युवक नारायण कुमार महतो पिता दुलारचंद महतो उम्र (17 ) वर्ष का शव पेड़ से लटकता मिला। सुचना मिलते ही आंगो थाना पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मामले को लेकर मृतक की मां धनेश्वरी देवी ने आंगो थाना में हत्या को लेकर आवेदन दिया है।आवेदन के मुताबिक गुरुवार को मृतक की मां शाम 6 बजे नारायण का पता नहीं चलने पर फोन की पर फोन रिसिव नही किया गया।इसी बीच रात 9 बजे मृतक के ही मोबाइल से एक लड़की के द्वारा गांव के ही मृतक के दोस्त को फोन कर बताया गया कि नारायण जंगल में पेड़ पर लटका हुआ है जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे मृतक का पैर जमीन पर टीका हुआ पाया गया और गर्दन पर लेलेन बेल्ट से पेड़ पर लटका हुआ था. इसकी सुचना तुरंत आंगो थाना पुलिस को दी।सुचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शुक्रवार को दोपहर विष्णुगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी पलमा पहुंच कर मामले की जानकारी ली। डीएसपी ने बताया कि रात को पलमा जंगल में एक गांव के ही युवक शव पेड़ पर लटका मिला है. पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।थाना में हत्या को लेकर पांच लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया है।गांव में पूछताछ करने पर लोग स्पष्ट रूप से बोल नहीं पा रहे हैं।शुक्रवार को युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही मृतक के परिजनों में मातम छा गया है।

## पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के समर्थन में 25 लोगों ने दिया त्यागपत्र



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी से निष्कासित किए जाने पर हम लोग काफी मर्माहत हैं।जिसे लेकर सुनील साहू के समर्थन में लगभग दो दर्जन लोगों ने इस्तीफा दिया है । अभी तक त्यागपत्र देने वालों में मेरे अलावा हजारीबाग जिला से प्रदेश सचिव राम विलास साव,चतरा जिला से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही,प्रदेश महासचिव अशोक कुमार डोम एवं प्रदेश सचिव शम्भु प्रजापति , बोकारो जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष जोधन नायक , लातेहार जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष राजु रंजन प्रसाद , गिरिडीह जिला से प्रदेश महासचिव भागवत साह,पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पलामु जिला से प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद साहूधनबाद जिला से प्रदेश सचिव अशोक साव,गढ़वा जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता,चतरा जिलाध्यक्ष मुरारी साव,लातेहार जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू,गिरिडीह जिलाध्यक्ष शिव शंकर साहू , हजारीबाग जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार साहू,चाईबासा जिलाध्यक्ष शशिकांत ठाकुर , बोकारो जिलाध्यक्ष संतोष साव समेत अन्य जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नन्दलाल साव एवं तारीक साव व अन्य शामिल हैं ।

**कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग–सह–चतरा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर**

प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची के निदेशानुसार MSME इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 05.07.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पंचायत सचिवालय, सिजुआ, प्रखण्ड–प्रतापपुर, चतरा में निःशुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उद्यमियों का उद्यम निबंधन किया जाएगा।

अतः चतरा जिला के सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर के साथ भाग लेंगे।

महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र,
हजारीबाग–सह–चतरा।

PR 356504 Industries(25-26)D

# केंद्रीय मंत्री ने रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया

## विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महिलाओं की भूमिका अहम : अन्नपूर्णा देवी

**संवाददाता रांची :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 को झारखंड की राजधानी रांची में मंत्रालय द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया गया। पूर्वी क्षेत्र में प्रथम तथा देश का छठा, यह क्षेत्रीय केंद्र अपने नवाचार और नीतियों से क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा, ऐसी परिकल्पना है।




इस अवसर पर मंत्री महोदया के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, स्थानीय विधायक श्री नवीन जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सचिव श्री अनिल मालिक, और वरिष्ठ पदाधिकारी गण मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुरुआत हुआ। तदोपरांत सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र तथा स्मृति चिह्न से स्वागत सत्कार किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज यहां नया क्षेत्रीय केंद्र शुरू कर रहे हैं, यह केवल एक उद्घाटन का अवसर नहीं बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक विज़न को हकीकत में बदलने का दिन है। जब हम एक महिला की सुरक्षा और एक बच्चे की मुस्कान को विश्वास में बदलते हैं तब हम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

अपने संबोधन में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की।"भारत की बेटियां किसी से कम नहीं हैं," कहते हुए उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को समान अवसर देकर देश के विकास में उनका योगदान और सशक्त बनाया जाए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने सभा को संबोधित किया और संस्थान के शुभारंभ को सराहा और महिला तथा बाल विकास में इसे एक मील का पत्थर साबित होने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा जब परिवार की एक स्त्री पढ़ती है तो उसका पूरा परिवार आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम में संस्थान से ट्रेनिंग लिए प्रशिक्षु लड़कियों से बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के "नए लोगो" का शुभारंभ भी हुआ।

यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।



इससे पहले, इन राज्यों के पास इस तरह की समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थी। आमतौर पर गुवाहाटी और लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्रों पर निर्भर राज्यों को रसद सम्बंधी कठिनाइयां आती थीं। रांची केंद्र प्रमुख संसाधनों और बुनियादी ढांचे को क्षेत्र-स्तरीय श्रमिकों के करीब लाकर इन बाधाओं को दूर करेगा और इससे सभी तक सेवाओं को प्रभावी ढंग से वितरित करने की उनकी क्षमता बढ़ेगी।

इस क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मंत्री अन्नपूर्णा देवी के दूरदर्शी नेतृत्व में एक व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। इसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक सहयोग और बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का आधिकारिक नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला और बाल विकास संस्थान करना शामिल है। इस नाम का बदला जाना तेज मिशन-संचालित दृष्टिकोण और महिला और बाल-केंद्रित विकास के लिए मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह संस्थान नई दिल्ली में अपने मुख्यालय और बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में क्षेत्रीय केंद्रों के साथ, ऑनलाइन और व्यक्तिगत कार्यक्रमों के माध्यम से सालाना 1,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने में सबसे आगे रहा है। यह नया केंद्र इसे और गति प्रदान करेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## स्व. रामविलास पासवान जी की जयंती पर 5 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा एवं स्मृति कार्यक्रम का आयोजन



**संवाददाता रांची:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्व. रामविलास पासवान जी की जयंती के अवसर पर 5 जुलाई 2025 को रांची स्थित निजी पार्टी कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, डोरंडा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में संपन्न होगा। स्व. पासवान जी भारतीय राजनीति के ऐसे विलक्षण नेता थे जिन्होंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पैरोकार थे और उन्होंने दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा एवं वंचित वर्गों की आवाज़ को संसद से सड़क तक मजबूती से उठाया। उनके कार्यों ने देश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उनके विचारों, संघर्षों और नीतियों को स्मरण करते हुए संगठन की आगामी दिशा पर चर्चा की जाएगी।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन




**संवाददाता रांची:** डोरण्डा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा के दिशा निर्देश के आलोक में चलाए जा रहे महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन गोद लिए गांव खिजरी में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कंचन मुंडा की नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पूरे गांव के साथ ही साथ सरकारी मध्य विद्यालय,आंगनवाड़ी केंद्र एवं सामाजिक स्थल अखड़ा की विशेष तौर पर साफ सफाई की गई एवं बरसात को देखते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स प्रत्येक घरों में जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दियाएवं इससे होने वाले फायदे से अवगत कराया। स्वयंसेवकों द्वारा बरसात के दिनों में विशेष रूप से मच्छरों के प्रकोप से बचनेऔर बरसाती बीमारियो से कैसे बचा जा सकता है इसके प्रति जागरूक किया।

## 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियनों की व्यापक तैयारियाँ




**संवाददाता रांची:** संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने केंद्र सरकार की मज़दूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर अपनी योजनाओं और मांगों को सार्वजनिक किया। कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि केंद्र सरकार मजदूरविरोधी चार श्रम संहिताओं (Labour Codes) को लागू करने की कोशिशों में लगातार तेज़ी ला रही है। यह संहिताएं न केवल स्थायी रोज़गार को खत्म करती हैं, बल्कि ट्रेड यूनियन के अधिकारों, हड़ताल के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा को भी छीनने की साजिश हैं।

## हरिनाथ साहू लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता रांची:** लोकहित अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झारखंड प्रदेश के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हरिनाथ साहू को मनोनीत किए। हरिनाथ साहू रांची जिला कांके प्रखंड अंतर्गत सुकुरहुटू गांव के मूल निवासी हैं। ज्ञात हो पिछले 1 जुलाई 2025 को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल पाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पार्टी विरोधी करार देते हुए अध्यक्ष पद से निष्कासित किया गया था। हरिनाथ साहू जी पूर्व के कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए रांची लोकसभा का चुनाव भी लोकहित अधिकार पार्टी सेव छाप से लड़ चुके हैं। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर हरिनाथ साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री सतीश गांधी सहित राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते हुए समाजिक न्याय का संकल्प के साथ पार्टी संगठन को सभी वर्गों को मिलाकर नई ऊंचाई में ले जाने का प्रतिबद्धता व्यक्त किए।

## प्रोन्नति और एजीपी को लेकर कुलपति से मिला संघ

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और फुटाज फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टिचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों का एक शिष्टमंडल रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी शुक्रवार को दी। मौके पर शिष्टीमंडल ने प्रभारी कुलपति से 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नणति और एजीपी छह हजार और सात हजार रुपए करने की मांग की। शिष्टपमंडल में डॉ समीरा सिन्हा कुलपति के समक्ष मांगों को विस्तार से बताया। वहीं डॉ मोहित कुमार लाल ने प्रोन्नयति से संबंधित नियमावलियों का हवाला देते हुए त्वरित कार्यवाही का आग्रह किया। मौके पर प्रभारी कुलपति ने कहा कि वे शिक्षकों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नति और एजीपी छह और सात हजार रुपए करने में संबंधित प्राधिकार को पत्र लिखेंगे। शिष्टमंडल में रांची विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष और फुटाज के महासचिव डॉ राज कुमार, डॉ रीता कुमारी, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ श्वेता सिंह, डॉ रेणु सिंह, डॉ भारती सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

## रांची के टाटीसिलवे में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**रांची:** राजधानी रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के महुआ टोली बस्ती में झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच के इनपुट पर उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. एक आवासीय घर को अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री में तब्दील कर दिया गया था. छापेमारी में 500 पेटी अवैध शराब के साथ-साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

**घर को बनाया था बॉटलिंग प्लांट:** असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर अरविंद कुमार मिश्रा के अनुसार टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के महुआ टोली में शराब माफियाओं ने एक घर को अवैध शराब के बॉटलिंग प्लांट में बदल दिया था. स्पेशल ब्रांच की गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने जब छापेमारी की, तो अंदर का नजारा देखकर वे हैरान रह गए. घर के अंदर शराब माफियाओं ने बोतलों में शराब भरने का पूरा प्लांट स्थापित किया था. इस दौरान दो लोग रिफिलिंग करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए.

**500 पेटी शराब सहित अन्य सामग्री बरामद:** छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग ने 500 पेटी अवैध शराब जब्त की. इसके अलावा, महंगे ब्रांडों के रैपर, खाली बोतलें, ढक्कन और शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण भी बरामद किए गए. उत्पाद विभाग के अनुसार, अगर स्पेशल ब्रांच को समय पर सूचना नहीं मिलती, तो शुक्रवार रात तक यह अवैध शराब तस्करी के लिए बाजार में पहुंच सकती थी.

**स्पेशल ब्रांच की सटीक सूचना ने दिलाई सफलता:** उत्पाद विभाग अधिकारी कमिश्नर अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने टाटीसिलवे में अवैध शराब फैक्ट्री के संचालन की सटीक सूचना दी थी. इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई. छापेमारी में न केवल भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई, बल्कि दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया. उत्पाद विभाग अब इस नेटवर्क के बड़े खिलाड़ियों की तलाश में जुट गया है.

## रांची विश्वविद्यालय में माइनॉरिटी और एफिलिएटेड कॉलेजों की समस्याओं पर हुई उच्चस्तरीय बैठक

### कुलपति ने दिए कई निर्देश

**रांची:** राज्य में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. डी.के. सिंह ने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ माइनॉरिटी कॉलेजों और एफिलिएटेड कॉलेजों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की. यह बैठक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें कॉलेजों की शैक्षणिक, प्रशासनिक और नामांकन संबंधी चुनौतियों पर गहन विमर्श किया गया.




बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, उनका यह लगातार प्रयास रहा है कि रांची विश्वविद्यालय और उससे जुड़े सभी कॉलेजों की स्थिति में सकारात्मक सुधार लाया जाए. छात्रों की कॉलेजों से कनेक्टिविटी बढ़े, उपस्थिति में सुधार हो और नामांकन की स्थिति सशक्त हो, इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए यह बैठक बुलाई गई है.

**कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम:** उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्तमान में सबसे बड़ी चिंता का विषय कॉलेजों में नामांकन की गिरती संख्या और विद्यार्थियों की उपस्थिति में भारी कमी है. विशेषकर वोकेशनल कोर्स की स्थिति गंभीर है. वोकेशनल कोर्स में नामांकित छात्रों में से केवल 30 फीसदी विद्यार्थी ही नियमित रूप से कॉलेज आ रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है. हमें यह समझने की जरूरत है कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने के पीछे जो उद्देश्य था, वह किस हद तक पूरा हो रहा है.

कुलपति ने कॉलेज प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज स्तर पर सक्रिय निगरानी और प्रेरक पहल की जाए. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कॉलेज अपने-अपने स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करे, जिससे छात्र स्वयं को संस्थान से जुड़ा हुआ महसूस करे.

**बैठक के दौरान एक और अहम मुद्दा सामने आया:** नए शैक्षणिक सत्र में कई कॉलेजों में आवेदन की संख्या अत्यंत कम रही है. कुछ कॉलेजों में तो एक भी आवेदन नहीं आया. इस पर चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि यह सिर्फ कॉलेज के कामकाज पर सवाल नहीं है, बल्कि इससे जुड़े भौगोलिक, सामाजिक और जनसंख्या संबंधी पहलुओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि जब किसी कॉलेज की स्थापना होती है तो वहां की स्थानीय जनसंख्या, शैक्षणिक आवश्यकता और सामाजिक परिस्थितियों का मूल्यांकन किया जाता है. परंतु समय के साथ यह भी देखना होगा कि आज उस क्षेत्र में कॉलेज की प्रासंगिकता कितनी बनी हुई है. हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि जिन कॉलेजों में आवेदन नहीं आ रहे, वहां छात्रों की संख्या कम है या कॉलेज की छवि धूमिल हुई है. साथ ही, यह भी देखा जा रहा है कि शिक्षकों की उपलब्धता और संसाधनों की स्थिति क्या है.

### आठवीं मोहर्रम पर निकला मातमी जुलूस

## हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बड़े शुजा और बहादुर थेः मौलाना

**संवाददाता रांची:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मस्जिद जाफरिया रांची से अंजुम जाफरिया के तत्वाधान में हजरत अली के पुत्र हजरत अब्बास की शहादत की याद में अलम का मातमी जुलूस निकाला गया। जो चर्च रोड, चुना मंदिर, डॉक्टर फतुल्लाह रोड होते हुए वापस मस्जिद जाफरिया लौटेगा। इससे पूर्व मस्जिद जाफरिया में मजलिस इमामे हुसैन का आयोजन किया गया। इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए लश्कर ए हुसैनी के कमांडर हजरत अब्बास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा के भाई-भाई की कुव्वत(ताकत) होता है एक भाई दूसरे भाई का बाजू होता है। इमामे हुसैन के मजबूत बाजू का नाम हजरत अब्बास था। हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बड़े शुजा और बहादुर थे। बहादुरी का आलम यह था की 7 वर्ष की उम्र में जंगे सिफीन में दुश्मनों को अली नजर आने लगी। बच्चों कि प्यास बुझाने के लिए पानी लाने जब निकले तो दुश्मनों ने घेर कर ऐसा हमला किया कि आपका दाहिना बाजू(हाथ) कट गया। थोड़ी देर के बाद दुश्मनों ने फिर हमला किया और आपका बाया हाथ भी कट गया। मगर इसके बाद भी आपने कोशिश जारी रखी। ताकि चन्द कतरा पानी बच्चों तक पहुंच जाए। मगर एक तीर ऐसा आया कि मशकिजा छेद हो गया और पानी बह गया। पानी का बहना था की हजरत अब्बास की ताकत ने जवाब दे दिया। और दुश्मनों के हमले में जख्मी होकर आप घोड़े से नीचे गिर गए। और आपकी शहादत कर्बला में हो गई। ईसी याद में पूरी दुनिया में हजरत अब्बास की अलम निकाला जाता है। अलम का जुलूस जैसे ही मस्जिद जाफरिया से निकाला गया या अब्बास, हाय अब्बास, की सदा से पूरा इलाका गूंज उठा।



## केंद्रीय मंत्री 6 जुलाई को झारखंड आयेंगे, राजधानी में होगा भव्य नागरिक अभिनंदन



**संवाददाता रांची:** केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार 6 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली से रांची आएंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। धनबाद में दोनों मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे। धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आएंगे। यहां होटल रामदा में श्री अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नए वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे।

# रातू रोड फ्लाईओवर के नीचे से हटाया गया अतिक्रमण

## दोबारा दुकान लगाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**रांची:** राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए तीन प्रमुख फ्लाईओवर अब अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं. यातायात की सुगमता में इन फ्लाईओवरों की भूमिका अहम साबित हो रही है. लेकिन अब इनके नीचे अवैध अतिक्रमण की समस्या तेजी से बढ़ने लगी है, जिससे नीचे की सड़कों पर फिर से जाम की स्थिति बनने लगी है.

इसी को लेकर रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने शुक्रवार को एक बड़ा अभियान चलाया. अभियान के तहत किशोरी यादव चौक से लेकर रातू रोड और पिस्का मोड़ तक फ्लाईओवर के नीचे और सड़क के किनारे लगाए गए अवैध ठेले, दुकानें और अतिक्रमण को हटाया गया.



नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर दुकानदारों और निगम कर्मियों के बीच हल्की नोकझोंक भी देखी गई, लेकिन अंततः अतिक्रमण हटाया गया. निगम की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि फ्लाईओवर के नीचे दोबारा दुकान लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

इस संबंध में रांची नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू ने कहा कि फ्लाईओवर बनाने का उद्देश्य ट्रैफिक को राहत देना था, लेकिन अगर उसके नीचे अतिक्रमण होगा तो सारा उद्देश्य विफल हो जाएगा. उन्होंने कहा, यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो फ्लाईओवर के नीचे की सड़कों पर भी फिर से जाम की समस्या शुरू हो जाएगी. उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा. उन्होंने आमजन से अपील की कि वे फ्लाईओवर के नीचे या सड़क किनारे अतिक्रमण न करें. इससे न केवल ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है.

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर से लोगों को राहत भी मिल रही है. लेकिन अगर फ्लाईओवर के नीचे अतिक्रमण होने लगा तो नीचे की सड़कों पर फिर से वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ेगी. इस अभियान में नगर निगम के कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय थाना की पुलिस बल भी मौजूद रही, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध की स्थिति से निपटा जा सके.

नगर निगम की इस पहल की सराहना भी हो रही है, लेकिन लोगों की यह भी मांग है कि अस्थायी दुकानदारों के लिए वैकल्पिक बाजार व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें भी जीविकोपार्जन का अवसर मिलता रहे और शहर की सड़कों पर फिर से अराजकता की स्थिति न बने.

## मुहर्रम को लेकर रांची के ट्रैफिक में किया गया बदलाव

**रांची:** मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक में छह जुलाई को बदलाव किया गया है। यह बदलाव छह जुलाई को सुबह 10 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी ने शुक्रवार आदेश जारी कर दिया है।



**इन सड़कों पर वाहनों का परिचालन पर रहेगा रोक-**

**-किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक में परिचालन बंद रहेगा।**

**-शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।**

**-सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक में में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा।**

**-एसएन गागुंली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा।**

**-सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-जैप वन कमांडेंट आवास मोड़ से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-तुलसी चौक से अम्बेडर चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।**

**-रांची शहर के अन्य मार्गों में भी यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।**

## संक्षिप्त खबरें...

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास, 7 लाख जुर्माना भी

लातेहारः लातेहार जिला अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को सजा सुनाई. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने आरोपी रंधु उरांव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही उस पर 7 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है. रंधु उरांव रांची जिले के चान्हों थाना क्षेत्र के हुरहुरी गांव का रहने वाला है. अभियोजन पदाधिकारी मनोज कुमार लकड़ा ने बताया कि पिपरवार थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी पीड़िता के पिता ने रंधु उरांव के खिलाफ हेरहंज थाना में 18 अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. मामले की सुनवाई के उपरांत अदालत ने आरोपी को भादवि की धारा 376 (1) व 307 के तहत दोषी ठहराया. अदालत ने उसे दोनों धाराओं सश्रम आजीवन कारावास और क्रमशः चार लाख व तीन लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई. जुर्माना की राशि नहीं देने पर उस दो-दो वर्षों की साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी. बचाव पक्ष की ओर से एलएडीसी ने बहस की.

### होटल व रेस्टोरेंट में गंदगी देख भड़के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लगाया जुर्माना



चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम के डीसी के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने चक्रधरपुर के होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया. इस दौरान विशाल आहार रेस्टोरेंट व होटल सागर के किचन में गंदगी व अस्वच्छता देख वह भड़क गए और उनपर क्रमशः पांच हजार व आठ हजार रुपए जुर्माना लगाया. वहीं शेर ए पंजाब होटल में अखाद्य रंग का प्रयोग होते पकड़ा और होटल मालिक पर सात हजार रुपए जुर्माना किया. वहीं घर बार रेस्टोरेंट और सीकेपी दरबार में वाटर टेस्ट रिपोर्ट नहीं रहने के कारण नोटिस दिया गया. इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चिल्ली पेपर, आर्यंस होटल, टेस्टी बड़ी रेस्टोरेंट, पूजा बेकरी व मथुरा स्वीट्स का भी जायजा लिया और संचालकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम का अनुपालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने इन होटलों से घी व सोया सॉस का नमूना भी लिया. साथ ही रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों को चेतावनी दी कि सस्ते सामान के लालच में आकर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें. खुला पनीर व कामधेनु रंग (अखाद्य रंग) का प्रयोग नहीं करें तथा ब्रांडेड कंपनी के पैकेज पनीर का एक्सपायरी डेट चेक करने के बाद ही प्रयोग करें.

### कर्बला की जंग जालिम से बगावत और मजलूम से मोहब्बत का पैगाम देती हैं- कमरुल हक



रातू(मोहसिन आलम):रातू क्षेत्र के हर दिल अजीज गरीबों के मसीहा अंजुमन कमेटी के सदर कमरुल हक काजमी ने इस्लामिक महीने के नये साल मोहर्रम की मुबारक बाद देते हुए बताया कि ईमाम हुसैन ने अपनी औऱ अपनों की शहादत दे कर मजहबे इस्लाम की हिफाजत की है।ईमाम हुसैन को याद कर के इस माहे मोहर्रम में इंसानियत पसन्द लोग गम मनाते हैं,कर्बला हमें जालिम से नफरत और मजलूम से मोहब्बत करने का पैगाम देती हैं,नफरत का जज्बा इंसान को जालिम बना देता है और मोहब्बत इंसान को फरिश्तों से भी बुलंद मकाम अता करता है.कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कुर्बानी आज भी हर इंसान के लिए नमूना अमल है.मोहर्रम का महीना उन्हीं शहीदों की याद है,जिसे लोग हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी को याद करते हैं कुछ लोग गलत जानकारी की वजह से मोहर्रम को खुशी का महीना समझते हैं जबकि यह गलत है,मोहर्रम का महीना तारीख ए कर्बला से इंसानों के अंदर हकीकत का जज्बा पैदा होता है,इस जज्बे को लाखों सलाम जो हुसैनी मिशन को लेकर पूरी दुनिया में अमन और शांति फैला रहे हैं इस्लाम धर्म ने दुनिया में इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम फैलाया हैआगे उन्होंने बताया कि सत्य और असत्य की जंग में हक की हमेशा जीत होती रहेगी बातिल चाहे जितना भी ताकतवर हो वह सच्चाई के आगे कभी जीत नहीं सकता।

### हरचण्डा मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी मेला की तैयारी में जुटे



ओरमांझी(मोहसीन):हजरत इमाम हुसैन ने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए क़र्बला की मैदान में खुद को कुर्बान कर दिये थे,मोहर्रम के महीने में ज्यादा से ज्यादा नेकी करनी चाहिए, गरीब गुरबा को खाना खिलाना चाहिए, रोजा रखना चाहिए उक्त बातें ओरमांझी के विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी ने हरचण्डा मोहर्रम मेला टाड़ में मेला की तैयारी में लगे इंतजामिया कमेटी के लोगों को संबोधित करते हुए कहा,वहीं उन्होंने इंतजामिया कमेटी के कार्यों को सराहना करते हुए कहा कि मेला में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका इंतजामिया कमेटी विशेष ध्यान दें,इमाम हुसैन ने सत्य और न्याय की लड़ाई लड़ी। क़र्बला में लड़ी गई लड़ाई को बुलाया नहीं जा सकता,इमाम हुसैन ने अपने 72साथियों के साथ भूखे प्यासे रहकर कर्बला की जंग लड़ी,और दुनिया बालों को पैगाम दिया कि जालिम के आगे झुकना नहीं है,यजीद ने धोखे से इमाम हुसैन को कर्बला में बुलाया था और सत्ता के लालच में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथीयों को कत्ल करवा दिया,इमाम हुसैन ने अन्याय को कभी स्वीकार नहीं किया। अन्याय व अधर्म के खिलाफ सिर को कभी झुकने नहीं दिया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इससे धर्म और इंसानियत बचेगी। मोहर्रम मेला से हिन्दू-मुस्लिम एकता व आपसी भाइचारगी को बल मिलता हैं। हरचण्डा मोहर्रम मेला आने वाले सभी लोगों से सफीउल्लाह अंसारी ने अपील किया है कि सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन करते हुए मेला में आये,किसी तरह का गलत कार्य न करें जिससे किसी को परेशानी हो,यातायात व्यवस्था को बाधित न करें,पुलिस प्रशासन की मदद करें।

### आदिवासी छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ की घटना के विरुद्ध अभाविप का विरोध प्रदर्शन

दुमकाःअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका इकाई की ओर से सोमवार को ए.एन. कॉलेज और सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। अभाविप ने कॉलेज परिसर में एक आदिवासी छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई और तत्काल प्रभाव से दोषी शिक्षक को पद से हटाने की मांग की। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता ने कहा कि कॉलेज परिसर में शिक्षक नीरज प्रसाद द्वारा ऐसी घिनौनी हरकत किया जाना बेहद शर्मनाक है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद ने कुलपति से मांग की कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही एबीवीपी ने कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी उठाई। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो एबीवीपी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।एबीवीपी दुमका के नगर सह-मंत्री विशाल गुप्ता ने कहा कि "महिलाओं और विशेषकर आदिवासी छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी चाहे जो भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए।

## चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री का सराहनीय बड़ा कदम, अब सरकारी भूमि पर नहीं कर सकेंगे भू-माफिया कब्जा

### चतरा बन सकता है पूरे राज्य के लिए रोल मॉडल

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : जिले में भू-माफियाओं के अवैध मंसूबों पर रोक लगाने के लिए चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री ने एक ऐतिहासिक और नायाब पहल की है। सरकारी जमीन, कार्यालय परिसर, स्कूल, कॉलेज और आवासीय परिसरों की रक्षा के लिए अब सम्पूर्ण विवरण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जा रहा है। इस पहल से इन संपत्तियों की स्थिति, स्वामित्व और उपयोग की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक रहेगी, जिससे किसी भी प्रकार के फर्जी कागजात बनाकर कब्जा करने की साजिश को विफल किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि चतरा में लगातार भू-माफियाओं द्वारा सार्वजनिक और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के प्रयास सामने आ रहे हैं। अब उपायुक्त की इस पहल से न केवल ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगेगी,



बल्कि सरकारी संपत्तियों की पारदर्शी निगरानी भी संभव होगी। इस पहल की प्रारम्भिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ।

#### राज्यभर में लागू हो सकता है यह मॉडल ......

चतरा में इस नायाब पहले के पश्चात सार्थक परिणाम मिलने पर इसे पूरे झारखंड में लागू किया जा सकता है। यह मॉडल सरकारी परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए अन्य जिलों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

डीसी कीर्ति श्री चतरा में योगदान के बाद प्रशासनिक सक्रियता और जनसरोकारों की प्राथमिकता पर काफी गंभीर है । वह लगातार जिले के प्रखंडों का दौरा कर रही हैं और स्थानीय प्रशासन को यह निर्देश दे रही हैं कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो। चतरा उपायुक्त के रूप में यह उनका पहला पदस्थापन है, लेकिन कम समय में ही उन्होंने जिले के विकास के लिए कई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन अब अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-हित के दिशा में कार्य करती दिख रही है। उपायुक्त कीर्ति श्री की यह पहल चतरा के लिए सिर्फ प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि एक विजन है । एक ऐसा विजन जो आने वाले समय में सरकारी संसाधनों की रक्षा का मजबूत कवच साबित होगा।

## चौपारण में मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर निकाला गया फ्लैग मार्च



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) थाना क्षेत्र में मोहर्रम पर्व को लेकर चौपारण पुलिस प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था संधारण को ध्यान में रखकर सुरक्षा बलों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

चौपारण प्रखंड के महाराजगंज और चय क्षेत्र में यह फ्लैग मार्च निकल गया। थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर निर्बाधता के साथ शांतिपूर्वक मनाने के प्रति चौपारण प्रशासन गंभीर है।

मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए विधि व्यवस्था प्रबंध को लेकर प्रशासन चौकस है। पर्व के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना न घटे, विधि व्यवस्था चुस्त रहे इस पर प्रशासन पूरे एहतियात के साथ ध्यान दे रही है। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से प्रशासन के द्वारा एहतियाती तौर पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

पर्व के दौरान शांति व्यवस्था में कहीं से खलल नहीं पड़े इसके लिए प्रशासन के द्वारा पुख्ता प्रबंधक किए गए हैं।

प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर जनता के बीच यह संदेश दिया गया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन हर परिस्थिति में तैयार है।

इस फ्लैग मार्च में मौके पर अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश चौपारण समेत थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

## कतरास के केशलपुर में भू-धंसान से कई घर क्षतिग्रस्त

धनबादः बीसीसीएल कतरास क्षेत्र की केशलपुर परियोजना क्षेत्र में शुक्रवार को भू-धंसान की बड़ी घटना हुई. केशलपुर मुंडा धौड़ा गांव में हुई भू-धंसान से कई घरों की दीवारें दरक गईं और जमीन में मोटी दरारें पड़ गईं. ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है. स्थानीय लोगों ने इसका जिम्मेदार परियोजना में कार्यरत मां अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा की जा रही हैवी ब्लास्टिंग को ठहराया है. ग्रामीणों ने प्रशासन व बीसीसीएल प्रबंधन से तत्काल स्थायी समाधान की मांग की है.

प्रभावित ग्रामीण राजेश यादव और विजय यादव ने बताया कि ब्लास्टिंग के कुछ ही देर बाद जमीन धंस गई और कई घरों को भारी नुकसान हुआ. उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन से विस्थापन नीति के तहत सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास और परिवार को रोजगार देने की मांग की है.



घटना की सूचना मिलते ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे और प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली. सांसद ने बीसीसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल का रवैया शुरू से ही शोषणकारी रहा है. कोयला खनन से प्रभावित लोगों को आज तक विस्थापन नीति का लाभ नहीं दिया गया. अगर समय पर विस्थापित किया गया होता तो लोग जान जोखिम में डालकर नहीं रह रहे होते. बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियां प्रशासनिक दबाव बनाकर झूठा आश्वासन देती हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है. सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावितों को विस्थापन नीति के तहत पुनर्वासित नहीं किया जाएगा परियोजना क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम बंद रहेगा.

## चतरा में 15 साल के बच्चे ने पांच साल के बच्चे को पटका, मौत

### मृतक के परिजनों ने थाना में दिया आवेदन, पुलिस कर रही मामले की जांच

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः सदर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में दो बच्चों के बीच हुई लडाई में पांच साल के एक बच्चे की जान चली गई। मृतक बच्चे की पहचान वीरु कुमार भारती के पांच वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में की गई है। बच्चे को मारने का आरोप पाराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया केदार भुईंया व वर्तमान मुखिया रेखा देवी के पुत्र 15 वर्षीय रीशु कुमार और 13 वर्षीय डीसू कुमार पर लग रहा है। मृतक बच्चे के पिता वीरु भारती ने बताया कि बुधवार की शाम उसका बेटा कार्तिक कुमार बगल में केदार भुईंया के घर में संचालित दुकान से बिस्कुट लाने गया था। जहां वह राजा भारती के बेटे के साथ खेलने लगा। खेल खेल में दोनों बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो



मृतक बच्चे का फोटो

गया। इसी बीच वहां केदार भारती का पुत्र रिशु कुमार पहुंचा और कार्तिक को उठाकर सड़क किनारे रखे गए पत्थर के छर्री पर पटक दिया। इससे कार्तिक का गर्दन मुड़ गया और वह बेहोश हो गया। आसपास के लोग दौड़े तो देखा कि कार्तिक बेहोश पड़ा हुआ है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने गुरुवार की सुबह उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता वीरु भुइंया ने सदर थाना में रीशु कुमार और डीसू कुमार दोनों भाइयों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है.समाचार लिखे जाने तक शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल में रखा गया था। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांचोंपरांत आगे की कार्रवाई होगी।

## दस दिन से लापता युवक का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

### बिलखती मां ने चतरा एसपी से लगाई खोजबीन की गुहार

कोयलांचल संवाद संवाददाता

हंटरगंज(चतरा) जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो गांव का एक युवक के लापता हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन हंटरगंज थाना पुलिस को अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस मामले में परिजनों के द्वारा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।परिजनों ने पुलिस की निष्क्रियता से गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते खुद पीड़ित परिवार लापता युवक को खोजने का एक तरीका निकाला है। अब पीड़ित परिवार बड़े शहरों (मुंबई,नागपुर,बिलासपुर,हैदराबाद,रायपुर) रेलवे स्टेशन, हाइवे आदि पर गुमशुदा हुए युवक का पोस्टर लगाकर लोगों से अपने बेटे को ढूंढने की विनती कर रहे हैं।गायब हुए युवक की मां का रो रोकर बुरा हाल है।गायब युवक के पिता ने अपने पुत्र की गुमशुदगी की 27 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

जिसकी कांड संख्या 20/25 दर्ज होने के बावजूद अब तक पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। अपने लापता बेटे की तलाश में दर-दर भटक रही बिलखती मां ने अंततः शुक्रवार को चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा और युवक की त्वरित आधुनिक तकनीकी (मोबाइल लोकेशन, सीडीआर) के माध्यम से खोजबीन करने की गुहार लगाई। पीड़ित माता ने बताया कि





लापता युवक का फोटो

इतने दिनों के बाद भी कोई प्रगति न होना यह दर्शाता है कि स्थानीय पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। इस संबध में पीड़ित मां की ममता यही तक ही सीमित नहीं रही बल्कि स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जन्नार्दन पासवान से भी लापता की सूचना दर्ज पर भी थाना प्रभारी द्वारा वांछित करवाई नहीं करने की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा की 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा है।उन्होंने आशंका जताई कि बेटे के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। सांसद और विधायक से भी मां ने खोजबीन की गुहार लगाई है।

#### जानें क्या है पुरा मामला

चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेबो गांव निवासी राजदेव यादव का 23 वर्षीय पुत्र रामबली कुमार रोजी रोटी के लिए विगत 25 जुन को सिरसा(हरियाणा) के लिए निकला था। 25 जुन संध्या के बाद युवक का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। जिसके बाद से परिजनों का युवक से कोई सम्पर्क नही हो सका। परिजनों ने सिरसा (हरियाणा) में दोस्तों से भी जानकारी ली जहां रामबली नही पहुंचा था। लगातार परिजन रामबली कुमार को ढूंढ रहे है यहां तक कि परिजन अपने स्तर से ढूढने के लिए छत्तीसगढ़,तेलंगाना, महाराष्ट्र का भी सफर कर पोस्टर चिपका रहे हैं और सीसी टीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। इसके बावजूद भी कोई सुराग नही मिल रहा है। इससे परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। ग्रामीणों ने भी पुलिस अधीक्षक से खोजबीन की गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक, स्थानीय सांसद और विधायक इस लापता युवक को कब तक ढूंढ निकालते है।

## इटखोरी दो बाइक सवार उचक्कों ने स्कूटी सवार से डेढ़ किलो चांदी का आभूषण छीना



कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) इटखोरी करनी रोड अवस्थित विजय ज्वेलरी के संचालक विजय सोनी ने शुक्रवार को इटखोरी थाने में बाइक पर सवार दो उचक्कों के विरुद्ध झोले में रखा ज्वेलरी छीनने से संबंधित आवेदन दिया है। विजय सोनी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गुरुवार संध्या 7:30 बजे अपने दुकान बंद कर स्कूटी में जेवर से भरी झोली लेकर घर आ रहे थे। इसी बीच इटखोरी चौक बजरंगबली के पास रुके। जहां उन दोनों अज्ञात उचक्कों ने स्कूटी से मेरा झोला छीन लिया। उसके बाद हम उचक्कों से विरोध के क्रम में उलझ गए ऐसे में वे झोली मुझसे छीनकर चतरा रोड की ओर फरार हो गए। छीनतई में मेरा झोली फट गयी। उस झोले में जो आभूषण थे जिसका वजन डेढ़ किलो था उसे अपने साथ लेकर घटना के बाद उचक्के अपनी बाइक पर बैठकर चतरा रोड की ओर भाग गए। पुलिस आवेदन प्राप्त कर चोर उचक्कों की खोजबीन में जुटी हुयी है।

## इमाम हुसैन की क़र्बला में शहादत इंसानियत व मोहब्बत का पैगाम देती हैं: हैदर अंसारी

ओरमांझी(मोहसीन): मुहर्रम का महीना गम और दुख का है। इस महीना में ज्यादा से ज्यादा नेकी के काम करनी चाहिए,मोहर्रम का महीना अल्लाह के नजदीक बहुत अहमियत रखता है और इस महीने में खास तौर पर 10 मोहर्रम(यौमे आशुरा) एक खास मकाम रखता है.क़र्बला में हक और बातिल की लड़ाई ने दुनियाभर के लोगों को इंसानियत का पैगाम दिया है। कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत देश की तरक्की और सच्चाई पर मर-मिटने वालों को हौसला देता है। मुहर्रम का चांद याद दिलाता है कि नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन ने यजीद की झूठ की हामी से इंकार कर दिया था। क़र्बला में इमाम हुसैन के 72 लोगों को जालिमो ने नाहक क़त्ल कर दिया था,लेकिन आज भी उनके चाहने वाले मोहर्रम के महीने में उन्हें याद करते हैं और कयामत तक याद करते रहेंगे, कर्बला हमें इंसानियत और मुहब्बत का पैगाम देती हैं,हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने हक की राह में ऐसी कुर्बानी पेश की,जो आज तक इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देती है। इमाम हुसैन की शहादत ने



गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजादी पर कायम रहने का हौसला और पैगाम दिया। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुसलमानो को रोजा रखना चाहिए कुरानखानी करनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है,1400 साल से अधिक समय गुजारने के बाद भी कर्बला में हुए यजीद और हुसैनी की लड़ाई ऐसा लगता है कि यह जंग कल ही लड़ी गई हो और हमारे हुसैन हम लोगों से सच्चाई की राह पर चलने एवं बातिल के आगे नहीं झुकने की बात कह रहे हो,हजरत इमाम हुसैन ने मोहम्मद सल्ला वसल्लम की दिन को बाकी रखने के लिए कर्बला में जान दे दी,14 सौ साल गुजरने के बाद भी दुनिया इस अजीम शहादत को याद करती है। इस्लाम अमन शांति का पैगाम देती है। बुराई के रोकथाम एवं जालिमों के जुल्म को रोकने की कर्बला हमें सबक सिखाती है।

### इमाम हुसैन की याद में 15 मुस्लिम युवाओं ने किया रक्तदान

दुमका। मुस्लिम यूथ कमिटी दुमका के द्वारा इमाम हुसैन की याद में जुम्मा के नमाज़ के बाद ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुस्लिम युवओं द्वारा 15 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

## चतरा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई सम्पन्न

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में माननीय सांसद, चतरा लोकसभा क्षेत्र श्री कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पौधा भेंट कर अतिथियों के स्वागत से हुआ।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त कीर्तिश्री जी, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, चतरा विधानसभा के विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधानसभा के विधायक कुमार उज्ज्वल (सिमरिया), रौशन लाल चौधरी (बड़कागांव), सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह (हजारीबाग लोकसभा), वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा एवं दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारीगण चतरा के जहूर आलम एवं सिमरिया के सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सभी प्रखंड प्रमुख, दिशा के सदस्यगण, एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बिजली, सड़क निर्माण, पीएम स्वनिधि योजना आदि – की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही, 31 अगस्त 2024 को आयोजित पूर्व दिशा बैठक में उठाए गए बिंदुओं जैसेः सांसद आदर्श ग्राम योजना, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पुल निर्माण कार्य, पेयजलापूर्ति से संबंधित, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई और अनुपालन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।

### महत्वपूर्ण विषयों पर निर्देश

वृद्धा पेंशन से संबंधित समस्या पर चर्चा करते हुए कहा गया कि उम्र अधिक होने के कारण लाभुकों की बायोमैट्रिक सत्यापन में कठिनाई हो रही है, जिससे राशि की निकासी बाधित हो रही है। सामाजिक सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। हेरुआ नदी पर स्थित पुराने पुल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि उस पर भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। संबंधित विभाग को पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराकर कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा को नल जल योजना का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित निर्देश

बैठक के दौरान सड़क किनारे स्थित सूखे और खतरनाक पेड़ों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। निर्देशित किया गया कि ऐसे पेड़, जिनके कारण सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं और जिनके कटाई हेतु वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त हो चुका है, उन्हें चिन्हित करते हुए सम्बंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ओवरलोड वाहनों एवं बिना त्रिपाल ढके खनिज लदे वाहनों को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध नियमपूर्वक जांच अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज संसाधनों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जनसहभागिता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

चतरा उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी विभागों द्वारा क्रमवार संचालित योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव एवं निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें...

### खगड़िया में 75,000 की रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता अरेस्टः विशेष निगरानी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा



खगड़िया. खगड़िया में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई पटना ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़िया के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार को 75,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी गुरुवार, 3 जुलाई 2025 को खगड़िया स्थित उनके आवास से की गई। शिष निगरानी इकाई को यह शिकायत ब्रजेश कुमार नामक युवक ने दी थी। शिकायत के अनुसार अभियंता गोपाल कुमार ने विद्युत विभाग में मानव बल (मजदूर) के पद पर बहाली के बदले 75,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर शिष निगरानी इकाई की टीम ने एक विशेष योजना बनाई। इसके तहत जैसे ही गोपाल कुमार ने ब्रजेश से रिश्वत की राशि ली, शिष निगरानी इकाई की टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियंता के खिलाफ निगरानी थाना कांड संख्या-13/25, दिनांक 03.07.2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया।

### बीपीएससी 71वीं की परीक्षा की तारीख में बदलावः10 सितंबर की जगह अब 13 सितंबर को होगा एग्जाम

पटना. बीपीएससी 71वीं परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले परीक्षा 10 सितंबर 2025 को होनी वाली थी। वहीं अब परीक्षा 13 सितंबर को होगी। 71वी संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए 4,70,510 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। प्रीलिम्स एग्जाम में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सभी ऑब्जेक्टिव टाइप होंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को दो घंटे का समय मिलेगा। नेगेटिव मार्किंग होगी। वेकैंसी के 10 गुना उम्मीदवारों को इसमें पास किया जाएगा। प्रीलिम्स परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को मेंस में शामिल होने दिया जाएगा। यह परीक्षा तीन विषयों की होगी। इसमें दो अनिवार्य विषय होंगे, पहला सामान्य हिंदी जो 100 मार्क्स का होगा। इस विषय में 30 प्रतिशत मार्क्स लाना अनिवार्य होगा। हालांकि मेरिट लिस्ट में इसके नंबर नहीं जुड़ेंगे। दूसरा सामान्य अध्ययन (पेपर 1 और पेपर 2) प्रत्येक पेपर 300 अंकों का होगा। इसमें अलावा हर अभ्यर्थी को एक ऑप्शनल (ऑप्शनल) विषय चुनना होगा। जिसका पेपर 300 अंकों का होगा। प्रत्येक विषय की परीक्षा 3 घंटे की होगी। इंटरव्यूः मुख्य लिखित परीक्षा में पास होने के बाद अभ्यर्थी इंटरव्यू दे सकेंगे। यह कुल 120 मार्क्स का होगा। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। फाइनल मेरिट लिस्ट : मुख्य परीक्षा के 900 अंक और इंटरव्यू के 120 अंक, कुल 1020 अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयारी की जाएगी। आरक्षण कैटेगरी वाइज रिजल्ट जारी किया जाएगा। अगर कुछ अभ्यर्थियों के एक जैसे मार्क्स होंगे तो इस स्थिति में जिस अभ्यर्थी के ज्यादा मार्क्स होंगे, उसे ऊपर रखा जाएगा। अगर मुख्य परीक्षा में भी मार्क्स समान होंगे, तो ऑप्शनल विषय के नंबर देखे जाएंगे।

### नवादा में इलाज के लिए निकली महिला का मिला कंकाल

नवादा. नवादा के मेसकौर थाना क्षेत्र के में शुक्रवार की सुबह एक 40 वर्षीय महिला का कंकाल मिला। मृतका की पहचान नवडीहा गांव निवासी किरण देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह 24 दिन से लापता थी। मृतका के परिजनों ने बताया कि किरण देवी 8 जून को घर से बहू के साथ इलाज के लिए निकली थी, जिसके बाद से वो लापता थीं। उसका कंकाल नारदीगंज थाना क्षेत्र के पेश गांव से सटे गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के कचहरा गांव के पहाड़ से मिला। महिला की पहचान उसके कपड़े, पर्स, घर की चाबी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और लॉकेट से की गईदातुन तोड़ने गए गांव के युवकों ने कंकाल देखा और गांव में सूचना दी। पुलिस ने मौके से मिले दस्तावेजों के आधार पर नारदीगंज और मेसकौर थाने से संपर्क किया। परिजनों ने पहुंचकर शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार, किरण देवी अपनी बहू काचो देवी के साथ 8 जून को तुंगी में इलाज के लिए गई थीं। जिसके बाद बहू घर लौट आई, लेकिन सास नहीं लौटीं। बहू ने बताया कि वह उन्हें साथ लेकर आई थी, लेकिन कहां गईं, यह नहीं पता। परिजनों ने काचो देवी पर हत्या का आरोप लगाया है।

### मंदिर में अष्टधातु से बने नाग की चोरी

भागलपुर. भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र में पुलिस शिविर के ठीक सामने स्थित मंदिर से चोरी हुई है। चोरों ने भोले शंकर की प्रतिमा के गले में लिपटे अष्टधातु से बने नाग की चोरी कर ली। चोरी की यह वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर का मुख्य द्वार पूजा के लिए खुला था। उसी वक्त मंदिर में पुजारी सुमित कुमार झा मौजूद नहीं थे। इसी दौरान चोर मुख्य द्वार से मंदिर में दाखिल हुए। भगवान शिव के गले में लिपटे करीब पांच किलोग्राम वजनी अष्टधातु के नाग को चुरा ले गए। मंदिर में भोले शंकर के अलावा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और दुर्गा माता की भी प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुर्गा माता की प्रतिमा पर स्वर्ण मुकुट और नथ भी विद्यमान हैं। बता दें कि करीब पांच महीने पहले दुर्गा माता की प्रतिमा से सोने का हार और मांग टीका भी चोरी हो चुका है। प्रतिमा को सुरक्षा पट्टी से ढक दिया गया है और उसमें लॉक भी लगाया गया है। इसी वजह से चोर इस बार मुकुट और नथ को नहीं चुरा सके।

### इंश्योरेंस कंपनी का फेवर कर फंसे थानेदार, कोर्ट ने लगाया 10 हजार का जुर्माना; 17 लाख का है मामला

मुजफ्फरपुर. बिहार के मुजफ्फरपुर में कोर्ट ने एक थानेदार पर दस हजार का जुर्माना लगाया है। आदेश के बाद भी इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर कोर्ट ने ऐक्शन लिया है। मामला सड़क हादसे का है जिसमें कोर्ट ने पीड़ित परिवार को 17 लाख 51 हजार का मुआवजा देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने एसएसपी से कार्रवाई की रिपोर्ट की भी मांग की है जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना के मामले में मुआवजा राशि का भुगतान नहीं करने पर एक निजी बीमा कंपनी की क्लब रोड शाखा की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई नहीं करने पर मिठनपुरा थानाध्यक्ष पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि बिहार पीड़िता प्रतिकर कोष में जमा कराई जाएगी। यह आदेश जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-13 दशरथ मिश्रा के कोर्ट ने दिया है। बताते चलें कि कुढ़नी थाना के मादापुर गांव के सुरेश साह की मौत 25 फरवरी 2015 को सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उसकी पत्नी चिंता देवी ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में दावा वाद दाखिल किया। ट्रिब्यूनल ने कुल 17 लाख 51 हजार 940 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया।

### ट्रक से टक्कर के बाद पिकअप बनी आग का गोला, तीन लोग बुरी तरह झुलसे; गंभीर हालत में पटना रेफर

सासाराम. बिहार के सासाराम में ट्रक से टक्कर के बाद एक टमाटर लदी पिकअप वैन आग के गोले में तब्दील हो गई। धौडाड़ थाना क्षेत्र के ताराचंडी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरूवार की रात हादसा हआ। ट्रक से पिकअप वैन की टक्कर में पिकअप में आग लग गई। धू धू कर जल रहे पिकअप गाड़ी पर सवार चालक समेत तीन लोग बूरी तरह से झुलस गए। पुलिस ने घायलों को चिंताजनक अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। बताया जाता है कि हादसे के बाद पिकअप वैन में आग लग गई। पूरा पिकअप वैन धू-धूकर जल गया। आग लगने से पिकअप वैन का चालक, खलासी तथा एक अन्य व्यक्ति झुलस गए। यह घटना आधी रात की बताई जाती है। रात होने के कारण घायलों को बचाने के लिए भी कोई नहीं पहुंचा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### बगैर लाइसेंस मुहर्रम जुलूस नहीं निकलेगा

पटना. बिहार पुलिस ने मुहर्रम को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत मुहर्रम जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। बिना लाइसेंस के ताजिया नहीं निकाले जा सकेंगे। जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे, बैनर, पोस्टर लगाने पर भी मनाही रहेगी। वहीं, बाइक पर स्टंट बैन रहेगा, ऐसा करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। हर जुलूस के आयोजक को कम से कम 5-10 वॉलंटियर की सूची देनी होगी, जो निगरानी में सहयोग करेंगे।

# राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक खत्मः आज औपचारिक रूप से अध्यक्ष घोषित होंगे लालू, नेता प्रतिपक्ष और सांसद भी रहेंगे मौजूद

पटना. राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज पटना के होटल मौर्या में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती, मनोज झा, संजय यादव, अभय कुशवाहा, अब्दुल बारी सिद्दीकी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि बैठक में 5 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय परिषद की बैठक और खुले अधिवेशन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा होगी। इस दौरान अधिवेशन में पेश किए जाने वाले विभिन्न प्रस्तावों और कार्यसूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। RJD की राष्ट्रीय परिषद की बैठक 5 जुलाई को पटना के बापू सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे करेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। दरअसल, 23 जून को लालू यादव ने पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। इस मौके पर उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। तेजस्वी यादव ने नामांकन के बाद कहा था कि "लालू यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने 12 टर्म तक अध्यक्ष रहते हुए पार्टी का नेतृत्व किया है और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में उनकी अगुवाई में जीत मिलेगी। बता दें कि लालू यादव ने 1997 में जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया था और तभी से वो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। बीते 28 वर्षों से वे इस पद पर काबिज हैं। राजद के इस बैठक को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।




#### राजद में सारे चुनावी फैसले लालू-तेजस्वी करेंगे

शुक्रवार को हुई बैठक में राजनीतिक, आर्थिक और विदेश नीति से संबंधित प्रस्ताव पेश किए गए। बैठक में राजद नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला। ये सभी प्रस्ताव शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पारित होगी। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होटल मौर्य में हुई। बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित तमाम नेता मौजूद रहे। शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बापू सभागार में होने वाली है। इसमें सभी प्रस्तावों पर चर्चा कर पारित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद से मोहर लग जाने के बाद सीट देने से लेकर टिकट बांटने का अधिकार बाप-बेटे(लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव) के हाथों में आ जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले राजद में हर प्रकार के चुनावी फैसले लेने के लिए लालू-तेजस्वी को अधिकृत किए जाने के बड़े सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल कहने को एक राजनैतिक दल है। लेकिन वहां तो केवल लालू परिवार की ही हैसियत है। 28 सालों से लालू प्रसाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बैठे हैं। पार्टी की पूरी संपत्ति पर भी उन्हीं का अधिकार है। लालू परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति की कुछ नहीं चलती है।

#### ओवैसी को सीट नहीं देंगे लालू-तेजस्वी!

बिहार विधानसभा चुनाव में सेकुलर वोटों का बिखराव रोकने की दलील के साथ महागठबंधन में शामिल होने के लिए उतावली असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को लालू यादव, तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सीट देने को तैयार नहीं है। राजद प्रवक्ता मनोज झा ने कहा है कि अगर ओवैसी भाजपा को हराना चाहते हैं तो वो बिहार चुनाव ना लड़ें। ओवैसी की पार्टी के बिहार अध्यक्ष और इकलौते विधायक अख्तरुल ईमान कई हफ्ते से खुलकर बयान दे रहे हैं कि इस बार वो राजद, कांग्रेस, लेफ्ट और वीआईपी के महागठबंधन में शामिल होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने लालू यादव को इसके लिए चिट्ठी भी लिखी थी। राजद के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने शुक्रवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ओवैसी का बेस हैदराबाद में है। मनोझ झा ने कहा कि कभी-कभी चुनाव ना लड़ना भी मदद करना होता है। अगर वो बीजेपी को हराना चाहते हैं तो चुनाव ना लड़ें। ये बात ओवैसी जानते हैं और उनके सलाहकार भी जानते हैं। झा ने ओवैसी से कहा कि अगर आपकी मंशा है कि बीजेपी को शिकस्त दी जाए और नफरत की राजनीति को हराया जाए तो बिहार का चुनाव ना लड़ने का फैसला भी वैसा ही फैसला होगा। जून के पहले सप्ताह से ही अख्तरुल ईमान कह रहे हैं कि ओवैसी की पार्टी महागठबंधन संग चुनाव लड़ना चाहती है और उनकी बात चल रही है। तब से वो इस तरह की बात कई बार कह चुके हैं। सोमवार को जब पटना में महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर बैठक हो रही थी और उसमें उन्हें नहीं बुलाया गया तब ईमान ने कहा था कि उनकी पार्टी तीसरा मोर्चा बनाएगी। फिर दो दिन बाद उन्होंने लालू को चिट्ठी लिखकर एक और कोशिश की। ईमान ने पहली बार कहा था कि वो कुछ कम सीट पर भी लड़ लेंगे।

## 'मुंबई आकर राज ठाकरे की हेकड़ी निकाल दूंगा':पप्पू यादव बोले- महाराष्ट्र में हिन्दी भाषियों पर भाजपा के इशारे पर हमले करवा रहे

पटना. पप्पू यादव ने महाराष्ट्र में हिन्दी भाषियों पर हमले को लेकर राज ठाकरे पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा- 'महाराष्ट्र में हिन्दी भाषियों पर राज ठाकरे के लोग हमला कर रहे हैं। मैंने राज ठाकरे को चैलेंज किया है, वह यह गुंडागर्दी बंद करें। अन्यथा मैं मुंबई आकर उनकी सारी हेंकड़ी निकाल दूंगा।' 'आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में गलती से उद्धव ठाकरे जी का नाम ले लिया है। मैं उनका दिल से सम्मान करता हूं। राज ठाकरे बीजेपी के इशारे पर जो गुंडई कर रहे हैं, वह नहीं चलने देंगे। हर प्रदेश की क्षेत्रीयता का सम्मान है, पर उसके नाम पर हमारे बिहार के लोगों पर वार करेगा तो उसकी चूलें हिला देंगे।' वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मसले पर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने निर्वाचन आयोग और बीजेपी को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा- 'चुनाव आयोग RSS का दफ्तर चला रहा है, उसको रोकना चाहिए। संवैधानिक दायित्व के ऊपर भी खतरा बढ़ रहा है। उसके लिए जनता तैयार है आज हम लोग तय करेंगे। कांग्रेस प्रभारी से हमने बात की है।'



#### रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं गई; अरविंद केजरीवाल पर भड़के

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा हाई है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने बिहार में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल के इस फैसले पर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद और कांग्रेस के नेता पप्पू यादव ने तीखा वार किया है। कहा है कि रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई। उन्होंने बिहार में चुनाव से पहले वोटर वेरिफिकेशन पर चुनाव आयोज को आड़े हाथों लिया। अरविंद केजरीवाल ने बिहार चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक से किनारा कर लिया है। बिहार में राजद और कांग्रेस की मौजूदगी के बावजूद केजरीवाल ने अकेले एनडीए से लोहा लेने की घोषणा कर दी है। अरविंद केजरीवाल के इस फैसले से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को झटका लगा है। पप्पू यादव से जब इस सवाल पूछा गया तो भड़क गए। उन्होंने कहा कि सबको अधिकार है चुनाव लड़ने का। अरविंद केजरीवाल को अधिकार है। लेकिन, रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई। कहा कि बिहार के गरीबों के लिए जान देने के लिए भी तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल की बिहार एंट्री पर लोजपा आवी सांसद शांभवी चौधरी ने विरोध किया है। कहा है कि दिल्ली को बर्वाद कर दिया और बिहार पर नजर गड़ा रहे हैं। लेकिन बिहार की जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।

#### पप्पू यादव बोले- 9 जुलाई को बिहार बंद करेंगे

पप्पू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि '9 जुलाई को हम बिहार बंद करेंगे। चुनाव आयोग के कार्यालय को घेरेंगे। आज हाई कोर्ट जा रहे हैं, मामला दायर करेंगे।' ''इस लड़ाई में हम कांग्रेस के साथ हैं। चुनाव आयोग RSS और सरकार का दफ्तर चला रहा है।' उन्होंने इलेक्शन कमीशन से पूछा- 'आप सरकार के गुंडे हैं क्या।'

#### भाजपा सांसद ने बताया बूथ लूटने वाला नेता

इधर भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने निर्दलीय सांसद को बूथ लूटने वाला नेता बताया है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा- 'पप्पू यादव हमेशा बूथ लूट कर विधायक बनते रहे हैं। इस बार उन्हें तेजस्वी यादव का आशीर्वाद प्राप्त था।' संजय जायसवाल के बयान पर पप्पू यादव ने कहा- 'हम बूथ कैसे लूटेंगे? आपकी ही सरकार थी। इसका मतलब आप असफल हैं। आपको BJP निकाल देगी तब कौन पूछेगा आपको ? आप ही बताइए।'

## शादी से इनकार पर लड़की को मारी गोली, फिर खुद को, दोनों की मौत





अरवल. अरवल में शुक्रवार को एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी शूट कर लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अरवल सदर थाना क्षेत्र का है। लड़का और लड़की दोनों नाबालिग थे। आपस में रिश्तेदार भी थे। यह वारदात खादी भंडार के पास खनगाह रोड मोहल्ले में हुई। पुलिस ने घटनास्थल से 3 खोखे और एक कट्टा बरामद किया है। लड़की 11वीं की छात्रा थी, उसकी मिठाई दुकान में लड़का काम करता था। दोपहर में वह लड़की के घर पहुंचा और उसे तीसरी मंजिल पर ले गया। सीढ़ी पर ले जाते वक्त ही प्रेमिका को 2 गोली मार दी, उसके बाद खुद भी सिर में गोली मार ली। हत्या के बाद दोनों की एक तस्वीर भी सामने आई है। इसमें लड़की लाल सूट में ऊपर वाली सीढ़ी पर गिर दिख रही है। लड़का नीचे वाली सीढ़ी पर पड़ा है। करीब 10 सीढ़ियों तक दोनों का खून पसरा हुआ है। लड़की का नाम गुड़िया है। उसकी उम्र 15 साल है। वो अरवल सिपाह गांव में रहती थी। वहीं लड़के का नाम आशीष कुमार है, जो बाजितपुर थाना करपी गांव का था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने जांच शुरू कर दी है। रिश्ते में दोनों ममेरे भाई-बहन बताए जा रहे हैं।

## मधेपुरा में सिर कुचलकर पति-पत्नी की हत्याःबेड पर मिली खून से सनी बॉडी; बेटी बोली- जमीन के झगड़े में हुआ मर्डर

मधेपुरा. मधेपुरा में गुरुवार की शाम बदमाशों ने पीट-पीटकर दंपती की हत्या कर दी गई। पति-पत्नी का शव घर के अंदर खून से बिछावन पर मिला है। मृतक की बेटी रंजन ने जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई है। मृतकों की पहचान दिनेश दास (50) और उसकी पत्नी भूलिया देवी (45) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों शहर के प्रसादी चौक पर सब्जी बेचते थे। घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र के रजनी वार्ड संख्या-14 की है। मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार राजा ने बताया कि 'दिनेश दास की एक बेटी गुरुवार की शाम कॉल कर रही थी, लेकिन किसी ने रिसीव नहीं किया। फिर पड़ोसी को कॉल कर माता-पिता से बात करवाने को कहा। वे लोग घर पहुंचे तो शव चौकी पर पड़ा था।' 'शव देखकर लग रहा है कि दोनों की हत्या सिर कुचल कर की गई है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।' सूचना मिलने के बाद मुरलीगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है।
पड़ोसी पूजा कुमारी ने बताया कि 'मुझे रंजन ने फोन की थी। हम उसके घर गए, दोनों सोए हुए थे। पैर पकड़ कर दोनों जगाने की कोशिश की। वो लोग नहीं जगे तो हम अपने पिता को बुला कर लाए। पापा सिर की ओर जाकर देखा तो दोनों के सिर से खून बह रहा था।' ग्रामीणों ने बताया कि दंपती की एक बेटी है, जिसकी शादी हो गई है। बेटा नहीं है। इसलिए घर में सिर्फ दंपती ही रह रहे थे। बदमाशों ने घर के पीछे झाड़ी में ले जाकर दोनों का मुंह कुचलकर मारा है। इसके बाद दोनों को घर में बिछावन पर लेटा दिया। 2 जुलाई की रात में ही हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। 3 जुलाई की शाम हमलोगों को सूचना मिली। मृतक दंपती की बेटी रंजन कुमारी ने बताया कि 'मैं अपने ससुराल में थी। माता-पिता से बात करने के लिए फोन की, लेकिन कॉल रीसिव नहीं हो रहा था। फिर पड़ोसी को फोन कर कहा बात करवा दीजिए। पड़ोसी गए तो दोनों का शव बेड पर पड़ा मिला। फिर घटना की जानकारी दी।' पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। इसके साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि हत्या के कारण स्पष्ट नहीं है। हालांकि, हर पॉइंट पर जांच की जा रही है। परिजनों के बयान पर FIR दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## बेगूसराय में अपहरण के बाद ज्वेलर का मर्डरःलड़की से रिलेशन बनाते पकड़ा, इसके बाद हत्या हुई; एक घर में मिली बॉडी

बेगूसराय. बेगूसराय में शुक्रवार सुबह ज्वेलर की एक घर में लाश मिली है। हत्या के बाद बॉडी को यहां फेंका गया है। सुनील कुमार (28) बुधवार शाम से लापता थे। फतेहपुर गांव में ज्योति ज्वेलर्स के नाम से उनकी शॉप है। बुधवार को आखिरी बार पत्नी से उनकी बात हुई थी। इसके बाद फोन बंद हो गया था। उन्होंने पत्नी से कहा था कि 'मैं सामान की डिलीवरी देने जा रहा हूं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ज्वेलर के अंडरगारमेंट पर सीमेन के निशान मिले हैं। साक्ष्य इस ओर इशारा कर रहे हैं कि सुनील को किसी ने लड़की से रिलेशन बनाते पकड़ा। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव की है। गुरुवार शाम तक सुनील के नहीं लौटने पर परिजनों ने सिंघौल थाना को जानकारी दी थी। पुलिस मामले की छानबीन कर ही रही थी। इस दौरान शुक्रवार सुबह में फतेहपुर चौक के बगल में ही स्थित एक घर के कैंपस में उसकी लाश पड़ी हुई मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह एक महिला जब झाड़ू लगा रही थी। तब आंगन में किसी को पड़ा देखा। उसने हल्ला मचाया, तो लोगों की भीड़ जुट गई। तब मृतक की पहचान हुई। शव देखने के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस इसकी सूचना दी। लोगों ने बताया कि वो बुधवार दोपहर में करीब 3 बजे दो युवकों के साथ बाइक से गया था। मौसेरे भाई दिनेश साह ने बताया- 'शाम में पत्नी ने पूछा था कि कहां हैं। उसके बाद फोन बंद ऑफ हो गया। 3 बजे इसे कोई दुकान से ले गया था। आज लाश मिली है। अपहरण के बाद उसका मर्डर हुआ है। मुझे नहीं पता कि किसने मारा है।' 'पिता ने मुझे बताया कि मनोज कहीं चला गया है। हम लोग आए और उसी समय से सब लोग खोज रहे थे। सुबह हमें उसकी लाश मिली है। हत्या किसने और क्यों किया इसका पता नहीं है। किसी लड़ाई-झगड़े की जानकारी भी परिजनों को नहीं है।' 'योगेन्द्र साह के घर के कैंपस में लाश मिली है। उसने कहा कि एक औरत मेरे गेट के सामने में झाड़ू लगा रही थी। उसने लाश को देखा। वो 4 आदमी को बुलाकर ले आई। यहां लोगों की भीड़ जुट गई। पता चला कि ये लाश बगल के ज्वेलर की है।'



# पटना में डॉक्टर ने दुपट्टे से गला घोंटकर की पत्नी की हत्या



पटना. पटना में डॉक्टर ने अपनी पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या की। इसे सुसाइड बताने के लिए लाश को फंदे से लटका दिया। शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने भाई के बयान पर पति, सास समेत 3 पर हत्या का केस दर्ज किया है। घटना के बाद से डॉक्टर अभिजीत सिन्हा अपने तीनों बच्चों के साथ गायब है। DSP लॉ-एंड-ऑर्डर कृष्ण मुरारी ने भी दुपट्टे से हत्या की बात कही है। गुरुवार को किदवईपुरी में डॉक्टर अभिजीत सिन्हा की पत्नी की फंदे से लटकी लाश मिली थी। परिवार अस्पताल ले गया। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 36 साल की सृष्टि श्रेया के रूप में हुई है। घटना बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर की है। सृष्टि श्रेया की मां और बहन का आरोप है कि अभिजीत का कई लड़कियों से अफेयर चल रहा था। इसे लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़े होते थे। इसे लेकर उसने सृष्टि की हत्या कर दी। मृतका की बहन ज्योत्सना सिन्हा ने बताया कि- 'मेरी दीदी से गुरुवार सुबह 11 बजे वीडियो कॉल पर बात हुई। वो बहुत खुश थी। 20 जुलाई को मेरा बर्थडे है। उसने कहा था कि अच्छे से सेलिब्रेट करेंगे।' '1 बजे के आसपास मेरे भाई को मेरे जीजाजी का फोन कॉल आया। उनकी मां ने बताया कि सृष्टि ने फांसी लगा ली है। इन लोग 2 घंटे तक हम लोगों को घुमाते रहे। कभी कहा उदयन हॉस्पिटल ले जा रहे हैं। कभी PMCH। फिर PMCH में मेरी बहन को मृत घोषित कर दिया गया।' 'भाई ने मुझे कॉल किया तो पता चला कि दीदी के देवर उसे हॉस्पिटल लेकर गए थे। सास और जीजा घर पर ही थे। जबतक पोस्टमॉर्टम हुआ, ये लोग भाग गए।' ससुरालवालों ने ये कहा है कि मेरी दीदी ने बहस के बाद फांसी लगा ली। जबकि कल ही ये लोग कहीं गए थे, जहां बहस के बाद मेरे जीजाजी ने दीदी को बीच रास्ते में उतार दिया था। वो पार्क में बैठी हुई थी। जीजा का गुस्सा बहुत खराब था, वो पहले भी मारपीट कर चुके थे। सेटलमेंट के बाद मेरी बहन को लेकर आए थे। बहन का जेवर गिरवी रखकर देवर को पैसा देते थे। इनके फादर इनकम टैक्स में कमिशनर थे, उनके पद का इस्तेमाल कर जीजाजी के अफेयर का एक केस दबाया था। सृष्टि की मां का आरोप है कि 'बेटी आत्महत्या कर ही नहीं सकती। वो बहुत बहादुर थी। उसकी हत्या की गई है। मर्डर के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है, ताकि इसे सुसाइड बताया जा सके। दोपहर में सृष्टि से बात हुई थी।'

#### 2012 में डॉक्टर से हुई थी शादी

सृष्टि की शादी साल 2012 में डॉ. अभिजीत सिन्हा से हुई थी। डॉ. अभिजीत बेगूसराय में नेशनल हॉस्पिटल में तैनात हैं। उन्होंने कटिहार से MS की डिग्री ली है। अभिजीत के पिता स्व. दीपक कुमार सिन्हा कस्टम कमिशनर के पद से रिटायर हुए थे। डॉक्टर मां नीलम सिन्हा, पत्नी सृष्टि सिन्हा और तीन बेटों के साथ सेकेंड फ्लोर पर रहते हैं। सृष्टि मूल रूप से नवादा की रहने वाली थीं। दोनों के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। एक की उम्र 11 साल, दूसरे की 9 साल और तीसरे की 7 साल है। सभी पढ़ाई करते हैं।

## बैंक में जमा राशि का पूर्ण बीमा क्यों नहीं, बैंक उपभोक्ताओं से लूट

भारतीय बैंकों में करोड़ों लोगों की राशि बचत खाते और एफडी के रूप में जमा है। सरकार ने बैंकों को अब दिवालिया कानून के अंतर्गत ला दिया है। बैंक में ग्राहकों की जमा राशि पर पहले एक लाख, बाद में 2 लाख और अब अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा किया जाता है। इस बीमा की वर्तमान पाँच लाख रुपए की सीमा को दस लाख तक करने की चर्चाएँ संसद ओर वित्त मंत्रालय में हो रही हैं। सवाल यह है, कि जब सरकारी बैंकिंग को सबसे सुरक्षित समझा जाता था। अब बैंक दिवालिया कानून की जद में आ गए हैं। बैंकों में जमाकर्ता की पूरी रकम सुरक्षित होनी चाहिए। बैंकों में जो राशि जमा है। बैंक डूबने की स्थिति में जमा करता को बैंक में जमा पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। बैंकों के साथ अनुबंध के तहत नागरिक अपनी जीवनभर की बचत बैंकों को सौंपते हैं। डिपॉजिट इंश्योरेंस योजना 1962 से लागू है। आरंभिक सीमा 1,500रुपए थी। बढ़ते-बढ़ते 1993 में इस राशि को एक लाख और 2020 में 5 लाख किया गया। अब वित्त मंत्रालय इस सीमा को संशोधित करने पर विचार कर रहा है। आँकड़े बताते हैं, कि 97.8 प्रतिशत बैंक खाते पूरी तरह से बीमित हैं। इसके बाद भी कुल जमाराशि का केवल 43.1प्रतिशत राशि ही बीमा के दायरे में आती है। बैंक के खाते भले सुरक्षित लगें, पर 500000 से अधिक जमा राशि आज भी जोखिम में है। बीमा का मूल उद्देश्य प्रत्येक जमाकर्ता के धन वापसी की गारंटी होनी चाहिए। बीमित बैंक खाते में "मिनिमम गारंटी" का औचित्य बैंक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है। बैंकों का जोखिम आम जमाकर्ताओं के कंधों पर क्यों डाला जा रहा है।

मार्च 2024 तक डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड में 1,98,753 करोड़ रुपए उपलब्ध थे। वर्ष 2024 मे बैंकों ने 23,879 करोड़ प्रीमियम जमा किया। बीमा दावों का भुगतान केवल 1,432 करोड़ का हुआ। ये आँकड़े दर्शाते हैं, कोष के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध है। बैंक यदि दिवालिया होते हैं, तो अनियंत्रित दावों की स्थिति में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान हो सकती है। इसलिए सरकार और बीमा फंड, बैंकों में जमा राशि को एक निश्चित राशि तक ही बीमा से कवर करने की बात करता है। हालिया मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार 10 लाख या उससे अधिक के विकल्प पर विचार कर रही है। इससे अधिकांश मध्यमवर्गीय खाताधारकों की पूँजी कुछ हद तक सुरक्षित हो जाएगी। मौजूदा निःशुल्क सीमा 10 लाख के ऊपर की राशि के लिए जमाकर्ता को एक ऐड-ऑन कवर की सुविधा दी जानी चाहिए। जैसे वाहन बीमा में ऐक्सेसरी को कवर किया जाता है। पिछले 10 साल से बैंकों में जिनके खाते हैं। उन खाता धारकों से सुनयोजित रूप से लूट की जा रही है। पहले एटीएम पर चार्ज लगाया, फिर बैलेंस, एसएमएस, चेक, मिनिमम बैलेंस एवं तरह-तरह के शुल्क वसूल कर बैंक अपने उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। जिन लोगों की जमा राशि के ब्याज से उनका मासिक खर्च चलता है। बैंक ब्याज दरें घटती चली जा रही हैं। लोग अपना जरूरी खर्च भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब बैंकों में जमा राशि भी सुरक्षित नहीं रही। करोड़ों लोगों की जीवन भर की कमाई बैंकों में जमा है। ऐसी स्थिति में लोगों की चिंता बढ़ रही है। केंद्र सरकार जितने भी नियम कायदे कानून बना रही है, उसमें उपभोक्ताओं के हितों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। केंद्र सरकार बैंकों और कॉर्पोरेट हितों का ध्यान रखते हुए बैंक उपभोक्ताओं को बैंक की कमाई का जरिया बना रही है। आयकर के नियम इस तरीके के बना दिए गए हैं। हर लेन-देन बैंक के माध्यम से होते हैं। एक निश्चित राशि से ज्यादा नगद राशि घर पर नहीं रखी जा सकती है। एक निश्चित राशि से ज्यादा का नगद लेन-देन नहीं हो सकता है। बैंकों में जमा रकम से ऑनलाइन धोखाधड़ी हो रही है। सरकार ने बैंक के उपभोक्ताओं को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। हर साल अरबों रुपए की धोखाधड़ी बैंकों से हो रही है। जिनके खाते से धोखाधडी हुई है, वह साइबर क्राइम ब्रांच, पुलिस और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। न उन्हें पैसा मिल रहा है। उल्टा उनका पैसा मुकदमेबाजी और शिकायतों में खर्च हो रहा है। बैंक खाते अब लोगों के लिए जी का जंजाल बन रहे हैं। बैंक बिना बताए खाते से राशि काट लेता है। उपभोक्ता अपनी लड़ाई लड़ ही नहीं सकता है। बैंक उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते नहीं हैं। बैंकिंग लोकपाल के हाथी के दांत हैं। लोकपाल के पास शिकायत करने के बाद उपभोक्ता के हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है। बैंकिंग लोकपाल बैंकों का बनकर रह गया है । रिजर्व बैंक के भी बड़े-बड़े दांत दिखाने के जरूर हैं। सरकारी बैंक हों, या प्राइवेट बैंक हों, सब अपनी मनमानी कर रहे हैं। रिजर्व बैंक थोड़ा-मोड़ा जुर्माना करके उन्हें छोड़ देता है। बैंक उपभोक्ता हर तरफ से लूट के शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब बैंकों के खिलाफ जनाक्रोष पनपने लगा है। केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय को इस दिशा में सजगता के साथ निर्णय करने की जरूरत है। समय रहते यदि स्थितियों में सुधार नहीं किया गया, तो बैंकिंग व्यवस्था और अर्थव्यवस्था डगमगाते हुए देर नहीं लगेगी।

## शांति से काम लें और असलियत क़ो समझें

आज विज्ञान का युग इतना बढ़ गया है कि हर तरफ विज्ञान का डंका बजाने वाले देश अब विज्ञान से विनाश की ओर जा रहे हैं आदमी सुबह उठता है रात में आराम करता है बाद में जब घर आता है तो हर तरफ युद्ध का समाचार सुन सुन कर बोर होने लगता है इससे पहले था ब्लैक एंड वाइट टीवी का जिसमें लोग एक चैनल देखते थे और टीवी से ख़ुशी मिलती थी टीवी मनोरंजन हेतु होता है दूसरे देश का युद्ध से हमारा क़ोई लेना देना नहीं है इससे लोग उब चुके है और जब वही चीज बार बार सुनने क़ो मिलता है तो और भी गुस्सा आता है और टीवी क़ो बन्द कर देते है हैरानी की बात यह है कि सभी में एक ही चीज चलता है ख़ासकर इजराइल और ईरान का युद्ध जो यहाँ से बहुत दूर है अब तो छोटे देश अर्मेनीया और रूस का भी समाचार मिल रहा है जबकी बीते 3साल से रूस और यूक्रेन का लागातार युद्ध देख देख कर लोग उब चुके है और देश में चुनाव से लेकर 15 साल पूरानी गाड़ी क़ो दिल्ली में पेट्रोल नहीं मिलेगा रेल में  किराया बढ़ गया मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाकर मोबाइल पर सुने आजान ये सब तमाम खबरें बकबास नजर आती है क्योंकि उससे आपको क्या मिला हाँ ऐ  दिखाया जाए पढ़ाई कैसे की जाए रोजगार कैसे मिले तो सभी के लिए लाभकारी होगा भगवान राम के बारे में कुछ दिखा दो लोगों क़ो शौक नहीं है पुरानी गाड़ी पर चलने का लेकिन उनकी इनकम और ख़र्ज देखिए और गाड़ी फ्री में तो नहीं मिल रही है धर्म में कौन क्या कर रहा है इससे क्या लेना डेन्स धर्म वास्तव में सही ज्ञान  धारण करना है अपने आप क़ो पहचानने का सही संदेश है लोगों का अपना अपना धर्म है और वो कर्म करने का रास्ता बतलाता है और जैसा कर्म करोगे वैसा फल देगा भगवान ऐ गाना भी सुना होगा भगवान श्री राम के बारे में कुछ लोग समझना पसंद करते हैं कुछ नहीं कहते हैं ऐ नया जमाना है समय अब बदल गया है और आज तो न्यूज में ऐ सुनाई देती है कि पती ने पत्नी से तंग आकर आत्महत्या कर लिया और नबी किया है तो हत्या कर दिया गया आदमी की भावना समझना चाहिए एज एक पैसा कितनी मेहनत से कमाता है और जब पानी में बहता देखता है तो स्वभाविक है कि वह तंग हो जायेगा अतः हमें बच्चों में अच्छा संस्कार देना चाहिए टीवी से दूर रख कर पढ़ाई में मेहनत करोगे तभी सफलता हासिल होगी और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वही देश की सेवा में काम आएगा भगवान राम जैसे पहले दिखते थे वैसे आज भी दिखते हैं लेकिन पहले लोगों में आस्था प्रबल थी इसलिए जब रामानन्द सागर की फ़िल्म रामायण टीवी पर आयी तो पूरा दुकान बन्द और रोड पर रामायण देखने के लिए सब दुकान बन्द कर देते थे जैसे मानी कर्फू लगा है समय भी वही है पहले भी घंटा में 60 मिनट होते थे वो आज भी उतना ही हैं कुछ बदला है तो समय का चक्र और वह किसी का इंतज़ार नहीं करता इसलिए समय नहीं लोग बदल गए हैं जिसे सुधारने की आवश्यकता है पढ़ाई करना साथ साथ मानवता की रक्षा लोगों क़ो मदद करना गरीबों की सेवा करना माता पिता की सेवा करना ही हमारा धर्म है भगवान श्री राम भी यही संदेश दिए हैं और आप इस दुनिया से आखिर लेकर क्या करने जा सकते हैं अपना कर्म माता पिता की सेवा मामवता की रक्षा करना ही आपकी असली पूंजी है जो स्पस्ट रूप से दिखाई तो नहीं देती लेकिन यही सत्य है अतः धन दौलत हीरा जवाहरत ऐ सब आकर्षित करते हैं और समय पर काम भी आते हैं लेकिन कुछ समय के लिए बाद में नस्ट होना तय है लेकिन जो गरीब है उसे भी ईश्वर उसको बचाता है और समय पर काम आता है शरीर क़ो बनाने वाला ही शरीर क़ो ठीक करना जानता है और असंभव क़ो संभव बनाता है प्रभु राम के चरण के स्पर्श मात्र से अहिल्या क्यों जीवित हो गई क्योंकि भगवान राम इतने पवित्र थे और 14 साल पैदल चलने के कारण उनके चरणों में सकारात्मक ऊर्जा निकलती है जो हर दोष क़ो दूर करती है इसलिए अपने क़ो समझने की कोशिश करें भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और धर्म के आधार स्तंभ माने जाते हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में धर्म, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का पालन किया। श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जिससे हम जीवन में आदर्श व्यवहार, संयम, और सत्य की राह पर चलने की सीख ले सकते हैं।

## प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर? पलायन को मजबूर प्रदेश का युवा


> "मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जैसे ही सत्ता में आई और आते ही व्यापमं घोटाला का बाजार सजा दिया । इस घोटाले का पहला रूप पीएमटी फर्जीवाड़ से संबंधित था। यह टेस्ट परीक्षा भी 13 विभागों से अधिक में सरकारी नौकरी में सीधी भर्ती के लिए थी। इस व्यापमं परीक्षा में प्रदेश के 75 लाख से अधिक युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया जिसका  इल्ज़ाम भी विपक्ष ने लगाया और दो बार सदन में इस विषय को लेकर हंगामा भी किया गया । इस महा घोटाले के संदर्भ में तो स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2006 में विधान सभा में जांच कराने की बात स्वीकारी थी । मगर हजारों युवाओ को बर्बाद करने वाले इस घोटाले पर अब तक पर्दा ही डालकर रखा गया है ।"


मयंक डहेरिया

जैसे जैसे चुनाव के वर्ष का समय नजदीक आता है वैसे वैसे सत्ता में बैठी सरकार भी योजनाओ को गति देने में लग जाती हैं। मध्यप्रदेश के कुछ वर्गो को लुभाने के लिए सरकारी खजाने के भंडार खोल दिए जाते हैं। भाजपा का कांग्रेस के लिए तंज भी वही पुराना वाला शुरू हो जाता कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने वर्षो से इस देश में राज किया लेकिन लोगों के लिए क्या किया केवल मुफ्त की रेवडियां बांटी हैं। लेकिन भाजपा सरकार यह कैसे भूल जाती है कि वो खुद रेवडियां बांटकर ही लगातार चुनाव जीत रही है।

दुख इस बात का है कि भाजपा जिन लाड़ली बहनों को हर माह रूपए दे रही है, क्या उन्हें इस बात की जानकारी नही है कि इन बहनों के पढ़े लिखे बेटे बेटियों को भी रोजगार की शक्त जरूरत होगी ? क्या 1250 रुपए में इन बहनों का घर चल सकता है ? आज इनके घरों में बैठे पढ़े लिखे युवाओ के पास कोई विकल्प नही हैं। केवल दूसरे राज्यों में पलायन के सिवा ? मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बेरोजगारी के मुद्दे में पूरी तरह से फेल और मौन रही है। बीते वर्षों में  कुंभ के मेले की तरह 12 वर्षों में आई राजस्व विभाग में पटवारी की नौकरी भी खुद भाजपा की भेंट चढ़ गई। प्रदेश में 6 हजार पदों पर 12 लाख आवेदन आए थे जिसमें 4 लाख से अधिक आवेदन करने वाले वो बेरोजगार थे, जिन्होंने इंजिनियर, एम बीए, और पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण थी। जिसमें स्नातकोत्तर के 01 लाख 80 हजार, एमबीए के  80 हजार, इंजिनियर बीई• और बीटेक के 85  हजार और पीएचडी के 1000 छात्रों ने पटवारी परिक्षा के लिए आवेदन किया था और जिसके के लिए अभ्यर्थी से 300 रूपए फीस भी ली गई थी। इस परीक्षा में ऐसे मेहनतकश ईमानदार प्रतियोगी भी शामिल हुए थे जिनकी तैयारी वर्षों से चल रही थी जिनका परीक्षा में फेल होना संभव ही नही था । दूसरी तरफ भाजपा सरकार के भ्रष्ट तंत्र में उसी वर्ष ग्वालियर के एक ही सेंटर से 7 गधों ने टॉप करके सबको चौंका दिया था। जब हमारे सहयोगी पत्ररकारों इन टॉपर से बात की इनका इंटरव्यू लिया तो इसमें से एक टॉपर ने मध्यप्रदेश की राजधानी को ग्वालियर बनाकर रख दिया था। इससे बड़ी शर्मनाक की बात कुछ और नही हो सकती। एक ही सेंटर से टॉप करने का जब यह मामला सामने आया था उस समय शिवराज सरकार ने अपनी साख बचाने के लिए परीक्षा के बाकी परिणाम भी तुरंत रोक दिए। या यू कहिए कि एक प्रकार से पूरी परीक्षा के परिणाम ही रद्द कर दिए गए। जिन अभ्यर्थीयों ने मेहनत मजदूरी करके अपनी फीस भरी थी सरकार ने वो भी डकार गई। इन बेरोजगारों  से लगभग 3 हजार 600 करोड़ रूपए फीस वसूली गई और न नौकरी मिली और ना ही फीस के रूपए वापस हुए। इस प्रकार सरकार ने उल्टे बेरोजगारों से ही अपनी तिजोरी भर ली ।

मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने 22 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारों को छला है कभी व्यापमं घोटाले में तो कभी पटवारी परीक्षा घोटाले में। यशोधरा राजे सिंधिया ने भी उस समय विधान सभा में इस बात को स्वीकारा था कि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में रजिस्टर्ड शिक्षित बेरोजगारों की संख्या उस समय 37 लाख 80 हजार 679 थी । जिन्हें आज तक रोजगार नही मिला । जिन्होंने इंतजार में अपनी उम्र निकाल दी। सितंबर से दिसंबर 2022 की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मध्यप्रदेश में 2 करोड़ 50 लाख 97 हजार लोग ऐसे हैं जो बिल्कुल हर तरह के छोटे काम करने को मजबूर हैं, एक इंजिनियर भी मजदूरी करने को मजबूर है। लेकिन इन्हें भी  रोजगार नही मिलता।

दुख इस बात का है कि इन आंकड़ो में 20 से 24 वर्ष की पढ़ी लिखी युवतियां है जिन्हें 82•41 प्रतिशत काम आज भी नही मिलता। यही वजह है की भाजपा की शिवराज सरकार के 17 वर्षों के दौरान भी प्रदेश में कई छात्र पढ़े लिखे बेरोजगारों ने आत्महत्या कर ली थी। मध्यप्रदेश सरकार के रोजगार देने की पोल खोलती एक रिपोर्ट जिसमें विधान सभा में वर्ष 2021- 22 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया था जिसमें एक वर्ष में 5•51 लाख बेरोजगार युवाओ का बढ़ा हुआ यह आंकड़ा सभी को हैरान करता है ।इसी वर्ष शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़कर 95 •07 प्रतिशत हो गई थी लेकिन सरकार ने किसी को भी रोजगार उपलब्ध नही करा पाई। यही वजह रही है कि प्रदेश में लगातार बढ़ती बेरोजगारों की संख्या चरम पर पहुंच गई।

दुख और शर्म की बात कि कुछ वर्ष पहले भी विभिन्न विभागों में चपरासी और चौकीदार के पदों की भर्ती भी आई थी। इस चतुर्थ श्रेणी के 1333 पदों के लिए सरकार ने ऑठवी पास योग्यता रखी थी लेकिन मध्यप्रदेश के बहुत बढ़े लिखे बेरोजगार युवाओ का दुर्भाग्य देखिए की रोजगार ना मिलने के चलते उन्होंने यहां पर भी आवेदन किया था जिसमे भी बीटेक, इंजिनियर, एमकॉम, एम एससी ,और एम ए पढ़ लिखे डिग्री धारियों ने इस पोस्ट के लिए आवेदन किए थे। इसमें कुल 4 लाख आवेदन आए थे जिसमें 62 हजार इन  बड़ी डिग्री धारियों के थे।  यही वजह रही की इन में से कुछ बेरोजगार को रोजगार नही मिलने से इनमें इस हद तक निराशा थी कि इन्हें अपने उज्वल भविष्य बनते नही दिखाई दे रहा था इस कारण इन्होंने अत्महत्या कर ली ।

देश का सबसे बड़ा महा परीक्षा घोटाला मध्यप्रदेश में हुआ है। जिसे व्यापमं परीक्षा कहा जाता था ।इस परीक्षा के माध्यम से बड़े बड़े पदों की सीधी भर्ती की जाती थी। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जैसे ही सत्ता में आई और आते ही व्यापमं घोटाला का बाजार सजा दिया । इस घोटाले का पहला रूप पीएमटी फर्जीवाड़ से संबंधित था। यह टेस्ट परीक्षा भी 13 विभागों से अधिक में सरकारी नौकरी में सीधी भर्ती के लिए थी। इस व्यापमं परीक्षा में प्रदेश के 75 लाख से अधिक युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया जिसका इल्ज़ाम भी विपक्ष ने लगाया और दो बार सदन में इस विषय को लेकर हंगामा भी किया गया । इस महा घोटाले के संदर्भ में तो स्वयं मुख्यमंत्री  शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2006 में विधान सभा में जांच कराने की बात स्वीकारी थी । मगर हजारों युवाओ को बर्बाद करने वाले इस घोटाले पर अब तक पर्दा ही डालकर रखा गया है । यह घोटाला इतना बड़ा था कि स्वयं सीबीआई ने भी इस घोटाले की व्यापकता को देखते हुए सर्वोच्च अदालत में इसकी जांच में अपनी असमर्थता दिखाई थी। यह बेहद शर्मनाक तथ्य है कि व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने न सिर्फ युवाओ के भविष्य को लूटा बल्कि बीते 10 साल में उसने इन बेरोजगार युवाओ से 1046 करोड़ रुपए फीस के रूप में वसूल करके शुध्द रूप से 455 करोड़ रूपया भी कमा लिए। यही नही समय आने पर सबूत मिटाने के लिए भाजपा सरकार ने सतपुड़ भवन व कभी वल्लभ भवन में अग्निदेव का सहारा भी लिया है जिसे प्रदेश का बच्चा-बच्चा भी जानता है।

## छत्तीसगढ़ की राजनीति और नक्सलवादः दामाद की संज्ञा में उलझी सियासत


> "यह "दामाद" शब्द की राजनीति असल में मुद्दों से भटकाव पैदा करती है। नक्सलवाद जैसे गंभीर और जटिल विषय को राजनीतिक तकरार का हिस्सा बनाकर दोनों ही दलों ने साबित किया है कि वे समस्या के समाधान में नहीं, उसे भुनाने में रुचि रखते हैं। छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा वन और खनिजों से समृद्ध है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे इलाके अयस्क, कोयला, बॉक्साइट आदि से भरपूर हैं। पर यही संसाधन इन क्षेत्रों के लिए अभिशाप भी बन गए हैं। बड़े-बड़े खनन प्रोजेक्ट्स, स्टील प्लांट्स और औद्योगिक कॉरिडोरों के लिए आदिवासियों को उनकी भूमि से विस्थापित किया गया।"


सत्यप्रकाश दुबे

छत्तीसगढ़ की राजनीति में नक्सलवाद एक बार फिर एक बड़े राजनीतिक विवाद का कारण बन गया है। कुरुद के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता अजय चंद्राकर ने हाल ही में कांग्रेस पर नक्सलियों को "दामाद" कहकर हमला बोला, जिसके बाद कांग्रेस की ओर से तीखा पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पूंजीपतियों अदानी-अंबानी को "दामाद" बताकर भाजपा पर पलटवार किया। इस बयानबाज़ी ने न केवल प्रदेश की राजनीतिक बहस को गर्मा दिया, बल्कि एक बार फिर यह सवाल उठाया कि क्या नक्सलवाद को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है? छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर यह आरोप लगाया कि नक्सली "कांग्रेस के दामाद" हैं। उनके अनुसार, जब-जब नक्सली आए, कांग्रेस ने वैसा ही स्वागत किया जैसा कोई दामाद का करता है। उनका तर्क है कि 1980 के दशक में जब छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश का हिस्सा) पूरी तरह कांग्रेस के अधीन था, तब आदिवासी क्षेत्रों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते वहां नक्सलियों की पैठ बनी। वे इसे कांग्रेस की "शोषणकारी राजनीति" का परिणाम बताते हैं। उनके बयान में यह भी संकेत था कि कांग्रेस की सरकारों ने नक्सल समस्या को गंभीरता से लेने की बजाय कभी-कभी उनके प्रति नरमी दिखाई, जिससे उनकी ताकत बढ़ी। चंद्राकर ने कांग्रेस को आदिवासी हितों का सबसे बड़ा शोषक करार देते हुए कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद जिंदा है तो उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। अजय चंद्राकर के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने कहा कि अजय चंद्राकर का बयान पूरी तरह से निराधार और असत्य है। भगत ने पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार (भाजपा) के संरक्षण में छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और औद्योगिकरण के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों का प्रदेश में दामाद की तरह स्वागत हो रहा है। अमरजीत भगत का तर्क था कि आज अगर बस्तर-संरगुजा में विस्थापन, वनाधिकार हनन और औद्योगिक शोषण हो रहा है तो उसकी ज़िम्मेदार भाजपा की आर्थिक नीतियाँ हैं, जिनके केंद्र में कॉर्पोरेट घरानों के हित हैं, न कि आदिवासियों के हक। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कोई नई समस्या नहीं है। इसकी जड़ें 1970-80 के दशक में उस समय पड़ीं जब आदिवासी क्षेत्रों में भूमि, वन और खनिज संसाधनों की लूट शुरू हुई और राज्यतंत्र की पहुँच वहां नहीं थी। ये क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित रहे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी थी। नक्सलवाद ने शुरू में एक "विरोध की आवाज़" के रूप में स्थान पाया। उसने स्थानीय आदिवासियों की ज़मीन, जंगल और अधिकारों की रक्षा के नाम पर समर्थन हासिल किया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन भी हिंसा, खून-खराबा और आतंक का पर्याय बन गया। अब यह सवाल उठने लगा है कि नक्सलवाद की पृष्ठभूमि में कौन ज़िम्मेदार है – शोषक सरकारें, कॉर्पोरेट-राजनीति गठजोड़ या आदिवासी हितों की अनदेखी? छत्तीसगढ़ में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही समय-समय पर नक्सलवाद को अपने-अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपा इसे नक्सलियों के प्रति नरम रवैया बताकर हमला करती थी। अब भाजपा सत्ता में है तो कांग्रेस भाजपा पर पूंजीपतियों के संरक्षण में जंगल उजाड़ने और आदिवासियों को बेदखल करने का आरोप लगा रही है।

यह "दामाद" शब्द की राजनीति असल में मुद्दों से भटकाव पैदा करती है। नक्सलवाद जैसे गंभीर और जटिल विषय को राजनीतिक तकरार का हिस्सा बनाकर दोनों ही दलों ने साबित किया है कि वे समस्या के समाधान में नहीं, उसे भुनाने में रुचि रखते हैं। छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा वन और खनिजों से समृद्ध है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे इलाके अयस्क, कोयला, बॉक्साइट आदि से भरपूर हैं। पर यही संसाधन इन क्षेत्रों के लिए अभिशाप भी बन गए हैं। बड़े-बड़े खनन प्रोजेक्ट्स, स्टील प्लांट्स और औद्योगिक कॉरिडोरों के लिए आदिवासियों को उनकी भूमि से विस्थापित किया गया, वो भी नाममात्र के मुआवज़े पर। वनाधिकार अधिनियम 2006 के बावजूद आज भी हजारों आदिवासी परिवारों को उनके हक से वंचित रखा गया है। जंगल कट रहे हैं, नदियां सूख रही हैं, और इसके बदले स्थानीय लोगों को बेरोजगारी, पलायन और शोषण का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार कॉर्पोरेट घरानों के साथ खड़ी है। विशेष रूप से अदानी और अंबानी जैसे समूहों को खदानें, बिजली प्रोजेक्ट्स, ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और औद्योगिक पार्कों के ठेके मिल रहे हैं। इसके बदले आदिवासी क्षेत्रों को उजाड़ा जा रहा है। यहाँ ये सवाल उठता है – क्या विकास की कीमत आदिवासियों की संस्कृति, पहचान और अधिकारों की बलि देकर चुकाई जा रही है? क्या सरकारें केवल उन निवेशकों के लिए नीति बना रही हैं जो पूंजी लाते हैं, जबकि स्थानीय समुदायों को "विकास की बाधा" मानकर नज़रअंदाज़ कर दिया गया है? सरकारें नक्सलवाद को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, जबकि यह एक सामाजिक-आर्थिक विसंगति की उपज है। पुलिस और सेना की कार्रवाई, सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाएं एक स्तर तक असरदार हो सकती हैं, पर जब तक मूलभूत हक जैसे भूमि का स्वामित्व, शिक्षा, रोज़गार और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक यह समस्या उभरती ही कौन किसका दामाद है? – यह सवाल सिर्फ एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक विमर्श के पतन की निशानी है।

## सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समाधान


किशन सनमुखदास भावननीं


वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है परंतु यदि वही एक से अधिक व्यक्तियों के सामूहिक कार्यों से किया जाए तो उनकी ताकत, बल, संसाधन,ज्ञान तेजी से कई गुना अधिक हो जाता हैजिसमें आने वाली हर चुनौतियों का  मुकाबला कर सफलता पांनें की सटीक कुंजी है,यानें हम आपसी सहयोग कर एक संगठन बनाकर, जिसे सहकारी समिति कहा जाता है, कोई भी काम मजबूती से कर सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सहकारी समितियां एक और एक ग्यारह की तरह काम करती हैं क्योंकि वे सदस्यों के सामूहिक प्रयासों और सहयोग के माध्यम से अधिक ताकत और सफलता प्राप्त करती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सदस्यों की क्षमताएं सीमित हो सकती हैं, लेकिन जब वे एक साथ आते हैं और एक सहकारी समिति के रूप में काम करते हैं, तो वे अधिक संसाधन, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अधिक हासिल कर सकते हैं।संसाधनों का एकीकरण, जोखिम साझा करना,ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान- प्रदान,बार्गेनिंग पावर, सामुदायिक विकास क़ा लक्ष्य होता है, क्योंकि सब मिलकर कर रहे हैं, इसीलिए ही हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को हम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मना रहे हैं। चूँकि वैश्विक स्तरपर सहकारी उद्यनशीलता पारिस्थितिकी तंत्र प्रतिष्ठा को मजबूत करना, सहयोगपूर्ण कानून व नीतिगत कार्य मील क़ा पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है, सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संगम से सटीक सफ़लता की गारंटी हैं, सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है। साथियों बात अगर हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनानेकी करें तो सहकारिताः बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह  संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान हो रहा है - एक दुर्लभ, दशक में एक बार आने वाला अवसर,जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक लचीले समाजों के निर्माण में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के दौर में, इस वर्ष की थीम बहुत कुछ कहती है। सहकारी समितियाँ - अपने सदस्यों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित व्यवसाय - यह दिखा रही हैं कि लाभ से पहले लोगों, ग्रह और उद्देश्य को प्राथमिकता देकर मजबूत समुदायों का निर्माण कैसे संभव है। स्वास्थ्य और आवास से लेकर कृषि, वित्त और स्वच्छ ऊर्जा तक, सहकारी समितियाँ वास्तविक दुनिया के समाधान प्रदान कर रही हैं जो समावेशी, लोकतांत्रिक और टिकाऊ हैं।कॉप्सडे 2025 दो प्रमुख वैश्विक प्रयासों से भी जुड़ता हैः संयुक्त राष्ट्र का उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच , जो प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा कर रहा है, और सामाजिक विकास के लिए आगामी दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन । ये मील के पत्थर हमें याद दिलाते हैं कि सहकारी समितियाँ केवल स्थानीय समाधान नहीं हैं - वे बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं।सहकारी दिवस 2025 मनाने में हमारे साथ शामिल हों , और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें कि कैसे सहकारी समितियां बेहतर विश्व के लिए प्रगति में सहायक हो रही हैं। इस वर्ष के आयोजन के उद्देश्य (1) जन जागरूकता बढ़ाएँ : सतत विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डालें। (2) वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना : सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मजबूत करना। (3) सहायक ढांचे की वकालत करना : वैश्विक स्तर पर सहकारी समितियों के लिए सक्षम कानूनी और नीतिगत वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना। (4) नेतृत्व को प्रेरित करना : उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व को बढ़ावा देना और युवाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल करना।

# मेकर्स ने दिखाई 'रामायण' की पहली झलक, रणबीर और यश को देख फैंस हुए रोमांचित

*नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का अब इंतजार खत्म हुआ है, क्योंकि आखिरकार 'रामायण' का पहला वीडियो जारी कर दिया गया है। इस झलक में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में बेहद प्रभावशाली लग रहे हैं और उनके अवतार को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।*








'रामायण' में कलाकारों की शानदार कास्टिंग ने दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। इस फिल्म में सुपरस्टार यश रावण के दमदार किरदार में नजर आएंगे और टीजर में उन्हें रणबीर कपूर के साथ आमने-सामने देखा जा सकता है। रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में अपने शक्तिशाली अंदाज में नजर आएंगे। विजय सेतुपति विभीषण की भूमिका में दिखाई देंगे, वहीं रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रूप में एक नई छवि में नजर आएंगी। इसके अलावा अरुण गोविल राजा दशरथ का किरदार निभा रहे हैं और कुणाल कपूर भगवान इंद्र की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की स्टारकास्ट को देखकर यह साफ है कि नितेश तिवारी की 'रामायण' एक भव्य और ऐतिहासिक अनुभव देने वाली है।

नितेश तिवारी की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि दो भागों में दर्शकों के सामने आएगी। पहला भाग दिवाली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा। खास बात यह है कि सुपरस्टार यश न सिर्फ रावण की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि इस प्रोजेक्ट से बतौर सह-निर्माता भी जुड़े हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रामायण' का बजट लगभग 835 करोड़ रुपये है, जो इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बना देता है। इस भव्य प्रोजेक्ट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और इसके हर अपडेट को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## दुनियाभर में छाया आमिर खान का जादू

# 'सितारे जमीन पर' ने पार किया 200 करोड़ का आंकड़ा







*आमिर खान की स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब भी दर्शकों के बीच इसकी जबरदस्त पकड़ बनी हुई है। फिल्म को पहले ही सुपरहिट घोषित किया जा चुका है, और दूसरे हफ्ते में भी इसका जादू बरकरार है। 'सितारे जमीन पर' न सिर्फ दर्शकों का दिल जीत रही है, बल्कि लगातार कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी तोड़ रही है। अब 13वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।*

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 2.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस कमाई के साथ फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 132.90 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस फिल्म का जादू कायम है। अब तक दुनियाभर में 'सितारे जमीन पर' ने कुल 208 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि फिलहाल इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस से हिलाना बेहद मुश्किल है।

'सितारे जमीन पर' में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है। फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है। आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# करण जौहर की फिल्म 'नागजिला' में लीड रोल निभाएंगे राजकुमार राव

*बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, अब एक और बड़ी खबर सामने आई है। राजकुमार राव ने अपनी अगली फिल्म के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ हाथ मिला लिया है। आने वाले समय में राजकुमार कई दमदार किरदारों में नजर आने वाले हैं।*



बॉलीवुड रिपोर्ट्स के अनुसार कार्तिक आर्यन के साथ 'नागजिला' बनाने के बाद अब करण जौहर एक बिलकुल अनोखी क्रिएचर फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें लीड रोल के लिए राजकुमार राव को कास्ट किया गया है। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन संदीप मोदी कर रहे हैं, जिन्होंने अब तक अपने थ्रिलर शैलियों से दर्शकों का ध्यान खींचा है। दिलचस्प बात यह है कि राजकुमार और करण पहले भी 'मिस्टर एंड माही' (2024) के सेट पर साथ काम कर चुके हैं, जहां राजकुमार की को-स्टार जाह्नवी कपूर थीं। अब दोनों की जोड़ी एक बार फिर नए और चुनौतीपूर्ण विषय के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। राजकुमार ने संदीप मोदी के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता जताई है और बताया है कि यह फिल्म उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव साबित होगी। फिल्म की कहानी अभी लिखी जा रही है और निर्देशक संदीप मोदी ने प्री-प्रोडक्शन का काम भी शुरू कर दिया है। यह क्रिएचर थ्रिलर नवंबर में शूटिंग शुरू करेगी और 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक देगी। खबर है कि राजकुमार राव को इस प्रोजेक्ट के लिए 12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी फीस मानी जा रही है।

# 'बजरंगी भाईजान' के बाद अब साउथ की फिल्मों में दिखेंगी हर्षाली मल्होत्रा

*कबीर खान के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म 'बजरंगी भाईजान' आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाए हुए है। 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म में सलमान खान और करीना कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन जिस किरदार ने सबसे ज्यादा दिल जीते, वो थी छोटी मुन्नी, जिसे निभाया था हर्षाली मल्होत्रा ने। अपनी मासूमियत और सादगी से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली हर्षाली एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। हाल ही में उनकी अगली फिल्म की घोषणा हुई है, जिसमें वह एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगी। फैंस हर्षाली को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।*




बजरंगी भाईजान में मुन्नी बनकर सबका दिल जीतने वाली हर्षाली मल्होत्रा एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। उस फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया था और क्रिटिक्स ने भी जमकर तारीफ की थी। अब हर्षाली एक साउथ फिल्म के जरिए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। हर्षाली जल्द ही 'अखंडा-2' में नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में हर्षाली का इस फिल्म से फर्स्ट लुक जारी हुआ है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'अखंडा-2' का पोस्टर शेयर करते हुए इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खुशी जाहिर की है। उनके इस नए अवतार को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं।

'अखंड-2' की घोषणा के बाद हर्षाली मल्होत्रा चर्चा में आ गई हैं। बजरंगी भाईजान के बाद अब हर्षाली इस बड़े बजट के प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। यह फिल्म दशहरे के शुभ अवसर पर यानी 25 सितंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम जैसी 5 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए हर्षाली मल्होत्रा करीब 10 साल बाद एक्टिंग फील्ड में वापसी कर रही हैं।

# अक्षय-सैफ की जोड़ी फिर करेगी धमाल, प्रियदर्शन की फिल्म को मिला टाइटल

**अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी करीब 17 साल बाद फिर एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है। दोनों सितारे एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं, जिन्होंने 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया' और 'दे दना दन' जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं। अब दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ, क्योंकि अक्षय-सैफ स्टारर इस फिल्म के नाम से आखिरकार पर्दा उठ गया है।**

**रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय कुमार, सैफ अली खान और निर्देशक प्रियदर्शन की अपकमिंग फिल्म का नाम 'हैवान' रखा गया है। मेकर्स का कहना है कि यह टाइटल फिल्म की कहानी के साथ पूरी तरह मेल खाता है। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और इसकी शूटिंग अगस्त 2025 से शुरू की जाएगी। अगर सब कुछ तय वक्त पर हुआ, तो यह थ्रिलर फिल्म अगले साल के मध्य तक सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, फिलहाल रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।**

**अक्षय कुमार और सैफ अली खान को आखिरी बार साल 2008 में रिलीज़ हुई फिल्म 'टशन' में एक साथ देखा गया था। इस एक्शन-ड्रामा फिल्म में करीना कपूर और अनिल कपूर ने भी प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं और इसका निर्देशन विजय कृष्ण आचार्य ने किया था। अक्षय और सैफ की जोड़ी ने 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' (1994), 'ये दिल्लगी' (1994), 'तू चोर मैं सिपाही' (1996) और 'कीमत' (1998) जैसी कई हिट और कल्ट क्लासिक फिल्में बॉलीवुड को दी हैं, जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था।**





# जानें, मंगलसूत्र धारण करने के नियम और इसका महत्व

*सनातन धर्म में विवाह में मंगलसूत्र का सबसे अहम स्थान है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन का प्रतीक माने जाने वाले मंगलसूत्र को धारण करने के नियम और सावधानियां भी बतायी गयी हैं।*



मंगलसूत्र एक काले मोतियों की माला होती है, जिसे महिलाएं अपने गले में धारण करती हैं। इसके अंदर बहुत सारी चीज़ें जुड़ी होती हैं और हर चीज़ का सम्बन्ध शुभता से होता है। माना जाता है कि मंगलसूत्र धारण करने से पति की रक्षा होती है और पति के जीवन के सारे संकट कट जाते हैं जबकि यह महिलाओं के लिए भी रक्षा कवच और सम्पन्नता का काम करता है।

मंगलसूत्र के अंदर क्या-क्या चीज़ें होती हैं?
मंगलसूत्र में पीला धागा होता है। इसी पीले धागे में काली मोतियाँ पिरोई जाती हैं। साथ में एक सोने या पीतल का लॉकेट भी लगा हुआ होता है। यह लॉकेट गोल या चौकोर , दोनों हो सकता है। मंगलसूत्र में सोना या पीतल भले ही न लगा हो पर पीले धागे में काली मोतियाँ जरूर होनी चाहिए।

**मंगलसूत्र में लगी हुयी चीज़ें कैसे ग्रहों को नियंत्रित करती हैं** ?: मंगलसूत्र का पीला धागा और सोना या पीतल बृहस्पति का प्रतीक ह। जिससे महिलाओं का बृहस्पति मजबूत होता है। काले मोतियों से महिलाएं और उनका सौभाग्य बुरी नज़र से बचे रहते हैं। यह भी मानते हैं कि मंगलसूत्र का पीला हिस्सा माँ पार्वती है और काले हिस्सा भगवान शिव। शिव जी की कृपा से महिला और उसके पति की रक्षा होती है। तथा माँ पार्वती की कृपा से वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है।

**मंगलसूत्र धारण करने के नियम और सावधानियां क्या हैं**?: मंगलसूत्र या तो स्वयं खरीदें या अपने पति से लें। किसी अन्य से मंगलसूत्र लेना उत्तम नहीं होता। मंगलसूत्र मंगलवार को न खरीदें। धारण करने के पूर्व इसे माँ पार्वती को अर्पित करें। जब तक बहुत ज्यादा जरूरी न हो मंगलसूत्र को न उतारें। मंगलसूत्र में लगा हुआ सोना अगर चौकोर हो तो बहुत उत्तम होगा।

# इस माह पड़ने वाले व्रत त्यौहार

*सनातन धर्म में जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार का काफी धार्मिक महत्व है। इस माह में सावन भी शुरू हो रहा है, जिसे बेहद पवित्र माह माना जा रहा है। जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार और उनका धार्मिक महत्व*




**जुलाई माह में पड़ रहे पर्व और व्रत**

**3 जुलाई**- इस दिन मासिक दुर्गाष्टमी मनाई जाएगी, जो गुप्त नवरात्रि के दृष्टि से बेहद खास है क्योंकि इस दिन तंत्र विद्या आदि के लिए शुभ दिन माना गया है।
**6 जुलाई**- देवशयनी एकादशी और गौरी व्रत है। साथ ही इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरुआत हो रही है। चतुर्मास के दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।
**7 जुलाई**- देवशयनी एकादशी व्रत के लिए पारण का दिन है। इसी दिन पर वासुदेव द्वादशी भी मनाई जा रही है।
**8 जुलाई**- भौम प्रदोष व्रत है। इस दिन शाम के समय में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है।
**9 जुलाई**- आषाढ़ माह का चौमासी चौदस
**10 जुलाई**- इस दिन कोकिला व्रत, आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) का पर्व है, जो बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।
**11 जुलाई**- इसी दिन पवित्र माह सावन की शुरुआत हो रही है।
**14 जुलाई**- इस दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा होती है।
**15 जुलाई**- मंगला गौरा व्रत
**16 जुलाई**- कर्क संक्रान्ति है।
**17 जुलाई**- कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।
**20 जुलाई**- मासिक कार्तिगाई है।
**21 जुलाई**- कामिका एकादशी और रोहिणी व्रत है।
**22 जुलाई**- कामिका एकादशी व्रत का पारण होगा। साथ ही इसी दिन भौम प्रदोष व्रत भी है।
**23 जुलाई**- मासिक शिवरात्रि है, इस दिन कावड़ यात्रा का जल चढ़ेगा।
**24 जुलाई**- हरियाली अमावस्या है।
**27 जुलाई**- हरियाली तीज है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए करती हैं।
**28 जुलाई**- विनायक चतुर्थी है।

# पीएम मोदी ने त्रिनिदाद में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा- प्रधानमंत्री कमला हैं बिहार की बेटी, राम मंदिर का मॉडल और कुंभ का जल भेंट किया

पोर्ट ऑफ स्पेन,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने त्रिनिदाद की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को बिहार की बेटी बताया और उन्हें राम मंदिर का मॉडल, सरयू और संगम का पवित्र जल भेंट किया। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संस्कृति और सभ्यता के दूत कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आपने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ा, लेकिन दिल में रामायण को साथ लेकर आए। आप प्रवासी नहीं, एक संपूर्ण सभ्यता के वाहक हैं। आपकी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक विरासत ने इस देश को समृद्ध किया है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अब भारतीय मूल की छठी पीढ़ी तक लोगों को आसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) कार्ड दिया जाएगा।

## त्रिनिदाद की रामलीला को बताया 'अनोखी'

पीएम मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में रामलीला पर चर्चा करते हुए कहा कि यह वाकई अनोखी है। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां श्रीराम के प्रति लोगों की भक्ति देखकर अत्यंत खुशी हुई। साथ ही उन्होंने स्मरण कराया कि त्रिनिदाद से राम मंदिर निर्माण के लिए पवित्र जल और शिला भेजी गई थी। मैं भी आज आपके लिए सरयू नदी का पवित्र जल और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्रतिकृति लेकर आया हूं। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पीएम मोदी ने त्रिनिदाद की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर का विशेष उल्लेख करते हुए कहा, कमला जी के पूर्वज बिहार के बक्सर से थे। उन्होंने वहां का दौरा भी किया है। लोग उन्हें 'बिहार की बेटी' मानते हैं और हम सबके लिए यह गर्व की



बात है। उन्होंने कहा, कि बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना का स्रोत है। इसने सदियों से पूरी दुनिया को रास्ता दिखाया है।

## भारतीयता के रंगों से सजी त्रिनिदाद की धरती

पीएम मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा कि बनारस, पटना, कोलकाता, दिल्ली जैसे भारतीय शहरों के नाम आज त्रिनिदाद की सड़कों और मोहल्लों में देखे जा सकते हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी जैसे त्योहार यहां पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाए जाते हैं। उन्होंने चौताल और भटक गाना जैसी पारंपरिक लोक विधाओं के जीवित रहने को भारत और त्रिनिदाद के मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि हम खून या सरनेम से नहीं, बल्कि भावना और अपनापन से जुड़े हैं। आप जहां भी हों, भारत हमेशा आपके साथ है। आप हमारे गौरव हैं, हमारे संस्कृति के राजदूत हैं। इस ऐतिहासिक दौरे और भावनात्मक संबोधन के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय प्रवासियों को न सिर्फ सम्मानित किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और विश्व के साथ संबंधों को भी सशक्त किया। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर परंपरागत स्वागत हुआ। झाल-तासे और ढोल मंझीरे के साथ देशी अंदाज में भोजपुरी चौताल गाकर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी इस तरह देशी अंदाज में अपना स्वागत देखकर वशीभूत हो गए। पीएम मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच का सांस्कृतिक जुड़ाव करार दिया है। त्रिनिदाद और टोबैगो में भोजपुरी चौताल के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ स्वागत से पीएम मोदी मंत्रमुग्ध रह गए। इस तरह के स्वागत को उन्होंने अतुलनीय बताया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भोजपुरी में पोस्ट कर अपने भाव साझा किए हैं। पीएम मोदी ने लिखा एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो अन्यत्र नहीं है!

## भारत को ताकतवर बनाने और छोटे देशों का ख्याल रखने के लिए आभार: त्रिनिदाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का त्रिनिदाद और टोबैगो में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। इस दौरान त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने पीएम मोदी की जमकर सराहना की और उन्हें विश्व का एक सम्मानित, प्रशंसित और दूरदर्शी नेता करार दिया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि पीएम मोदी ने भारत को दुनिया के पटल पर एक ताकतवर देश बनाया है।आपका आगमन केवल शिष्टाचार नहीं, हमारे लिए गौरव की बात है। कमला बिसेसर ने प्रधानमंत्री मोदी की भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उनका भारतीय संस्कृति, इतिहास और मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास पूरी दुनिया में भारतीयों को जोड़ता है। उन्होंने कहा, आपकी यही भावना हमें आज इस कार्यक्रम में एकत्रित करती है।

## कैरेबियाई धरती पर ढोल-मंजीरा और भोजपुरी चौताल देख गदगद हुए प्रधानमंत्री मोदी



पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर परंपरागत स्वागत हुआ। झाल-तासे और ढोल मंझीरे के साथ देशी अंदाज में भोजपुरी चौताल गाकर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी इस तरह देशी अंदाज में अपना स्वागत देखकर वशीभूत हो गए। पीएम मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच का सांस्कृतिक जुड़ाव करार दिया है। त्रिनिदाद और टोबैगो में भोजपुरी चौताल के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ स्वागत से पीएम मोदी मंत्रमुग्ध रह गए। इस तरह के स्वागत को उन्होंने अतुलनीय बताया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भोजपुरी में पोस्ट कर अपने भाव साझा किए हैं। पीएम मोदी ने लिखा एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो अन्यत्र नहीं है!

पोर्ट ऑफ स्पेन में भोजपुरी चौताल प्रदर्शन देखकर बहुत खुशी हुई। त्रिनिदाद और टोबैगो और भारत, विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों के बीच का जुड़ाव उल्लेखनीय है। इससे पहले त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे पीएम मोदी के दौरे की अहमियत को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और उनके अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने किया। भारत की तरफ से यह यात्रा ऐतिहासिक है क्योंकि 25 साल बाद कोई प्रधानमंत्री यहां आया है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय ने न केवल विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है, बल्कि वे भारतीय संस्कृति से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। बता दे कि विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस देश में कुल 13 लाख लोग रहते हैं। इनमें से 45 फीसदी लोग भारतीय मूल के हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच संबंध बहुत मजबूत और खास हैं। यहां रहने वाले 45 प्रतिशत लोगों में से ज़्यादातर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोग हैं। इनमें से अधिकांश लोग भोजपुरी भाषी जिलों जैसे छपरा, आरा, बलिया, सीवान, गोपालगंज, बनारस, आज़मगढ़ से आए हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए क्विज जीतने वाले प्रतिभागियों से भी मिले पीएम मोदी इस दौरान प्रधानमंत्री ने शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो के साथ अपनी मुलाकात के बारे में भी बताया, जिन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए क्विज जीता था। इस बारे में उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए (भारत को जानो) क्विज के विजेता युवाओं शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो से मुलाकात की। इस क्विज ने दुनिया भर में व्यापक भागीदारी उत्पन्न की है और भारत के साथ हमारे प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को गहरा किया है।

## पुतिन ने ट्रंप को नहीं दिया भाव, अब जेलेंस्की से बात करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वो काफी निराश है और उन्हें लगता है कि पुतिन यूक्रेन में युद्ध नहीं रोकना चाहते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को काफी समय बीत चुका है और स्थिति अभी भी वैसी ही बनी हुई है। इस बीच काई बार शांति का प्रयास भी किया गया, लेकिन हर बार नतीजा कुछ नहीं निकला।

ट्रंप ने कहा कि वे शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बात करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ट्रंप ने कहा था कि पुतिन के साथ फोन पर हुई बात के बाद यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई।

## अमेरिका में बिग ब्यूटीफुल बिल हुआ पास, रूस से ज्यादा ताकतवर हुआ अमेरिका?

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी कांग्रेस में नया बिल पास हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'बिग ब्यूटीफुल बिल' बताया है। ट्रंप शासन के नए बिल में वित्तीय वर्ष 2025 के लिए आईसीई का बजट 9.3 बिलियन डॉलर है। इस तरह आईसीई के बजट में तीन गुना बढ़ोत्तरी की गई है। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के टैक्स और खर्च बिल की योजना आईसीई को पांच साल में 100 से 150 बिलियन डॉलर के बीच आवंटित करने की है। इसका मतलब है कि आईसीई का सालाना बजट करीब 30 बिलियन डॉलर रहेगा। वहीं, एफआई का सालाना बजट 545 मिलियन डॉलर कम कर दिया गया है। एफबीआई का बजट 10.6 बिलियन डॉलर से घटाकर 10.1 बिलियन डॉलर कर दिया गया है। इस तरह एफआई और आईसीई का सालाना बजट करीब 40 बिलियन डॉलर सालाना हो गया है।

इसमें अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम बल (आईसीसी) का बजट बढ़ा दिया गया है। वहीं, एफबीआई के बजट में थोड़ी कटौती की गई है। इन सारी चीजों के बीच यह दावा किया जा रहा है कि एफबीआई और आईसीई का संयुक्त बजट, रूस के सैन्य बजट से ज्यादा है। अब जरा नजर डालते हैं रूस के सैन्य बजट पर। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अप्रैल 2025 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक रूस इस साल अपनी सेना पर 15.5 ट्रिलियन रूबल खर्च करने की तैयारी में है। इसे डॉलर में कन्वर्ट करें तो यह 174.16 बिलियन डॉलर पहुंचता है। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि रूसी सेना का बजट, अमेरिका के एफबीआई और आईसीई पर खर्च से कहीं ज्यादा है। असल में आईसीई और एफबीआई का पांच साल का अनुमानित बजट करीब 180 बिलियन डॉलर है। इसकी तुलना रूसी सेना के सालाना बजट से होने लगी। इसीलिए यह दावा वायरल हो गया।

## युवक फ्लाइट में कर रहा था हरकतें, पीछे बैठे यात्री ने की शिकायत तो दबा दिया गला

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट में 30 जून को भारतीय मूल के इशान शर्मा को दूसरे पैसेंजर केनू इवांस के साथ मारपीट के आरोप में हिरासत में किया गया था। ये फ्लाइट फिलाडेल्फिया से मियामी जा रही थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में इशान और केनू एक-दूसरे से लड़ते दिख रहे हैं, जबकि दूसरे लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विवाद उड़ान भरने के कुछ समय बाद हुआ। केनू इवांस ने कहा कि इशान उसकी आगे वाली सीट पर बैठा था और अजीब हरकतें कर रहा था जैसे बार-बार हंसना और बड़बड़ाते हुए किसी को मारने की धमकी दे रहा था, जिससे केनू परेशानी हो रही थी। इशान के हरकतों से परेशान होकर केनू ने केबिन क्रू मेंबर से मदद के लिए कहा, जिसके बाद इशान गुस्से में आ गया और लड़ाई करने लगा और इवांस का गला पकड़ लिया। ईशान को मियामी एयरपोर्ट पर उतरते ही हिरासत में ले लिया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक दूसरी ओर अदालत में पेशी के दौरान इशान के वकील ने दावा किया कि वे बस मेडिटेशन कर रहे थे, जिसे पीछे बैठे केनू इवांस ने गलत समझ लिया। अदालत ने इशान पर 500 डॉलर यानी 42 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और उसे इवांस से कांटेक्ट करने, उसके स्कूल या घर के पास जाने से रोकने के लिए स्टे-अवे ऑर्डर जारी किया है।

## मार्क ज़ुकरबर्ग ने जब इंस्टाग्राम को खरीदा, लोगों ने उड़ाया मजाक.....फिर पैसों की बारिश होने लगी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। 2012 में मार्क ज़ुकरबर्ग तब फेसबुक चला रहे थे और कंपनी का आईपीओ (आईपीओ) आने ही वाला था। लेकिन उन्हें डर सता रहा था कि क्या फेसबुक मोबाइल के ज़माने में टिक पाएगा? उस समय बहुत से निवेश सोच रहे थे कि जैसे-जैसे लोग मोबाइल पर शिफ्ट होते हैं, फेसबुक की वैल्यू कम हो जाएगी। इसके बाद ज़ुकरबर्ग की नींद उड़ गई थी। वह टेंशन में थे कि कहीं फेसबुक फ्लॉप न हो जाए।

इसी बीच उन्हें एक एप इंस्टाग्राम दिखा। तब इंस्टाग्राम को शुरू हुए सिर्फ़ दो साल हुए थे। कंपनी में सिर्फ़ 13 लोग काम करते थे। एप सिर्फ आईफोन पर चलता था, और कोई भी रेवेन्यू नहीं था। इसके बाद मार्क ने इंस्टाग्राम के फाउंडर केविन सिस्ट्रॉम से मुलाकात की। बात हो रही थी इंटरनेट और सोशल मीडिया के फ्यूचर के बारे में, और बस 48 घंटे में डील फाइनल हो गई। मार्क ने इंस्टाग्राम को 1 बिलियन डॉलर में खरीद लिया। जब फेसबुक के बोर्ड मेंबर्स को पता चला। तब लोगों ने ज़ुकरबर्ग का मज़ाक उड़ाया। लेकिन ज़ुकरबर्ग ने वहां देखा, जो बाकी दुनिया नहीं देख पा रही थी। कुछ ही हफ्तों में इंस्टाग्राम का एंड्रॉयड वर्जन लांच हुआ और पहले ही दिन 10 लाख डाउनलोड हुए। ज़ुकरबर्ग को पता था कि आज के ज़माने में लोग सिर्फ़ कनेक्ट नहीं होना चाहते, वे अटेंशन चाहते हैं।

ज़ुकरबर्ग ने सिस्ट्रॉम से कहा कि इंस्टाग्राम को अपनी मर्जी से चलते रहे, उसे फेसबुक में पूरी तरह मिलाने की कोई ज़रूरत नहीं। यह एक बड़ा कारण था कि इंस्टा अपनी यूनीक पहचान बनाए रख पाया। पहले बड़े स्टार्स ने अपनाया और फिर आम लोगों ने भी अपनी कला से इस पर पहचान बना ली। धीरे-धीरे इंस्टाग्राम सिर्फ़ एक फोटो शेयरिंग एप नहीं रहा, यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया ,जहां हर इंसान एक क्रिएटर बन सकता है, इंफ्लुएंसर बन सकता है, और पैसे कमा सकता है।

आज 2024 में इंस्टाग्राम ने करीब 66.9 से 70.9 बिलियन डॉलर तक का एड रेवेन्यू कमाया। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, 2025 में इसका रेवेन्यू 59.6 बिलियन से 71 बिलियन डॉलर तक हो सकता है। इंस्टाग्राम के मंथली सक्रिय यूज़र्स 2 बिलियन से भी ज़्यादा हैं, जो इस एप को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाता है। मेटा के कुल रेवेन्यू में इंस्टाग्राम का बड़ा योगदान है। 2024 में मेटा के टोटल एड रेवेन्यू का लगभग 40.6 से 41.49 फीसदी हिस्सा सिर्फ़ इंस्टाग्राम से आया। और 2025 में यह 49.9 फीसदी तक जा सकता है।

## खराब लाइफस्टाइल से पुरुषों में बढी फर्टिलिटी समस्या

लंदन (ईएमएस)। आजकल पुरुषों में घटती फर्टिलिटी की समस्या तेजी से बढती जा रही है। शराब, सिगरेट और जंक फूड जैसी आदतों के कारण पुरुषों के स्पर्म काउंट पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे कई बार उन्हें पिता बनने का सुख भी नहीं मिल पाता। यह सिर्फ खराब खानपान या लाइफस्टाइल की वजह से नहीं है बल्कि कुछ ऐसी आदतें भी हैं जो सीधे तौर पर पुरुषों की फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचाती हैं। जैसे लैपटॉप को गोद में रखकर काम करना। इससे निकलने वाली गर्मी टेस्टिकल्स का तापमान बढ़ा देती है, जो स्पर्म काउंट को कम कर सकता है। बेहतर होगा कि लैपटॉप हमेशा टेबल पर रखकर इस्तेमाल करें। इसी तरह, टाइट अंडरवियर पहनना भी नुकसानदेह है। इससे टेस्टिकल्स का तापमान बढ़ जाता है जिससे स्पर्म बनने में बाधा आती है।

ढीले और आरामदायक कपड़े पहनने की सलाह दी जाती है। स्मोकिंग और अल्कोहल का सेवन भी स्पर्म हेल्थ के लिए हानिकारक है। इससे टेस्टोस्टेरोन लेवल गिर सकता है, इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या हो सकती है और स्पर्म क्वालिटी खराब हो जाती है। शराब और सिगरेट के अलावा तनाव भी एक बड़ी वजह है। ज्यादा स्ट्रेस लेने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर को घटा देता है और स्पर्म काउंट पर बुरा असर डालता है। मोबाइल फोन को पैंट की जेब में रखने की आदत भी नुकसानदेह मानी जाती है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन स्पर्म काउंट को कम कर सकता है, इसलिए फोन को जेब में रखने की बजाय बैग में रखना बेहतर है। फर्टिलिटी को बेहतर रखने के लिए कुछ अच्छी आदतें अपनाना जरूरी है।

# रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी



काबुल/मॉस्को. अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी AFP को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

## तालिबान जैसा होगा शासन, बांग्लादेश में लागू करेंगे शरीयत कानून: फैज़ुल करीम

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी संगठन जमात-चर मोंई के प्रमुख पीर मुफ्ती सैयद मुहम्मद फैज़ुल करीम ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह देश में तालिबान शासित अफगानिस्तान की तर्ज पर शरीयत कानून लागू करेंगे। फैज़ुल करीम ने कहा, अगर राष्ट्रीय चुनाव जीतकर सरकार बनी तो इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश देश में शरीयत कानून लागू करेगा। फैज़ुल करीम ने अफगानिस्तान के वर्तमान शासन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान की शासन प्रणाली को अपनाएंगे। तालिबान सरकार ने जो अच्छा किया है, उसे लागू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सत्ता में आए तो हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार दिए जाएंगे। फैज़ुल करीम ने यह भी कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों की कुछ अच्छी बातें होंगी तो उन्हें भी अपनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे शरीयत के विरोध में नहीं हों। हालांकि करीम ने आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार मिलेंगे, लेकिन तालिबान जैसे शासन मॉडल के उदाहरण को देखते हुए यह बयान अल्पसंख्यकों के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है।

# थाईलैंड में दो दिनों में बदले दो प्रधानमंत्री: अब तीसरे फुमथम वेचायाचाई ने संभाली जिम्मेदारी

बैंकॉक,(ईएमएस)। थाईलैंड की राजनीति में पिछले दो दिनों से बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। देश को 48 घंटे के भीतर दूसरा कार्यवाहक प्रधानमंत्री मिला है। गुरुवार को गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने 24 घंटे के भीतर कार्यकाल समाप्त करने वाले सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली। इससे पहले बुधवार को सूर्या को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था, जब थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कोर्ट ने नैतिकता के उल्लंघन के मामले में पद से हटा दिया था। शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ एक निजी फोन कॉल में थाई सेना प्रमुख की आलोचना की थी। यह कॉल लीक होकर सार्वजनिक हो गई थी। कॉल में शिनावात्रा ने सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताया और हुन सेन को चाचा कहकर संबोधित किया। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, ऐसे में यह बयान राजनीतिक संकट का कारण बन गया। इस ऑडियो के सार्वजनिक होने के बाद शिनावात्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, सेना को कमजोर करने और मंत्री पद की नैतिकता के उल्लंघन के आरोप लगे। उनके खिलाफ विपक्षी दलों ने आंदोलन शुरू कर दिया और गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों ने समर्थन वापस ले लिया। आखिरकार कोर्ट के निर्देश पर उन्हें 1 जून को पद से हटा दिया गया। शिनावात्रा की बर्खास्तगी के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट का कार्यकाल महज 24 घंटे चला। गुरुवार को थाई राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम वेचायाचाई को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। फुमथम वेचायाचाई फिलहाल देश के गृह मंत्री हैं और सत्ताधारी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। सरकार ने सोशल मीडिया पर उनके नियुक्त होने की आधिकारिक घोषणा की। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि थाईलैंड में जारी सत्ता संकट का यह अंत नहीं है। सेना, न्यायपालिका और राजनीति के बीच टकराव और गठबंधन सरकार की अस्थिरता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि फुमथम कब तक इस जिम्मेदारी को संभाल पाते हैं, या देश को जल्द नए आम चुनाव की ओर बढ़ना पड़ेगा।

## पाकिस्तान के गोदाम में घातक हथियार, भारत और अमेरिका के पास भी नहीं

इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान के सैन्य और परमाणु क्षमताओं की तुलना करें तो दोनों देशों के पास आधुनिक हथियार प्रणालियां और परमाणु शस्त्रागार हैं। वैसे तो भारत की सैन्य क्षमता के आगे पाकिस्तान कहीं नहीं टिकता लेकिन कुछ ऐसे हथियार हैं, जिनका तोड़ भारत के अभी तलाश रहा है। भारत की सैन्य क्षमता, खासतौर पर पारंपरिक और परमाणु हथियारों में, पाकिस्तान से बेहतर है लेकिन कुछ मामलों में पाकिस्तान की कुछ हथियार प्रणालियां ऐसी हैं, जो भारत के लिए चुनौती पेश कर सकती हैं। चलिए जानते हैं उन्हीं हथियारों के बारे में। पाकिस्तान ने इधर कुछ सालों में चीन से जे-10सी फाइटर जेट्स हासिल किए हैं, जो एडवांस रडार और पीएल-15 हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस हैं। पीएल-15 की मारक क्षमता 90 मील यानि लगभग 145 किमी या उससे भी ज्यादा है, जो भारत के पास मौजूद एआईएम-120 अमराम मिसाइलों की तुलना में लंबी दूरी प्रदान करती है। मई 2025 के भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान जे-10सी ने भारतीय राफेल जेट्स को निशाना बनाया था। भारत के पास राफेल और मिराज-2000 जैसे बेहतरीन फाइटर जेट हैं लेकिन पीएल-15 की लंबी दूरी भारत की हवाई रक्षा रणनीति को चुनौती दे सकती है। पाकिस्तान के पास नस्र (हत्फ-9) जैसी कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, जिनकी मारक क्षमता 70 किमी है और ये सामरिक परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। ये हथियार भारत की कोल्ड स्टार्ट रणनीति यानि सीमा पार तेज़ी से हमले का जवाब देने के लिए बनाई गई हैं।

## तीन भारतीयों को अगवा करने वाला कौन अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन संगठन?

बमाको (ईएमएस)। पश्चिम अफ्रीकी देश माली में एक गंभीर आतंकी घटना सामने आई, जिसमें तीन भारतीय नागरिकों को अगवा कर लिया गया। यह हमला 1 जुलाई को माली के कायेस क्षेत्र में स्थित डायमंड सीमेंट फैक्ट्री पर हुआ, जहां भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सुनियोजित तरीके से धावा बोला और तीन भारतीय कर्मचारियों को बंधक बनाकर ले गए। इस घटना के पीछे अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। हालांकि इस अपहरण की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने आधिकारिक रूप से नहीं ली है।

माली में हाल के दिनों में आतंकी संगठनों, विशेष रूप से अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े समूहों की गतिविधियां बढ़ी हैं। 1 जुलाई को हुए इस हमले से पहले, मंगलवार को माली के विभिन्न हिस्सों में समन्वित आतंकी हमलों की जिम्मेदारी जेएनआईएम ने ली थी, जिससे इस अपहरण में उनकी संलिप्तता का संदेह और गहरा हो गया है। जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन एक जिहादी संगठन है, जो अल-कायदा इन द इस्लामिक मघरेब का हिस्सा है। यह संगठन 2017 में पश्चिम अफ्रीका में सक्रिय विभिन्न जिहादी समूहों के गठबंधन से बना। जेएनआईएम का प्रभाव माली, बुर्किना फासो, और नाइजर जैसे साहेल क्षेत्र के देशों में है, जहां यह सरकारी और विदेशी ठिकानों पर हमले, अपहरण, और अन्य आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता है। संगठन का उद्देश्य इस क्षेत्र में इस्लामी शासन स्थापित करना और विदेशी प्रभाव, खासकर फ्रांसीसी और पश्चिमी देशों की मौजूदगी को समाप्त करना है।

इसके अलावा, माली में विदेशी कंपनियों और नागरिकों पर हमले क्षेत्र में पश्चिमी और अन्य विदेशी प्रभाव को कम करने की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। भारतीय नागरिकों का अपहरण भारत और माली के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग पर दबाव डालने का प्रयास हो सकता है।

# चार बच्चों की मां बनने वाली है महिला, डॉक्टर भी है हैरान

लंदन (ईएमएस)। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक गर्भवती महिला का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसके गर्भ में एक साथ चार बच्चे पल रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला का पेट असामान्य रूप से फूल गया है, जिससे उसे चलने-फिरने और रोजमर्रा के काम करने में काफी मुश्किल हो रही है।

बताया जा रहा है कि महिला को शुरुआत में अंदाजा नहीं था कि वह चार बच्चों की मां बनने वाली है। अल्ट्रासाउंड के दौरान जब डॉक्टर



ने स्कैन में चार भ्रूणों को देखा तो वह खुद भी हैरान रह गया। डॉक्टर ने इसे एक दुर्लभ मामला बताया, जिसे देखकर हर कोई चकित रह गया। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, एक साथ चार बच्चों की गर्भावस्था अत्यंत दुर्लभ होती है और इसमें मां और बच्चों दोनों के लिए खतरा बढ़ जाता है। कई भ्रूणों के होने से गर्भ में जगह और पोषण दोनों की कमी हो सकती है, जिससे समय से पहले प्रसव या बच्चों का कम वजन होना आम है। अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, ऐसी स्थिति करीब 70 मिलियन में एक बार होती है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसी गर्भावस्था में महिला को विशेष चिकित्सा देखभाल, नियमित निगरानी और बेड रेस्ट की जरूरत होती है। इस वायरल वीडियो वाली महिला को भी डॉक्टर ने विशेष देखभाल की सलाह दी है ताकि मां और बच्चों की सेहत सुरक्षित रह सके। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कुछ ने महिला को चार बच्चों की मां बनने पर बधाई दी, तो कुछ ने इसे प्रकृति का अनोखा चमत्कार कहा। वहीं कुछ यूजर्स ने चिंता जताई और मां और बच्चों की सलामती की दुआ मांगी।

वीडियो ने लोगों को इस दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण स्थिति के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। मालूम हो कि मां और बच्चे का रिश्ता दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता माना जाता है। यह बंधन बच्चे के जन्म से पहले ही बन जाता है। मां अपने गर्भ में नौ महीने तक बच्चे को पालती है और उसके विकास का पूरा ध्यान रखती है। आम तौर पर गर्भ में एक बच्चे के लिए ही जगह होती है, लेकिन कभी-कभी दो जुड़वां बच्चे भी ठहर जाते हैं। ऐसे में मां को थोड़ी अतिरिक्त परेशानी जरूर होती है, लेकिन वह अपने बच्चों को सुरक्षित रखने की पूरी कोशिश करती है।

# टेस्ट में शुभमन बने सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तान, एकदिवसीय में सहवाग और टी20 में रोहित के नाम है रिकार्ड

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में 269 रनों की लंबी पारी खेलने के साथ ही कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था। विराट ने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था। अब 6 साल बाद शुभमन ने इस रिकॉर्ड को तोड़ा है। दिया है। अब गिल टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं टी20 में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकार्ड पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने साल 2024 टी20 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में हुए एक टी20 मैच में 121 रनों की नाबाद पारी खेली थी। तब उन्होंने 69 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्के लगाए थे। वहीं एक दिवसीय में वीरेंद्र सहवाग सबसे अधिक रनों के मामले में शीर्ष पर हैं।

सहवाग ने 12 एकदिवसीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की है। इस दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में



हुए एकदिवसीय मुकाबले में 219 रन बनाये थे। वह सचिन तेंदुलकर के बाद एकदिवसीयक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले विश्व के मात्र दूसरे खिलाड़ी हैं।

### शुभमन बोले, बेसिक्स पर लौटने से मिली लय

भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इस दौरे में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट में में दोहरा शतक लगाया है। इससे भारतीय टीम अपनी पहले पारी में 587 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। इसका पीछा करते हुए मेजबान इंग्लैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 77 रनों के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिये। शुभमन ने इस मैच में अपनी इस रिकार्ड पारी का श्रेय (बेसिक्स) खेल की मूल बातों पर ध्यान देने को दिया है। साथ ही कहा कि इससे वह लय हासिल करने में सफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, जब आप धाराप्रवाह रन नहीं बना रहे होते हैं, तो आप अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना बंद कर देते हैं। आप रन बनाने की जरूरत पर बहुत ज़्यादा ध्यान देते हैं। मुझे लगा कि मैंने अपनी बल्लेबाजी में वह खो दी थी। मैं रनों को लेकर इतना बेसब्र था कि मैं अपनी बल्लेबाजी का उतना आनंद नहीं ले पा रहा था। वहीं खेल की मूल बातों पर लौटने से उन्हें लय हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने मुख्य रूप से अपने शुरुआती मूवमेंट और अपने सेटअप पर काम किया। इससे पहले मुझे लगा कि मेरी बल्लेबाजी अच्छी चल रही है। मैं टेस्ट मैचों में लगातार 30-35-40 रन बना रहा था। उन्होंने कहा, मैंने बचपन की तरह बल्लेबाजी करने की कोशिश की। मैंने 35 से 40 रन तक पहुंचने या लंबी पारी खेलने के बारे में नहीं सोचा। मैं बस अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता था। गिल ने कहा, मुझे लगा कि गेंद थोड़ी नरम थी। पिछले मैच में मैं आराम से रन बना रहा था, लेकिन यहां यह आसानी से नहीं आ रहा था। फिर भी, मेरी मानसिकता यह थी कि अगर विकेट अच्छा है और मैं जम गया हूं, तो चाहे मैं कितनी भी देर तक बल्लेबाजी करूं, मुझे मैच बीच में नहीं छोड़ना चाहिए।

### शुभमन की पारी से गर्व का अनुभव कर रहे उनके मेंटोर युवराज

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह आजकल बेहद खुश हैं। युवराज की खुशी का कारण उनके शिष्य और भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन है। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया है। युवराज ने कहा कि उसने बल्लेबाजी को बेहद आसान बना दिया है। युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को कोचिंग दी थी। युवराज ने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया में लिखा, ''शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर उसने सब कुछ इतना आसान बना दिया। शानदार खेला और दोहरे शतक का अधिकारी था, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता।'' वहीं दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने ने भी शुभमन की सराहना की है। अश्विन ने लिखा, ''शुभमन का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत सहायता मिलेगी। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, ''शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई। शानदार खेल दिखाया!''

# राष्ट्रपति ने डूरंड कप फुटबॉल 2025 ट्रॉफी का अनावरण करने के साथ ही खेलों का महत्व बताया

अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को मिलता है बढ़ावा

नई दिल्ली (ईएमएस) । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एक भव्य समारोह में डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की ताकत है। इसी कारण हम इसे राष्ट्रीय एकीकरण का भी एक साधन मानते हैं। इसी कारण ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते



हैं बल्कि इससे फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए भी एक मंच मिलता है। जिसपर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धैर्य और एक साझा लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में बताता है। डूरंड कप का 2025 संस्करण इसी माह 15 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड के छह स्थानों पर खेला जाएगा। असम के कोकराझार में लगातार तीसरे साल डूरंड कप होने जा रहा है । इस टूर्नामेंट ने 2019 में अपना घरेलू मैदान नई दिल्ली से कोलकाता में स्थानांतरित कर दिया था और लगातार छठे संस्करण के लिए यह बना रहेगा। डूरंड कप ने देश की प्रमुख प्रतियोगिता के रूप में स्थापित कर लिया है, तथा इसमें भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 24 हो गई है, जिसमें सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमों की भागीदारी भी शामिल है। यह टूर्नामेंट इस मायने में खास है कि इसमें सेना की टीमें भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ मुकाबला करती हैं और पिछले कुछ संस्करणों में पड़ोसी देशों की सेना टीमों के साथ विदेशी भागीदारी भी देखी गई है।

# डब्ल्यूटीसी में रोहित को पीछे छोड़ने शुभमन को चाहिये तीन शतक

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आजकल इंग्लैंड दौरे में छाये हुए हैं। शुभमन ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया है। इससे उनके शतकों की संख्या अब सात हो गयी है। इस प्रकार देखा जाये तो शुभमन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 शतकों के साथ ही सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने इस चैंपियनशिप में कुल 9 शतक जड़े हैं। उन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। वहीं शुभमन जिस प्रकार खेल रहे हैं उससे वह पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में रोहित की बराबरी कर सकते हैं या उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। शुभमन अगर दो शतक लगा दें तो रोहित की बराबरी पर आ जाएंगे। वहीं तीन शतक से उन्हें पीछे छोड़ देंगे। भारत की ओर से ऋषभ पंत के नाम 6 हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। वहीं डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज की सूची में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 18 शतकों के साथ टॉप पर हैं। वहीं रूट के अलावा कोई बल्लेबाज अभी तक 15 शतक से आगे नहीं आ पाया है। वहीं 13 शतकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में रुट 18 शतक के साथ पहले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 13 शतकों के साथ ही दूसरे व ऑस्ट्रेलिया के ही मार्नस लाबुशेन 11 शतक लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। भारत के रोहित 9 शतक के साथ ही चौथे नंबर पर हैं जबकि श्रीलंका के डी सिल्वा 8 शतक सके साथ ही पांचवें नबर पर हैं।

# जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता



इवांस को हराकर तीसरे दौर में पहुंचे

लंदन (ईएमएस)। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंच गये हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे जोकोविच ने दूसरे दौर में ब्रिटेन के डैन इवांस को 6-3, 6-2, 6-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता है। इसी के साथ ही वह तीसरे दौर में 19वीं बार पहुंचे हैं। ये ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का अब तक का सबसे अच्छा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं स्विटजरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में जगह बनायी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह संख्या यानिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज की उम्र के करीब है। गौरतलब है कि पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को 22 साल के अल्कारेज और 23 साल के सिनर ने हराया था। वहीं महिल एकल में सातवीं वरीयत प्राप्त मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीयता प्राप्त ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत हासिल की। एक अन्य मैच में आंद्रीवा ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से पराजित किया जबकि नवारो ने वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से हराया। विंबलडन विजेता एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से पराजित किया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से हराया जबकि ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।

## पीसीए ने शुभमन का पुराना वीडियो जारी कर कहा, आपका ताज चमक रहा

चंडीगढ़ (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनो टेस्ट मैच में शतक लगाने के साथ ही भारतीय टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल छा गये हैं। इसके बाद से ही उन्हें बधाईयां मिल रही हैं। शुभमन ने पहले टेस्ट में शतक और अब दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है। उनकी 269 रन की ऐतिहासिक पारी पर उनके गृह राज्य पंजाब क्रिकेट संघ ने एक बेहद प्यारा संदेश दिय है। इस इसमें कहा गया है कि ताज पहने नहीं, कमाए जाते हैं। आपका ताज सबसे अधिक चमक रहा है।

पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने उनके एक साक्षात्कार को सोशल मीडिया में साझा किया है। ये तक का वीडियो है जब गिल शुरुआती किशोरावस्था में थे। इस वीडियो के साथ पीसीए ने जो लिखा है, वो सबसे अहम है। पीसीए ने पोस्ट किया, ' शुभमन आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया बल्कि राज किया। पंजाब के हृदय से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है। सिर्फ कप्तान ही नहीं - एक ताकत, एक आग, एक सुनहरा भविष्य। ताज पहने नहीं जाते - उन्हें कमाया जाता है और आज, आपका ताज सबसे अधिक चमक रहा है।'

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर समेटा

सेंट जॉर्ज (ईएमएस)। अल्जारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर ही आउट कर दिया। इस मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एलेक्स कैरी और बीयू वेबस्टर ही अर्धशतक लगा पाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस मैच में 16 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 16वें बल्लेबाज हैं। ख्वाजा ने 83 टेस्ट की 149 पारियों में से रन बनाये हैं। वहीं स्टीव स्मिथ केवल 3 रन ही बना पाये।

बारिश से बाधित इस मैच में मेजबान गेंदबाज हावी रहे। अल्जारी ने 16 ओवर में 61 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं जेडन सील्स ने दो विकेट हासिल किये जबकि शमार जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जस्टनी ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला।

बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष बल्लेबजा विफल रहे। सलामी बल्लेबाज ओपनर सैम कांस्टास ने 25, उस्मान ख्वाजा ने 16 और कैमरन ग्रीन ने 26 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाये। छठे नंबर पर उतरे बीयू वेबस्टर ने 60 रन की पारी खेलकर पारी संभाली। सातवें नंबर के उतरे एलेक्स कैरी ने 63 रन बनाये। इननों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस ने भी 17 रन जबकि. नाथन लायन ने 11 और जोश हेजलवुड ने 10 रन बनाए।

### ब्रैथवेट ने रिचर्ड्स, लॉयड के क्लब में जगह बनायी

वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रैथवेट यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मैदान पर उतरने के साथ ही वेस्टइंडीज की ओर से 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन गये। इस मैच में उतरने के साथ ही विव रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के क्लब में आ गये हैं। पिछले कुछ साल में ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट के स्तंभ बनकर उभर हैं, उन्होंने अब तक 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ ही कुल 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है। साल 2011 में डेब्यू करने के बाद से इस क्रिकेटर ने पिछले एक दशक से शानदार प्रदर्शन किया है। ब्रैथवेट ने कहा, 'जब मैं शायद 14 वर्ष का था तभी से मेरा लक्ष्य 100 टेस्ट खेलना था।

# जडेजा एजबेस्टन में सबसे अधिक अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में शामिल

बर्मिंघम (ईएमएस))। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द जडेजा ने यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अर्धशतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। जडेजा एजबेस्टन के मैदान पर सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एक खास क्लब में शामिल हो गये हैं। इसमें सुनील गावस्वकर , गुंडप्पा विश्वनाथ , एमएस धोनी, विराट कोहली और ऋषभ पंत शामिल हैं। जडेजा इस मैदान पर संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक अर्धशतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। भारत जडेजा ने इस मैच में कप्तान शुभमन गिल के साथ 6 विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। इसी दौरान 50 रन पूरे करने के साथ ही वह धोनी और विराट कोहली के की बराबरी पर आ गये। इस मैदान पर गावस्कर ने सबसे अधिक तीन अर्धशतक लगाये हैं। वहीं धोनी, जडेजा, कोहली, पंत और विश्वनाथ ने बर्मिंघम में दो बार पचास या उससे ज़्यादा रन बनाए हैं। जडेजा ने इस मैदान पर शतक भी लगाया है। ऐस में अगर इस मैच में भी वह शतक लगाते हैं तो दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे।

### डब्ल्यूटीसी मुकाबलों में 2000 रन और 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने जडेजा

भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपनी 89 रनों की पारी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब जडेजा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबलों में 2000 रन और 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। जडेजा के अलावा किसी भी अन्य खिलाड़ी के नाम ये रिकार्ड नहीं है। जडेजा के अब डब्ल्यूटीसी में 2010 रन हो गए हैं, वहीं इस दौरान उन्होंने 132 विकेट भी लिए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के पास रवींद्र जडेजा की बराबरी करने का मौका होगा। स्टोक्स के नाम 2000 से अधिक रन पर वह विकेटों के मामले में पीछे हैं। उनके अभी तक खेले 55 मैचों में 3365 रन के साथ ही 86 विकेट हैं। वहीं जडेजा ने 41 मैचों में ही 2000 रन और 100 विकेट लेने का करिश्मा किया है। जडेजा ने दूसरे टेस्ट में तब जबरदस्त अर्धशतकीय पारी खेली जब टीम ने 211 के स्कोर पर ही 5 विकेट गंवा दिये थे। जडेजा की कप्तान शुभमन गिल के साथ 203 रनों की साझेदारी से ही भारतीय टीम 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही।

### जडेजा ने बताया स्टोक्स के साथ हुई बहस का कारण

रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ हुई बहस का कारण बताया है। जडेजा ने कहा कि स्टोक्स मैच में मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने उनकी शिकायत अंपायर से कर रहे थे। इसके अलावा अन्य खिलाड़ी उनका साथ दे रहे थे। जडेजा के अनुसार मेजबान टीम के खिलाड़ियों का प्रयास भारतीय बल्लेबाजों की लय भंग करना था। इसी कारण वे उनपर कमेंट कर रहे थे। दूसरे दिन का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद जब उन्होंने पानी मंगाया था तो भी इंग्लैंड के खिलाड़ी उन पर तंज कस कस रहे थे। इस मैच के पहले दिन बेन स्टोक्स की यशस्वी जायसवाल से झड़प हुई थी और फिर क्रिस वोक्स ने जडेजा के बारे में मैदानी अंपायरों से शिकायत की थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों का कहना था कि जडेजा पिच के डेंजर जोन में दौड़ रहे हैं, जिससे पिच में निशान बन रहे हैं। मेजबान टीम का कहना था कि जडेजा ऐसा योजना के तहत कर रहे हैं। इसी को लेकर स्टोक्स ने उन्हें रोका भी था। वहीं जडेजा ने कहा, लेकिन मैं यहीं से आ रहा था। मैं वैसे भी वहां गेंदबाजी नहीं करूंगा। मैं ऐसा क्यों करूंगा? मेरा ध्यान बल्लेबाजी पर है? जडेजा ने स्टोक्स के साथ मैदान पर हुई बातचीत को लेकर दावा किया कि उनका इरादा सतह पर खुरदरापन पैदा करने का नहीं था। दूसरे दिन के खेल के बाद जडेजा ने कहा कि वे बार-बार अंपायर से शिकायत कर हमारी लय तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा, " स्टोक्स को लगता है कि मैं अपने लिए पिच को खुरदुरा बना रहा हूं। वहीं वे तेज गेंदबाजों का इस्तेमाल करके इसे और भी खराब बना रहे थे।

## एकदिवसीय में कोच के बिना ही उतरेगी बांग्लादेश टीम

कोलंबो (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय के लिए टीम के साथ नहीं रहेंगे। इसका कारण ये है कि वह चिकित्सा कारणों से इंग्लैंड में डॉक्टर से मिलने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सिमंस सीरीज के तीसरे एकदिवसीय में खेलेंगे। वह 7 जुलाई को श्रीलंका वापस लौटेंगे। इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज के बाद बांग्लादेश की टीम को तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हार का सामना करना पड़ा था। वह 8 जुलाई को होने वाले तीसरे मैच के लिए लंदन से वापस आ जाएंगे। बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और मैच ड्रॉ रहा था पर उसे अगले मैच में हार मिली थी। इसके बाद से ही टीम अभी तक अपनी लय हासिल नहीं कर पाई है। दूसरा टेस्ट हारने के बाद पहले एकदिवसीय मैच में भी उनको करारी हार का सामना करना पड़ा।

## लीवरपूल के फुटबॉलर की कार हादसे में मौत, रोनाल्डों ने संवेदना जतायी

ज़मोरा (ईएमएस)। इंग्लैंड के लीवरपूल क्लब से खेलने वाले पुर्तगाल के एक फुटबॉलर की कार हादसे में मौत हो गयी है। लीवरपूल के फॉरवर्ड डिएगो की कार पुर्तगाली सीमा के करीब जमोरा प्रांत में हादसे का शिकार हो गयी। इस दौरान जोटा के साथ उनके छोटा भाई 26 साल के आंद्रे भी गाड़ी में थे। आंद्रे भी एक पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे थे और पुर्तगाल की टीम पेनाफिल के लिए खेलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के ज़मोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की हादसे में मौत हुई है। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। उनकी गाड़ी में आग लग गई थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल है, इस खिलाड़ी ने अंतिम गोल एवर्टन के खिलाफ मैच में किया था। अभी वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में बना था। लिवरपूल एफसी ने डियागो की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इस कठिन समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं डियोगो के परिवार के साथ हैं। साथ ही कहा कि। फुटबॉल ने एक चैंपियन खो दिया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी। हम क्लब में अपने दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करना जारी रखेंगे। एलएफसी ने सोशल मीडिया में लिखा, लिवरपूल फुटबॉल क्लब डियोगो के दुखद निधन से स्तब्ध है। वहीं पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी डियोगो के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं जतायी हैं।

## दिल्ली 6 ने डीपीएल के लिए ऋषभ को रिटेन किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत दित्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र में भी पुरानी दिल्ली 6 की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। नीलामी से पहले ही पुरानी दिल्ली 6 ने ऋषभ को रिटेन करने की घोषणा की है। उन्हें मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाये रखा गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऋषभ के होने से दिल्ली 6 को उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करेगी। पुरानी दिल्ली 6 के प्रमोटर ने कहा, 'ऋषभ न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। उनके रहने से हमारी टीम बेहतर होकर जीत की ओर बढ़गी। वहीं दिज्ली जिला क्रिकेट संघ ने इस सत्र से दो नई पुरुष फ्रेंचाइज भी शामिल की हैं। इसमें बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी है। इससे लीग में टीमों की संख्या छह से बढ़कर 8 हो जाएगी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई और 7 जुलाई को होगी।

वहीं टीम में रिटेन किये जाने से ऋषभ भी खुश हैं उन्होंने कहा, 'डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। इस लीग से कई प्रतिभाएं सामने आयी हैं। जिनमें दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य सहित कई अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'पुरानी दिल्ली 6 में पिछले साल के अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम इस साल भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## थर्ड एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप में पदक जीतना चाहती है वान्या




नई दिल्ली (ईएमएस)। वह 3 सितंबर को मलेशिया में होने वाजी थर्ड एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप में सात साल की वान्या शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वान्या का लक्ष्य इसमें पदक जीतना है। थर्ड एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, नेपाल सहित 11 देश हिस्सा लेंगे। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करने वाजी वान्या दो साल की छोटी उम्र से योग का अभ्यास कर रही हैं। अब वह सात साल की उम्र में योग में प्रशिक्षिक हो गई हैं। वह खुद भी योग करती हैं और लोगों को भी सिखाती हैं। वान्या का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित कई जगह शामिल है। आगामी चैंपियनशिप के लिए वान्या जमकर तैयारी में लगी हुई हैं। इसमें परिवार भी उनकी सहायता कर रहा है। वान्या ने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं नए-नए आसनों की तैयारी कर रही हूं। मेरा प्रयास अपने देश के लिए पदक जीतना रहेगा। वर्तमान समय में देशभर में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषतौर पर योग को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ले जाने के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

## परिवार के साथ लंदन में समय बिता रहे विराट

लंदन (ईएमएस)। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद आजकल भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने परिवार के साथ लंदन में रह रहे हैं। भारतीय टीम आजकल यहां टेस्ट सीरीज खेल रही है पर विराट ने उससे दूसरी बनायी हुई है और वह पूरा समय परिवार के साथ बिता



रहे हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विराट और उनकी पत्नी अनुष्का लंदन की एक सड़क पर टहलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह कैमरे की ओर पलटकर देखते हैं और फिर अनुष्का के साथ आगे बढ़ जाते हैं। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय भी लंदन में ही थे। ऐसे में ये पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का को यहां देखा गया है। यहां भारतीय मूल के लोगों की काफी तादाद होने के कारण उनके प्रशंसकों की भी बड़ी संख्या काफी है। विराट संन्यास के बाद आध्यात्म से भी जुड़े और इसी कारण प्रेमानंद महाराज के आश्रम में भी उनके दर्शनों के लिए पहुंचे थे। कोहली के लिए पिछला कुछ समय अच्छा नहीं रहा है उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी जीत थी पर उनकी ये खुशी अधिक देर नहीं रही क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत की खुशी में आयोजित विक्ट्री परेड में हुई भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई, जिससे भी विराट दुखी हो गये थे। विराट के संन्यास के बाद अब शुभमन गिल उनकी जगह पर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कमाल कर रहे हैं। शुभमन ने पहले और दूसरे टेस्ट में शतक लगाकर विराट के ही अंदाज में जश्न मनाया।

# अंबानी 15 ब्रांड्स को मिलाकर नई कंपनी बनाएंगेः न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लि. 8.5 लाख करोड़ से ज्यादा वैल्युएशन पर आईपीओ लाएगी

**मुंबईः** मुकेश अंबानी ने अपनी लीडरशिप वाले कॉरपोरेट ग्रुप रिलायंस इंडस्ट्रीज में रीस्ट्रक्चरिंग की एक प्रोसेस शुरू की है। इसमें कैंपा कोला जैसे 15 से ज्यादा एफएमसीजी ब्रांड्स को मिलाकर एक नई कंपनी बनाई जा रही है, जो अभी रिलायंस रिटेल वेंचर्स का हिस्सा हैं। इसका मकसद इन प्रोडक्ट्स पर विशेष ध्यान देना और ऐसे निवेशकों को आकर्षित करना है, जो केवल एफएमसीजी सेक्टर में दिलचस्पी रखते हैं। अंबानी की यह स्ट्रैटजी ग्रुप को तेज ग्रोथ के नए ट्रैक पर लाने में मदद करेगी।



### नई कंपनी- न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

कंपनी अपनी तीनों रिटेल यूनिट के सभी ब्रांड्स को मिलाकर नई कंपनी न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड बना सकती है। यह सीधे रिलायंस इंडस्ट्रीज के तहत काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे जियो करती है।

### 8.5 लाख करोड़ से ज्यादा वैल्युएशन पर आ सकता है आईपीओ

रिलायंस के लेटेस्ट डेटा के हिसाब से रिलायंस रिटेल वेंचर्स की वैल्यू 8.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। अगर इसका आईपीओ आता है, तो यह शेयर बाजार के सबसे बड़े पब्लिक इश्यू में से एक हो सकता है।

### आक्रामक रणनीतिः बड़े स्थापित ब्रांड्स से 40% तक कम कीमत

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ग्रुप की मैन्युफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग बिजनेस संभालती है। यह अपने प्रोडक्ट्स कोका-कोला, मोंडेलेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे बड़े ब्रांड्स की तुलना में 20-40% कम दाम पर बेचती है। रिटेलर्स को ज्यादा मार्जिन भी देती है।

### कंपनियों की अलग से लिस्टिंग की जरूरत क्यों?

रिलायंस इंडस्ट्रीज में डीमर्जर की योजना को 25 जून को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने कहा है कि कंज्यूमर ब्रांड स्थापित करने में काफी पूंजी लगती है। यदि यह बिजनेस रिटेल यूनिट से अलग होता है तो लिस्टिंग से यह जरूरत पूरी हो सकती है।

### टाटा, बिड़ला, रेमंड, वेदांता और आईटीसी की राह पर रिलायंस

रिलायंस अकेली ऐसी भारतीय कंपनी नहीं है, जो बिजनेसेज को अगल-अलग कंपनियों के तौर पर लिस्ट करके उनकी असल वैल्यू सामने ला रही है। टाटा मोटर्स, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल, क्वेस कॉर्प, सीमेंस, रेमंड, वेदांता और आईटीसी ने भी ऐसा ही किया है। मसलन, बीते महीने सीमेंस से अलग हुई सीमेंस एनर्जी इंडिया की वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा थी। लिस्टिंग के बाद, दोनों कंपनियों का कुल वैल्युएशन 2.14 लाख करोड़ तक पहुंच गया। अलग होने से पहले यह 1 लाख करोड़ ही था।

बीते महीने क्वेस कॉर्प, सीमेंस और आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल (एबीएफआरएल) जैसी बड़ी कंपनियों की यूनिट्स ने अलग कंपनी के तौर पर शेयर बाजार में कदम रखा है। रेमंड की रियल एस्टेट यूनिट रेमंड रियल्टी की लिस्टिंग 1 जुलाई को हो गई। टाटा मोटर्स का कार बिजनेस, जिसमें जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) शामिल है, इस साल के अंत तक अलग से बाजार में लिस्ट हो सकती है। यह बिजनेस बस-ट्रक से अलग हो जाएगा। वेदांता, तीन यूनिट्स की अलग-अलग लिस्टिंग की योजना बना रही है।

# सोना 195 सस्ता होकर 97,142 प्रति 10 ग्राम पर आयाः चांदी 253 प्रति किलो सस्ती हुई

**नई दिल्लीः** सोने का दाम शुक्रवार (4 जुलाई) को 195 रुपए सस्ता होकर 97,142 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 97,337 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 253 रुपए घटकर 1,07,367 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,620 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### सेंसेक्स 193 अंक चढ़कर 83,433 पर बंदःनिफ्टी में 56 अंक की उछाल

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 4 जुलाई को सेंसेक्स 193 अंक चढ़कर 83,433 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 56 अंक की तेजी रही, 25,461 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर 11% गिरा। टाटा स्टील और टेक महिंद्रा 1.6% तक गिरे। बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और HUL 1.6% तक चढ़े। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी रही। एनएसई के फार्मा, रियल्टी, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी शेयर्स 1% तक चढ़कर बंद हुए। ऑटो और मेटल में मामूली गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.063% ऊपर 39,811 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 1.99% नीचे 3,068 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.64% गिरकर 23,916 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.32% ऊपर 3,472 पर बंद हुआ।

# बाजार को चढ़ाती-गिराती थी अमेरिकी फर्मः सेबी ने बैन लगाया, 4,844 करोड़ की अवैध कमाई की

**मुंबईः** सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी 3 कंपनियों पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म पर इंडेक्स एक्सपायरी के दिन कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। सेबी ने 4,843.57 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को जब्त करने का आदेश भी दिया है।

### इस पूरे मामले को सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं...

सवाल 1: जेन स्ट्रीट ग्रुप क्या है?
जवाबः जेन स्ट्रीट एक अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी है, जो हाई-टेक्नोलॉजी और मैथेमेटिकल मॉडल्स का इस्तेमाल करके शेयर बाजार में ट्रेडिंग करती है। ये कंपनी भारत में डेरिवेटिव्स मार्केट, खासकर बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 इंडेक्स ऑप्शंस में बड़े पैमाने पर ट्रेड करती थी। सेबी ने जेन स्ट्रीट के साथ JSI2 इनवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग लिमिटेड को शेयर मार्केट से बैन किया है।

सवाल 2: सेबी ने जेन स्ट्रीट पर क्या आरोप लगाए हैं?
जवाबः सेबी का कहना है कि जेन स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 जैसे इंडेक्स की कीमतों को एक्सपायरी डे पर जानबूझकर प्रभावित किया। कंपनी ने दो मुख्य तरीकों का इस्तेमाल कियाः

**इंट्रा-डे इंडेक्स मैनिपुलेशनः** सुबह जेन स्ट्रीट बड़ी मात्रा में बैंक निफ्टी के फ्यूचर्स और कैश मार्केट में शेयर खरीदती थी। उसी समय ये पुट ऑप्शंस बेच देती थी। पुट ऑप्शंस में इंडेक्स के गिरने पर मुनाफा मिलता है। दोपहर बाद ये उसी इंडेक्स के फ्यूचर्स को बड़े पैमाने पर बेच देती थी, जिससे इंडेक्स नीचे आ जाता था। इससे ऑप्शंस में फायदा होता था।

**एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोजः** एक्सपायरी के दिन ट्रेडिंग के आखिरी घंटों में जेन स्ट्रीट बड़ी मात्रा में खरीद-बिक्री करके इंडेक्स की क्लोजिंग को अपने फायदे के लिए प्रभावित करती थी। ये सब इतनी तेजी से होता था कि आम निवेशकों को भनक भी नहीं लगती थी।

सवाल 3: ये हेराफेरी कैसे काम करती थी?
जवाबः सेबी ने बताया कि 17 जनवरी 2024 की सुबह जेन स्ट्रीट ने पैच I (09:15:00 से 11:46:59 बजे) की बीच बैंक निफ्टी फ्यूचर्स और कैश सेगमेंट में 4,370 करोड़ रुपए की खरीदारी की। इससे बैंक निफ्टी इंडेक्स में तेजी आई और पुट ऑपशन्स की कीमत घट गई। अब जेन स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी ऑप्शंस में 32,114.96 करोड़ रुपए की बेयरिश पोजिशन बनाई। उन्होंने सस्ते पुट ऑप्शंस खरीदे और महंगे कॉल ऑप्शंस बेचे। दोपहर के बाद पैच।I के बीच कंपनी ने पैच I में खरीदे गए बैंक निफ्टी के शेयरों और फ्यूचर्स में अपनी लगभग सारी नेट पोजिशन को बेच दिया। बिक्री इतनी आक्रामक थी कि इससे बैंक निफ्टी के शेयरों और इंडेक्स में गिरावट आई।

# भारत-अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील की तैयारी


नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले एक मिनी ट्रेड डील की घोषणा की जा सकती है। यह डील दोनों देशों के बीच प्रस्तावित 43 लाख करोड़ रुपए के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डील को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है, हालांकि सभी शर्तों का खुलासा अभी संभव नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अमेरिका को अपने कृषि क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका लंबे समय से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए बाजार की मांग कर रहा था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया। भारत का तर्क है कि देश की 60 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए इस क्षेत्र को विदेशी हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना जरूरी है। अमेरिका ने भी फिलहाल इस मुद्दे पर दबाव न डालने का फैसला किया है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस उत्पादों की खरीद शुरू कर दी है ताकि व्यापार संतुलन बना रहे। साथ ही भारत सरकार ने अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की पर आयात शुल्क कम करने की भी घोषणा की है। जानकारों का मानना है कि इस मिनी डील के बाद आने वाले तीन वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापार में वास्तविक बदलाव दिखने लगेंगे।

# एचडीएफसी के सीईओ शशिधर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहींः एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज

**मुंबईः** एचडीएफसी बैंक के सीईओ और एमडी शशिधर जगदीशन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने लीलावती ट्रस्ट से जुड़े मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। अब मामले की सुनवाई 14 जुलाई को निचली अदालत में होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आर महादेवन की बेंच ने कहा कि जब बॉम्बे हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है, तो सुप्रीम कोर्ट का दखल देना सही नहीं है। इससे पहले लीलावती किर्तीलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट ने जगदीशन के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए 30 मई को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज कराई थी।

### ट्रस्ट के मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लेने का आरोप

ट्रस्ट ने आरोप लगाया था कि जगदीशन ने उनके एक पूर्व मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लिए, जिसका मकसद ट्रस्ट के एक मौजूदा मेंबर के पिता को परेशान करना था। हालांकि, एचडीएफसी ने इन आरोपों को "बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण" बताया था।



### तीन पॉइंट में पूरा मामला समझें...

- लीलावती ट्रस्ट ने जगदीशन और सात अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई के बांद्रा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। ये एफआईआर 30 मई 2025 को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई है। ट्रस्ट का कहना है कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं, जिनमें एक डायरी शामिल है।
- इस डायरी में कथित तौर पर 14.42 करोड़ रुपए की हेराफेरी का जिक्र है, जिसमें से 2.05 करोड़ रुपए जगदीशन को दिए गए। ट्रस्ट के मौजूदा ट्रस्टी प्रशांत मेहता ने आरोप लगाया है कि ये रकम उनके पिता को परेशान करने के लिए पूर्व ट्रस्टी, चेतन मेहता ने दी थी।
- ट्रस्ट ने RBI, सेबी और वित्त मंत्रालय से उनकी तत्काल बर्खास्तगी और कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। ट्रस्ट का कहना है कि जगदीशन ने अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल किया और सबूतों को दबाने की कोशिश की।

### एचडीएफसी बैंक बोला- ये बैंक को बदनाम करने की साजिश

एचडीएफसी बैंक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा- ये सब लीलावती ट्रस्ट और मेहता परिवार की तरफ से बैंक को बदनाम करने की साजिश है। बैंक का दावा है कि मेहता परिवार ने 1995 में लिए गए एक लोन को चुकाने में डिफॉल्ट किया था। ब्याज समेत ये रकम 31 मई 2025 तक 65.22 करोड़ रुपए हो चुकी है। इस लोन को स्प्लेंडर जेम्स नाम की कंपनी के लिए लिया गया था, जो मेहता परिवार की ही है। बैंक के मुताबिक, 2004 में डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल ने इस लोन की वसूली के लिए सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन मेहता परिवार ने इसे चुकाने की बजाय बैंक और इसके सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कानूनी शिकायतें कीं।

## दैनिक पंचांग

**5 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शनिवार** 2025 वर्ष का 186 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 18.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 19.52 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 20.36 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 05.47 बजे तदनन्तर गर 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872396
**जूलियन दिन** 2460861.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 09
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | मिथुन में | **कर्क** | 06.13 बजे से |
| **चंद्र** | तुला में | **सिंह** | 08.29 बजे से |
| **मंगल** | सिंह में | **कन्या** | 10.41 बजे से |
| **बुध** | कर्क में | **तुला** | 12.52 बजे से |
| **गुरु** | मिथुन में | **वृश्चिक** | 15.06 ब.से |
| **शुक्र** | वृष में | **धनु** | 17.22 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **मकर** | 19.28 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **कुंभ** | 21.14 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **मीन** | 22.47 बजे से |
| | | **मेष** | 00.17 बजे से |
| | | **वृष** | 01.57 बजे से |
| | | **मिथुन** | 03.56 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **काल** | 05.55 से 07.23 बजे तक | **लाभ** | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| **शुभ** | 07.23 से 08.51 बजे तक | **उद्वेग** | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| **रोग** | 08.51 से 10.19 बजे तक | **शुभ** | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| **उद्वेग** | 10.19 से 11.46 बजे तक | **अमृत** | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| **चर** | 11.46 से 01.14 बजे तक | **चर** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **लाभ** | 01.14 से 02.42 बजे तक | **रोग** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **अमृत** | 02.42 से 04.10 बजे तक | **काल** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **काल** | 04.10 से 05.37 बजे तक | **लाभ** | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | 13 | | | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**
1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

**शब्द पहेली -7335 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क्र | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | रा | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | च | ना | ■ | ■ | ■ | ज | वा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | रा | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | फै | ल | ना |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1798 नेपोलियन बोनापार्ट ने सिकंदरिया पर कब्जा किया.
1881 सिलीगुड़ी और दार्जीलिंग के बीच खिलौना गाड़ी का चलना शुरु हुआ.
1887 ब्रिटेन और रूस ने अफगानिस्तान के बारे में समझौता किया.
1902 स्वामी विवेकानंद का निधन.
1946 अमरीका के 47 वर्ष के शासन के बाद फिलीपींस गणराज्य की स्थापना हुई.
1957 सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति वी. मलातोव, डी. जेशेपिलोव और जी.एम मालेनकोव को हटा दिया गया.
1972 उत्तर और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ हथियार का प्रयोग नहीं करने पर सहमत हुए.
1986 सुनील गावस्कर ने 115 वाँ टेस्ट खेल एक रिकार्ड बनाया.
1995 कंजरवेटिव पार्टी के चुनाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान मेजर विजयी हुए.
1996 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन दोबारा चुनाव में विजयी हुए.

## अंकजाल - 6877

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 13 | 24 | 18 | 20 | ■ | 25 | 32 | ■ |
| 31 | 5 | | 5 | | 9 | ■ | 2 | | 9 |
| 25 | | 5 | | 8 | | ■ | | 3 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | ■ | | 5 | | 8 | 22 |
| 22 | 9 | | 3 | | ■ | | 6 | | 18 |
| 25 | | 6 | | 5 | | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | | ■ | | 7 | | 8 | | 32 |
| 14 | | 6 | ■ | 4 | | 8 | | 1 | 26 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 21 | 15 | 40 | 15 | 6 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 6876 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 21 | 13 | 45 | 33 | ■ | ■ | 21 | 23 | ■ |
| 21 | 9 | 3 | 7 | 2 | ■ | 5 | 5 | 4 | 14 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 20 |
| ■ | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 35 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 36 |
| 33 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | ■ | ■ | ■ |
| 38 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ |
| 14 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 8 | 29 |
| 13 | 1 | 6 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 25 |
| ■ | 20 | 15 | ■ | ■ | 27 | 44 | 18 | 21 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5821

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | | 1 | 6 | |
| | 27 | | 24 | | 33 | |
| | 5 | 3 | | 7 | 1 | |
| 1 | 30 | 6 | 37 | 3 | 34 | 5 |
| 7 | 1 | | | | 2 | 4 |
| | 38 | | 40 | | 26 | |
| | 7 | 4 | | 5 | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5820 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 1 | 30 | 6 | 34 | 2 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 30 | 1 | 33 | 3 | 34 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 35 | 4 | 35 | 4 | 28 | 2 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5181

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 31 | | 20 | | 14 | | 32 | = | 57 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 20 | | 30 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 5 | | 5 | | 15 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 18 | | 43 | | 13 | | 18 | = | 15 / 30 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**
खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5180**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | + | 5 | - | 32 | + | 45 | = | 86 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 38 | - | 22 | + | 31 | + | 30 | = | 77 |
| x | ■ | - | ■ | x | ■ | + | ■ | + |
| 2 | x | 10 | - | 5 | + | 10 | = | 25 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 40 | ÷ | 2 | + | 10 | - | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | - | 19 | + | 15 | - | 5 | = | 24 / 11 |

## शब्दजाल - 6868

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ख | रे | बा | ज | द | रि | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | चा | इ | ता | प |
| कि | स्से | बा | ज | बा | छ | ची | ल | रा | क | त्ते |
| री | ज | र | दो | पु | धो | खे | बा | ज | त | बा |
| क | खु | दो | भा | लू | लं | का | ज | ग | व | ज |
| अ | द | फि | प | य | ख | पू | ना | हि | र | को |
| खा | ले | म | क | या | झां | र | जां | बा | ज | ल |
| ड़े | र्ज | ल्जा | ई | रे | से | क | गो | लो | श | ण |
| बा | बा | म | न | ब्र | बा | य | री | श | प | क |
| ज | दु | आ | प | व | ज | ज | ऐ | बें | हा | त |
| क | ब | ल्ले | बा | ज | ल | गा | य | द | प | थ |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'बाज' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

बल्लेबाज, झांसेबाज, चालबाज, जांबाज, किस्सेबाज, अखाड़ेबाज, फिकरेबाज, नखरेबाज, पत्तेबाज, धोखेबाज

**शब्दजाल - 6867 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अं | धे | रा | उ | जा | ला | झ | क | चि |
| खा | ली | भ | रा | रिं | लै | ता | भ | शा | को | चि |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | हा | र | जी | त |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | नि | दा | र | प |
| व | पा | र | स्व | र्ग | न | र्क | चि | स | र | ट |
| ह | स | प | ए | दा | ह | ला | पू | झ | न | ती |
| ट | दू | बु | अ | डी | म | ट | ह | रा | ह | क |
| बा | र | वा | ला | क | चो | सौ | न | ट | आ | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | टी | ने | दा | र | धा |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | म | र्द | औ | र | त | ख | ला | ह | ट |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने स्वामी विवेकानंद को याद किया



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर शुक्रवार को लिखा है कि जन-जन के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व, आदर्श और विचार हमें सदैव सेवा और समर्पण की राह दिखाते रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्र चेतना को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

### कृषि मंत्री ने की पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से रांची के अस्पताल में मुलाकात



**रांची:** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के इलाज संबंधी जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने परिवार के बीच स्वस्थ होकर लौटें, यही कामना है।

### झारखंड में जुलाई माह में होगी अच्छी बारिश

**रांची:** झारखंड में जुलाई माह में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने नौ जुलाई तक राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कई जगहों पर 30-40 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह की शुरुआत अच्छी बारिश से हुई है। राज्य के तीन-चार जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड में तीन जुलाई तक सामान्य से 80 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इधर, पांच जुलाई को राज्य के उत्तरी जिले देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के कुछ इलाकों में भारी बारिश की आशंका है। साथ ही इन इलाकों में 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से हल्के दर्जे की बारिश दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 69.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। इस दौरान रांची में सात मिमी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6, 32.6, 33.3, 33.1 और चाईबासा में तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### पलामू जिले में मजदूरों से भरा वाहन हादसे का शिकार, तीन की मौत, 29 लोग घायल

**पलामू:** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 29 मजदूर घायल हैं. गंभीर रूप से घायल 29 मजदूरों को इलाज के लिए रेफर किया गया है. सभी मजदूर धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम जा रहे थे. मृतकों में से एक राजू भुइयां गढ़वा के चीना के सिगसिगा कला के रहने वाले थे. राजू को एमएमसीएच में मृत घोषित कर दिया गया है. दूसरे मृतक का नाम गुड्डू राम है वो रंका थाना के कंचनपुर का रहने वाला था, जबकि तीसरे मृतक का नाम पूरण भुइयां है, वो रंका थाना के सिगसिगा गांव का रहने वाला था. सभी घायल गढ़वा के चीना के सिगसिगा और रंका के उदयपुरा के रहने वाले हैं. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गढ़वा के रंका और रमकंडा से मजदूरों का जत्था धान की रोपनी के लिए पिकअप पर सवार होकर शुक्रवार को बिहार जा रहा था. इसी क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में पिकअप डिवाइडर से टकरा गई. डिवाइडर से टकराने के बाद पिकअप भीषण हादसे का शिकार हो गई.

### गुमला में सरकारी नौकरी के लिए शख्स ने की भाई की हत्या, मां-बेटे समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

गुमला: बिशुनपुर थाना क्षेत्र के गुंटाटोली गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है. यहां एक शख्स ने अपने सौतेले भाई विवेक उरांव (22 वर्ष) की सरकारी नौकरी के लिए गला दबाकर हत्या कर दी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बिशुनपुर थाना में कांड संख्या 25/25, 03.07.2025 को भादवि की धारा 103(1)/3(5) BNS-2023 के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस के अनुसार हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. मुख्य आरोपी रतिक उरांव (21 वर्ष) ने खुलासा किया कि उसके पिता की सरकारी नौकरी पाने की चाहत में उसकी सौतेली मां बसंती उरांव, सौतेले पिता अशोक खेरवार और दोस्त रोकी बरवा ने साजिश रची. इस साजिश के तहत विवेक की हत्या की गई.

# लातेहार में सुधरेगा आदिम जनजातियों का जीवन स्तर

## पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आरंभ किया गया सर्वे



**लातेहार:** जिले के विभिन्न गांवों में रहने वाले आदिम जनजातियों के जीवन स्तर में जल्द ही सुधार होने वाला है. आदिम जनजातियों की वर्तमान स्थिति और उनकी जनसंख्या को लेकर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लातेहार जिले में सर्वे का काम शुरू किया गया है. इस प्रकार का सर्वे करने वाला लातेहार झारखंड का एकमात्र जिला है. सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आदिम जनजातियों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में काम किया जाएगा।

दरअसल, लातेहार जिले के लगभग सभी प्रखंडों में आदिम जनजातियां निवास करती हैं. सरकार द्वारा इन्हें संकटग्रस्त घोषित किए जाने के बाद इनके संरक्षण के लिए प्रयास भी किए जा रहे हैं. हालांकि अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में इनके निवास के कारण कई बार प्रशासनिक महकमा इन तक नहीं पहुंच पाता है. वहीं दूसरी ओर इनकी कुल जनसंख्या कितनी है और इन्हें क्या लाभ मिल रहा है, इसकी भी ठोस जानकारी नहीं है।

इस कमी को पूरा करने के लिए लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर पूरे जिले में निवास करने वाले आदिम जनजातियों की जनसंख्या और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति का सर्वे का काम शुरू किया गया है. सर्वे का काम लातेहार के एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के निदेशक प्रवीण कुमार गगराई के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

**जीवन स्तर में सुधार लाने का होगा प्रयास:** इस संबंध में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि लातेहार जिले में निवास करने वाले सभी आदिम जनजाति परिवारों का सर्वे किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इसके लिए सरकारी कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है और सर्वे का काम भी शुरू हो गया है. उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट आने के बाद आदिम जनजातियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत काम किया जाएगा।

**ऐप के माध्यम से किया जा रहा है सर्वे:** उन्होंने कहा कि इसके लिए एक ऐप विकसित किया गया है. उसके माध्यम से सर्वे का काम शुरू हो गया है. उन्होंने बताया कि इस तरह का सर्वे करने वाला लातेहार जिला झारखंड का पहला जिला है. उन्होंने कहा कि लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर लातेहार जिले में यह महत्वाकांक्षी कार्य शुरू किया गया है. सर्वे का काम पूरा होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियोजित कार्य से निश्चित रूप से आदिम जनजातियों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

**लातेहार जिले में 214 गांवों में पहली बार हो रहा है सर्वे**

जिला प्रशासन के पास वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जिले के कुल 214 गांवों और बस्तियों में कम संख्या में आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। क्योंकि इनका सर्वे का काम कई वर्ष पूर्व किया गया था। इस कारण वर्तमान में इनकी कुल जनसंख्या के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। ऐसे में यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि कोई आदिम जनजाति परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित तो नहीं है? इस कमी को पूरा करने के लिए लातेहार जिले में आदिम जनजाति परिवारों का सर्वे शुरू किया गया है। आदिम जनजातियों की स्थिति जानने के लिए इस तरह का सर्वे करने वाला लातेहार झारखंड का पहला जिला बन गया है।

## कृषि मंत्री ने नेपाल हाउस का किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को किया जाएगा शो कॉज



**संवाददाता रांची:** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण की सूचना से नेपाल हाउस कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी, पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए, वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे। बायोमैट्रिक सिस्टम में आज की अनुपस्थिति से संबंधित डेटा को संग्रह किया गया है। इस डेटा में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। इस सूची के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और अधिकारियों को शो कॉज जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। समय का पाबंद और अनुशासित होना बेहतर कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है। कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

## रांची के संत जेवियर्स कॉलेज को पूर्वी भारत में मिला दूसरा स्थान

### झारखंड के लिए गौरव का क्षण



**रांची:** राजधानी रांची का संत जेवियर्स कॉलेज एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में है. नेशनल रैंकिंग की ताजा रिपोर्ट में कॉलेज ने देश भर के शिक्षण संस्थानों में पूर्वी भारत में आट्र्स और कॉमर्स में दूसरा स्थान प्राप्त किया है. वहीं इंडिया रैंकिंग में भी इस कॉलेज का बेहतर पोजीशन है. यह उपलब्धि न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड और पूर्वी भारत के लिए गौरव की बात है।

कॉलेज को यह स्थान उसकी समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता, फैकल्टी की दक्षता, छात्र प्रदर्शन, बुनियादी ढांचे और सामाजिक जिम्मेदारियों में अग्रणी भूमिका के आधार पर मिला है. खास बात यह है कि आट्र्स और कॉमर्स संकाय दोनों में ही इस कॉलेज ने पूर्वी जोन में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो कॉलेज की मजबूत अकादमिक नींव को दर्शाता है।

**दूसरा स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है- प्राचार्य प्रदीप कुजूर:** कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुजूर ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'एक समय था जब संत जेवियर्स कॉलेज इस क्षेत्र में इकलौता उच्च शिक्षा संस्थान हुआ करता था. आज भले ही राज्य में अनेक विश्वविद्यालय और संस्थान खुल चुके हो, जिनमें केंद्रीय विश्वविद्यालय भी शामिल है, लेकिन इन सभी के बीच संत जेवियर्स कॉलेज का पूर्वी भारत इंडिया रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त करना वास्तव में गर्व की बात है'.

कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के प्रशिक्षित शिक्षकों, मेहनती विद्यार्थियों, समर्पित कर्मचारियों और कुशल प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है. उन्होंने कहा कि 'हमने हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता दी है. हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है'.

कॉलेज में पिछले कुछ वर्षों में शैक्षणिक अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और समाज सेवा पर विशेष बल दिया गया है. यहां के विद्यार्थी ना केवल विश्वविद्यालय परीक्षाओं में टॉप करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं. कॉलेज प्रशासन ने कहा कि आने वाले वर्षों में वे शोध, डिजिटल लर्निंग और इंटरनेशनल कोलैबरेशन को और बढ़ावा देंगे.

राज्य के शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों ने भी संत जेवियर्स कॉलेज की इस उपलब्धि की सराहना की है. विशेषज्ञों का कहना है कि इस कॉलेज ने लगातार अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि झारखंड में भी गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा संभव है. गौरतलब है कि संत जेवियर्स कॉलेज रांची न केवल एक शैक्षणिक संस्थान है, बल्कि यह वर्षों से समाज के कमजोर वर्गों के लिए सशक्तिकरण का केंद्र रहा है. कॉलेज की यह नई उपलब्धि छात्रों, अभिभावकों और पूरे राज्य के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## हजारीबाग में 35 जंगली हाथियों का आतंक, 55 घर को तोड़ा, 25 लख से अधिक का नुकसान

**हजारीबाग:** जिले के बड़कागांव इलाके में हाथियों का उत्पात जारी है. पिछले एक सप्ताह में हाथियों ने लगभग 55 घरों को ध्वस्त कर दिया है. साथ ही खेतों में लगी फसलों को भी हाथियों ने रौंदकर बर्बाद कर दिया है. वन विभाग की मानें तो झुंड में करीब 35 से अधिक जंगली हाथी शामिल हैं, जो बड़कागांव के क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं. ऐसे में ग्रामीणों में दहशत है. वन विभाग हाथियों को जंगल की ओर भेजने के लिए काम कर रहा है. बड़कागांव प्रखंड में हाथियों का उत्पात पिछले 7 दिनों से जारी है. इस दौरान हाथियों ने लगभग 55 लोगों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है. वहीं खेत में लगी फसलों को बर्बाद कर दिया है. प्रखंड के 85 किसानों को नुकसान हुआ है. हाथियों ने खासकर बड़कागांव के गंगा दोहरा और हरली में ज्यादा नुकसान पहुंचाया है. हरली गांव के 35 किसान के खेत में लगी फसल को हाथियों ने रौंद दिया. किसानों के अनुसार लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. ग्रामीणों का कहना है कि चार-पांच दिन पहले झुंड में शामिल हथनी ने दो बच्चे को जन्म दिया है. थोड़ी दूरी तय करने के बाद हाथी के बच्चे थक तक जा रहे हैं. इस कारण हाथी का झुंड आगे नहीं बढ़ पा रहा है. वहीं किसान अपने खेतों में लगी फसलों को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं. पश्चिमी वन प्रमंडल के एसीएफ एके परमार ने लोगों से हाथियों को नहीं छेड़ने की अपील की है।

### 'प्रबंधन और नियंत्रण हैं दो सास-बहू'

## श्री श्री विश्वविद्यालय एफएमएस छात्रों का ओरिएंटेशन




**राँची:** "प्रबंधन (मैनेजमेंट) और नियंत्रण (एडमिनिस्ट्रेशन) दो ऐसी सास-बहू हैं, जो जीवनभर साथ तो रहेंगी, लेकिन हमेशा एक-दूसरे पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगी।" इस तरह की शैली में ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलसचिव प्रोफेसर अनिल कुमार शर्मा ने 2025-27 बैच के नए एमबीए बिद्यार्थीओं को समझाया। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के 'फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज' द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने अपनी भूमिका को एक कन्यापिता की तरह बताया और छात्रों को दूल्हा कहा। उन्होंने कहा कि जब वे यहाँ से जाएंगे, तो डिग्री रूपी 'कन्या' को साथ ले जाएंगे और भविष्य में उसकी देखभाल करेंगे।

इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और अतिथि मिलाकर लगभग सैकड़ों लोग उपस्थित थे। विभागीय डीन प्रो. बिप्लब कुमार विश्वाल ने छात्रों के ओरिएंटेशन का सही तरीका बताते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्मिक निर्देशक स्वामी सत्यचैतन्य ने अपने उपदेश में कहा कि प्रत्येक छात्र को स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए: "मैं क्या कर सकता हूँ?", और उसका उत्तर खोजने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिन्दल स्टील एंड पावर के सीएसआर एवं शिक्षा अध्यक्ष, समूह प्रमुख तथा ओडिशा कॉरपोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख डॉ. प्रसन्न कुमार होता ने 'तीन पी' (प्रफिट, प्लानेट और पिपुल) के आपसी संबंध को बहुत सुंदर ढंग से समझाया। एक अन्य विशिष्ट अतिथि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड के मानव संसाधन प्रमुख डॉ. देबब्रत दाश ने बताया कि अपने करियर में उन्होंने डेढ़ लाख से अधिक उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया है और कहा, "करियर निर्माण के लिए पढ़ाई करो, नौकरी के लिए नहीं।" माँ होम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (महाशक्ति सीमेंट) के संयुक्त अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री श्री विश्वविद्यालय में अध्ययन करना उनके लिए एक नवजीवन समान है। 'लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड' के वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधक युगल प्रसाद शतपथी ने नवागंतुक छात्रों को यह मार्गदर्शन दिया कि वे अपने करियर का निर्माण कैसे करें।

अन्य उपस्थिति में कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुनील कुमार धल, सहायक प्राध्यापिका डॉ. शरणिका धल, छात्रकल्याण विभाग के डीन प्रो. जयप्रकाश भट्ट, परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्रीनाथ बी, विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी रवि ओमकारी, सह-प्राध्यापक डॉ. मृत्युंजय दास, सहायक प्राध्यापिका डॉ. जैस्मिन भुयाँ (छात्रवृत्ति एवं क्लब गतिविधियाँ), तथा डॉ. ऋचा बघेल (एथिक्स एवं रेगुलेशंस) ने छात्रों का स्वागत किया।

## स्वास्थ्य मंत्री को मिली जान से मारने की धमकी



**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को गुरूवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने मंत्री को 24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी और अपशब्द भी कहे। यह धमकी फोन नंबर 7903928578 से दी गई, जब मंत्री दिल्ली में थे। अंसारी ने इस घटना की जानकारी रांची एसएसपी को दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मंत्री ने इसे गंभीर साजिश बताते हुए कहा कि वह डरने वाले नहीं हैं और जनता की सेवा करते रहेंगे। पुलिस ने कॉल नंबर को ट्रेस कर कॉलर की पहचान के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

# श्रावणी मेला में लगाए जाएंगे 40 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर

## बाइक और ई रिक्शा एंबुलेंस की भी होगी सुविधा



**देवघर:** झारखंड के देवघर में 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है. शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्वास्थ्य विभाग अपना कैंप लगवा रहा है, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके. देवघर के सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने बताया कि श्रावणी मेला को देखते हुए राज्य सरकार की तरफ से भी लगातार अधिकारियों के दौरे हो रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल ही में कई दौरा किया और स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारियों से बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। सिविल सर्जन डॉ युगल चौधरी ने बताया कि देवघर के सभी सीएचसी और पीएचसी में कार्यरत डॉक्टरों को यह निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने अस्पताल में वेंटिलेटर और स्पेशल बेड की तैनाती अवश्य रखें. उन्होंने बताया कि पिछली वर्ष की तुलना में इस बार ज्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे. सीएस ने कहा कि बोल बम के रास्ते में 32 स्वास्थ्य शिविररहेंगे. इसके अलावा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा. इस बार श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए कुल 40 से 41 स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं. डॉक्टर्स की प्रतिनियुक्ति को लेकर सिविल सर्जन युगल किशोर चौधरी ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 190 चिकित्सकों की मांग की गई थी. जिसमें अभी तक राज्य सरकार ने 160 डॉक्टरों को देवघर भेज दिया है. इसके अलावा मेला के दौरान 319 स्वास्थ्य कर्मियों विभिन्न जगहों पर तैनात किए जाएंगे. सभी स्वास्थ्य शिविर कैंप के अलावा स्थानीय अस्पतालों में भी अतिरिक्त पैरामेडिकल स्टाफ और नर्सों की तैनाती रहेगी. एंबुलेंस की बात करें तो मेले के दौरान राज्य सरकार से जिला प्रशासन ने 41 एंबुलेंस की मांग की है. जिसमें अब तक 32 एम्बुलेंस पहुंच चुके हैं. बड़े एंबुलेंस के साथ-साथ बाइक और टोटो एंबुलेंस के भी इंतजाम किए गए हैं. जो पतले रास्तों से भी होते हुए मरीजों को अस्पताल तक पहुंचा सके. मेले के दौरान तीन फूड सेफ्टी ऑफिसर, दो ड्रग इंस्पेक्टर, दो सेनेटरी इंस्पेक्टर की भी मांग जिला प्रशासन की तरफ से राज्य सरकार से की गई है. लेकिन अभी तक इन सभी पदाधिकारी को राज्य सरकार की तरफ से जिले में नहीं भेजा गया है।

## धनबाद में भारी बारिश के बाद भूधंसान

### बाल बाल बचे स्थानीय लोग



**धनबाद:** बीसीसीएल अग्नि प्रभावित, डेंजर जोन और परियोजना के नजदीक रहने वाले लोगों की तकलीफ खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. हैवी ब्लास्टिंग के कारण उनके घरों में दरार आ रही है, जमीन धंस रही है. लगातार भू धंसान के कारण लोग दहशत में हैं. रामकनाली ओपी क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया 4 के केशलपुर में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा हैवी ब्लास्टिंग के कारण मुंडा बस्ती में भू-धंसान की घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग तेज कर दी है. गिरिडीह से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान सांसद ने स्थिति को देखते हुए बीसीसीएल के अधिकारी को मौके पर फटकार लगाई. सांसद ने निर्देश देते हुए कहा कि जब तक पुनर्वास का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक काम बंद रहेगा. वहीं सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका आरोप है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं. सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मुंडा बस्ती और पास की कुमार पट्टी के लोगों की जान खतरे में है और यदि तत्काल प्रभाव से पुनर्वास के लिए काम नहीं किया गया तो प्रशासन और बीसीसीएल दोनों जिम्मेदार होंगे.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।